CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :42°C
न्यूनतम: 26°C


मुरादाबाद, रविवार 26 अप्रैल 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 250 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2083 7 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



देश के शेयर बाजार का सफर लम्बा, उपलब्धियां विश्वस्तरीय: निर्मला सीतारमण पेज 2



ऑरेंज कैप टेबल में शीर्ष पर पहुंचे कोहली खेल टाइम्स



प्रेसिडेंट ट्रम्प का गोल्डकार्ड वीजा हुआ फ्लॉप पेज 11



ऐसा लग रहा है जैसे एक साथ कई सपने जी रही हूं: श्वेता बॉलीवुड

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर में फिर बवाल, पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

**इंफाल।** मणिपुर में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। शनिवार को प्रदेश की राजधानी इंफाल में स्थायी शांति की मांग को लेकर मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच कर रहे हजारों प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ झड़प हुई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा बलों को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। यह विरोध प्रदर्शन मैतेई संगठन कोआर्डिनेटिंग कमेटी ऑन मणिपुर इंटीग्रिटी के बैनर तले आयोजित किया गया था।

### बंगाल व तमिलनाडु में नहीं की गई रिपोल की सिफारिश

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु विधानसभाओं के चुनाव के लिए 23 अप्रैल को हुए मतदान के संबंध में किसी भी स्थान पर पुनर्मतदान की सिफारिश नहीं की गई है। यह जानकारी शनिवार को यहां चुनाव आयोग के अधिकारियों ने दी। पश्चिम बंगाल में 294 सदस्य विधानसभा के पहले चरण के चुनाव में 152 सीटों के लिए 44376 मतदान केन्द्रों पर इस सप्ताह गुरुवार को वोट डाले गए थे।

### बंगाल के छह पुलिस अफसरों को निलंबित करने के निर्देश

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी की रिपोर्ट पर राज्य पुलिस के छह अधिकारियों को निलंबित कर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक करवाई करने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने इन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई रिपोर्ट भी तालाब की है। आयोग के सचिव ने इस संबंध में बंगाल के मुख्य सचिव को दो पत्र भेजे हैं। 23 अप्रैल को लिखे गए एक पत्र में हिगलगंज थाने के थाना प्रभारी संदीप सरकार को निलंबित कर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

# पंजाब ने आईपीएल का सबसे बड़ा टारगेट चेज किया

## सात गेंद शेष रहते 265 का लक्ष्य प्राप्त कर छह विकेट से दी दिल्ली को करारी शिकस्त, काम न आई राहुल की 152 रनों की पारी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- आईपीएल इतिहास में राहुल एक पारी में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय बने

पंजाब के कप्तान अय्यर 71 व प्रभसिमरन ने खेली 76 रनों की पारी

केएल राहुल बने प्लेयर ऑफ द मैच

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2026 में लगातार सातवीं जीत दर्ज की। टीम ने रविवार को दिल्ली कैपिटल्स को 6 विकेट से हराया। दिल्ली ने अरुण जेटली स्टेडियम में टास जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 2 विकेट पर 264 रन बनाए।

जवाब में पंजाब ने 265 रन का लक्ष्य 18.5 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। यह आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा सफल रन चेज है। पंजाब 7 मैचों में 7 जीत के साथ पाइंट्स टेबल में टॉप पर है। वहीं, दिल्ली की 7 मैचों में यह चौथी हार थी। दिल्ली के केएल राहुल ने नाबाद शतक लगाया। उन्होंने 152 रन बनाए। यह आईपीएल में किसी भारतीय का सबसे बड़ा स्कोर है। पिछला रिकॉर्ड अभिषेक शर्मा के नाम था। उन्होंने पिछले सीजन पंजाब के खिलाफ 141 रन की पारी खेली थी। दिल्ली की ओर से नीतीश राणा ने 91 रन बनाए। राहुल और राणा के बीच दूसरे विकेट के लिए 220 रन की साझेदारी हुई। 265 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी पंजाब के लिए कप्तान श्रेयस अय्यर और ओपनर प्रभसिमरन सिंह ने अर्धशतक लगाए। प्रभसिमरन सिंह ने 26 बाल पर 76 रन। जबकि श्रेयस ने 36 बाल पर नाबाद 71 रन बनाए। इन दोनों के अलावा प्रियांश आर्या ने 43 रन की पारी खेली। प्रभसिमरन और प्रियांश के बीच पहले विकेट के लिए 126 रन की साझेदारी हुई। दिल्ली के लिए कुलदीप यादव ने 2 विकेट लिए। अक्षर पटेल और विप्रज निगम को 1-1 विकेट मिला। पंजाब की पारी के तीसरे ओवर के दौरान दिल्ली के पेसर लुंगी एनगिडी को चोट लग गई। मेडिकल टीम ने तुरंत पहुंचकर उनका इलाज शुरू किया। एनगिडी को एंबुलेंस से हॉस्पिटल लेकर गए। चोट के चलते खेल रोका गया था, जो करीब 15 मिनट बाद शुरू हुआ। आईपीएल मैनेजमेंट ने ट्वीट कर जानकारी दी कि एनगिडी की हालत खतरे से बाहर है।

### एच-1बी वीजा में कटौती की तैयारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति ट्रम्प के नेतृत्व में बीते एक वर्षों में विदेशियों के प्रवास का मुद्दा गर्माया हुआ है। आलम यह है कि ट्रम्प प्रशासन न सिर्फ अवैध प्रवासियों, बल्कि अब वैध तौर पर अमेरिका में काम के लिए जाने वाले लोगों को भी निशाना बनाने में जुटा है। इसी कड़ी में ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के कुछ सांसद अमेरिकी संसद में एक विधेयक लेकर आए हैं, जिसमें उच्च-कौशल वाले दूसरे देशों के नागरिकों को अमेरिका में रहने की सुविधा देने वाले एच-1बी वीजा पर रोक लगाना प्रस्तावित है। माना जा रहा है कि रिपब्लिकन पार्टी का यह कदम मुख्यतः भारत और चीन के नागरिकों को अमेरिका में नौकरी करने से रोकने के मकसद से लाया गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर यह कदम अगर सफल हुआ तो इसका नुकसान दूरगामी हो सकता है।

# ICU सेवाओं पर सुप्रीम सख्ती

## कहा: राज्य तीन हफ्तों में बनाएं एक्शन प्लान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में गहन चिकित्सा इकाइयों (आईसीयू) की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को बड़ा आदेश दिया है। अदालत ने कहा है कि आईसीयू के लिए तय न्यूनतम मानकों को लागू करने के लिए सभी राज्य और केंद्रशासित प्रदेश व्यावहारिक और यथार्थवादी कार्ययोजना तैयार करें।

सुप्रीम कोर्ट की पीठ, जिसमें जज अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और न्यायमूर्ति आर. महादेवन शामिल थे, ने 20 अप्रैल के आदेश में कहा कि गहन देखभाल सेवाओं के संगठन और वितरण के लिए दिशानिर्देश तैयार कर ली गई हैं, जिन पर व्यापक सहमति है। अदालत ने कहा कि ये दिशानिर्देश व्यावहारिक, लागू करने योग्य और आईसीयू के लिए न्यूनतम आवश्यक मानक हैं। कोर्ट ने निर्देश दिया कि सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव या सचिव तत्काल विशेषज्ञों की बैठक बुलाएं और इन दिशानिर्देशों को लागू करने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करें।

### चूहे खा गए रिश्वत के पैसे, कोर्ट भी हैरान

भ्रष्टाचार के मामले में दोषी ठहराई गई महिला को दी जमानत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के सामने एक ऐसा मामला आया जिसने जजों को भी हैरान कर दिया। यह मामला भ्रष्टाचार से जुड़ा है, जहां मुख्य साक्ष्य यानी रिश्वत की रकम के बारे में दावा किया गया कि उसे चूहों ने कुतर डाला। खबर है कि अब शीर्ष अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में दोषी ठहराई गई एक महिला को जमानत दे दी है। यह पूरा मामला बिहार से जुड़ा है।

चाइल्ड डेवलपमेंट प्रोग्राम ऑफिसर के पद पर कार्यरत अरुणा कुमारी को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिश्वत लेने के आरोप में दोषी पाया गया था। उन पर 10 हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप लगा था। पटना हाईकोर्ट ने महिला को सजा सुनाई थी। हालांकि, जब मामला देश की सबसे बड़ी अदालत में पहुंचा, तो वहां साक्ष्यों के रखरखाव को लेकर राज्य पुलिस की एक बड़ी लापरवाही सामने आई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट में बताया गया कि जो नोट रिश्वत के तौर पर जब्त किए गए थे, उन्हें पुलिस के मालखाने में रखा गया था। लेकिन जब इन नोटों को अदालत में पेश करने की बारी आई, तो पता चला कि उन्हें चूहों ने पूरी तरह से कुतर दिया है। यानी, अपराध को साबित करने वाला सबसे अहम सबूत अब अस्तित्व में नहीं था।

# देशभर में लू का कहर जारी, दिल्ली में पारा 43 डिग्री

**नई दिल्ली।** देश के कई हिस्सों में लू का असर तेज होता जा रहा है। तीन चौथाई हिस्सा हीटवेव की चपेट में हैं। उत्तर-पश्चिम, उत्तर, मध्य और पश्चिम भारत के 5 राज्यों के 14 शहरों में पारा 44 डिग्री के पार जा चुका है।

इनमें वाराणसी, बांदा, रोहतक, झारसुगुड़ा, टिटलागढ़, अकोला, अमरावती, वर्धा, चंद्रपुर, यवतमाल, बाड़मेर, हमीरपुर, आगरा और राजनांदगांव शामिल हैं। इधर, दिल्ली में शनिवार दोपहर को पारा 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। जिसके चलते राममनोहर लोहिया हॉस्पिटल में हीटस्ट्रोक यूनिट बनाई गई है। इसमें कूलिंग टब, 200किग्रा बर्फ बनाने की मशीनें और पोर्टेबल आइस पैक भी रखे गए हैं। उत्तर प्रदेश के 60 जिलों में लू का रेड अलर्ट है। ओडिशा के झारसुगुड़ा में लगातार दूसरे दिन तापमान 44.8डिग्री रहा। मध्य प्रदेश के 11 जिलों में लू का अलर्ट है। हिमाचल प्रदेश के 3 जिलों में हीटवेव चल रही है। इससे पहले शुक्रवार को देश का सबसे गर्म शहर उत्तर प्रदेश का प्रयागराज रहा था।




# चाबहार की हिस्सेदारी ईरानी कंपनी को सौंपेगा भारत!

- अमेरिका प्रतिबंध हटने तक जारी रहेगी अस्थायी व्यवस्था
- भारत का चाबहार में 1100 करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली।** भारत ईरान के चाबहार पोर्ट में अपनी हिस्सेदारी ईरानी कंपनी को सौंप सकता है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, यह कदम अस्थायी तौर पर उठाया जा सकता है, ताकि अमेरिका के प्रतिबंधों से मिली छूट खत्म होने के बाद भी काम जारी रह सके।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का इस पोर्ट में 1100 करोड़ का निवेश है। भारत सरकार इस मुद्दे पर अमेरिका और ईरान दोनों से अलग-अलग बातचीत कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक यह बातचीत बेहद संवेदनशील है और इसमें शामिल अधिकारियों ने पहचान उजागर करने से इन्कार किया है। भारत को नवम्बर 2025 में छह महीने की छूट मिली थी, जिससे चाबहार पोर्ट पर बिना रुकावट काम होता रहा। यह छूट इस महीने खत्म हो रही है। रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि भारत चाबहार प्रोजेक्ट से पूरी तरह बाहर निकलने की योजना नहीं बना रहा है। भविष्य में यहां कनेक्टिविटी बढ़ाने की योजना है, जिसमें रेल लिंक भी शामिल है, जिससे अफगानिस्तान और आगे तक पहुंच मजबूत होगी।

### इस्लामाबाद में अमेरिका से कोई बैठक प्रस्तावित नहीं: ईरान

**तेहरान/इस्लामाबाद।** ईरान ने स्पष्ट किया है कि अमेरिका के साथ इस्लामाबाद में किसी भी प्रकार की बैठक प्रस्तावित नहीं है। पाकिस्तान पहुंचे ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिफ मुनीर से द्विपक्षीय वार्ताकर ओमान के लिए रवाना हो गए। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने कहा कि ईरान और अमेरिका के बीच कोई बैठक निर्धारित नहीं है। ईरान अपने विचार पाकिस्तान को अवगत कराएगा। यह दौरा क्षेत्र में शांति बहाली और जारी तनाव पर परामर्श के उद्देश्य से किया जा रहा है।



# पेट्रोल टैंकर में रिसाव से हड़कंप

## टायर फटने से शुरू हुआ रिसाव, अग्निशमन विभाग की तत्परता से बड़ा हादसा टला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना मार्ग पर ग्राम मिलक जहांगीराबाद मोड़ के पास पेट्रोल से भरे टैंकर के टायर फटने से तेल का रिसाव शुरू हो गया। जिससे आसपास क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। अग्निशमन विभाग की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया।



सूचना मिलते ही धामपुर अग्निशमन केंद्र की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। मौके पर देखा टैंकर से लगातार पेट्रोल का रिसाव हो रहा था, जिससे आग लगने का खतरा बना हुआ था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अग्निशमन कर्मियों ने तुरंत फायर इंजन के माध्यम से फोम की पम्पिंग शुरू कर आसपास के क्षेत्र को सुरक्षित किया।

टीम ने ट्रक को सड़क किनारे कर लगातार फोम का छिड़काव जारी रखा। एहतियात के तौर पर अग्निशमन केंद्र नगीना से अतिरिक्त फायर इंजन भी मौके पर बुलाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही मुख्य अग्निशमन अधिकारी डा. राजीव कुमार पांडेय तथा प्रभारी अग्निशमन अधिकारी शीशपाल सिंह भी मौके पर पहुंच गए और पूरे ऑपरेशन की कमान संभाली। उनके निर्देशन में अग्निशमन टीम ने लगातार फोम डालते हुए स्थिति को नियंत्रित रखा। इसी बीच पेट्रोल कंपनी के प्रबंधक को सूचित किया गया, जिसके बाद दूसरे टैंकर को बुलाकर रिसाव हो रहे पेट्रोल को सुरक्षित रूप से स्थानांतरित किया गया। रिफिलिंग का कार्य पूरा होने तक अग्निशमन कर्मी मुस्तैदी से मौके पर डटे रहे।

इस दौरान स्थानीय पुलिस भी मौजूद रही और यातायात को नियंत्रित किया गया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

अग्निशमन विभाग की तत्परता और सूझबूझ के चलते एक बड़ा हादसा टल गया, जिससे क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली।

## डीएम ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर द्वारा आज होमगार्ड परीक्षा को सुव्यवस्थित एवं नकलविहीन रूप से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत मुख्यालय स्थित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बिजनौर तथा आरजीपी इंटर कॉलेज बिजनौर स्थित परीक्षा केंद्र के निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रूप से संचालित पाई गई। परीक्षा कक्षों में एग्जामिनर्स के पहचान पत्र तथा केंद्र परिसर में कार्यरत अन्य कार्मिकों के पहचान पत्र भी उनके पास पाए गए। सीसीटीवी कंट्रोल रूम के सभी कैमरे संचालित एवं सतत निगरानी में पाए जाने पर संतोष व्यक्त किया गया। इस मौके पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

## एक नजर

### हाईस्कूल में अदीबा अव्वल



**बुढ़नपुर।** यूपी बोर्ड की हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा का परिणाम घोषित होते ही उत्तीर्ण विद्यार्थियों में खुशी का इजहार किया। स्योहारा क्षेत्र के ग्राम पाइंदापुर का चौधरी चरण सिंह सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का हाईस्कूल का परिणाम 92 प्रतिशत रहा। हाई स्कूल की छात्रा अदीबा पुत्री खली रहमान ने 600 में से 487 अंक पाकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। भूमि ने 600 में से 463 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गुलफ्शा पुत्री सला. उद्दीन ने 600 में से 429 अंक पाकर स्कूल में तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य विजेंद्र कुमार ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस परिणाम का श्रेय अध्यापकों की मेहनत व विद्यार्थियों की लगन का परिणाम है।

### ऑक्सफोर्ड में बैग अरेंजमेंट प्रतियोगिता



**नहटौर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में स्कूल बैग अरेंजमेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा एक से कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। स्कूल में आयोजित इस प्रतियोगिता में कक्षा एक 'अ' से अन्नया व तैमूर, एक 'ब' से गुनित व नमन, दो 'अ' से अब्दुल्ला अली, दो 'ब' अरबाब, तीन 'अ' से रूचि चौहान, तीन 'ब' से मुहिल, चार 'अ' अक्षित, चार 'ब' से तक्ष चौधरी, पांच 'अ' से आरव कुमार, पांच 'ब' से वर्णिका धिमान, छह 'अ' से मानवी, सात 'ब' से राजदीप, सात 'अ' से हंशिका, सात 'ब' दिक्षा शर्मा, आठ 'अ' से उनैजा रहिल, आठ 'ब' से दृष्टि ठाकरान आदि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को एक निश्चित अवधि में समय सारणी के अनुसार स्कूल बैग व्यवस्थित करना था। इस मौके पर प्रधानाचार्य इदरीस अहमद ने सभी प्रतियोगियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के तौर पर जूनियर विंग कॉर्डिनेटर तब्बसुम जैदी अध्यापक अनुज कुमार व चारू सिंह रही।

### ठग तांत्रिक पुलिस ने दबोचा



**शेरकोट।** मौहल्ला नौधना निवासी सलीम अहमद ने 13 अप्रैल को पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि ग्राम बेगराजपुर, थाना नहटौर निवासी असलम तांत्रिक, मूसा तांत्रिक व सरताज ने उसे व उसके परिवार को तंत्र विद्या के नाम पर डराकर 5.20 लाख रुपए ठग लिए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 68/2026 धारा 318(4), 308(5) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने मुख्य आरोपी असलम पुत्र रफीक को गिरफ्तार कर लिया, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह खुद को तांत्रिक बताकर लोगों को ताबीज और झाड़-फूंक से इलाज का झांसा देता था और इस बहाने पैसे वसूलता था। उसने सलीम अहमद के परिवार को भी तांत्रिक प्रभाव का भय दिखाकर लगातार रकम ऐंठी। विरोध करने पर परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी गई। वहीं पुलिस अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

### जनगणना प्रशिक्षण का निरीक्षण



**बिजनौर।** एडीएम वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह द्वारा आज राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज चांदपुर में संचालित जनगणना प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई। इस मौके पर इंजीनियरिंग कॉलेज के रजिस्ट्रार नरेश कुमार एवं डायरेक्टर नीलेंद्र बादल, एसडीएम व तहसीलदार चांदपुर तथा अन्य तहसीलों के कर्मचारी उपस्थित रहे। एडीएम वान्या द्वारा कार्यक्रम के दौरान सभी व्यवस्थाएं ठीक मिलने पर तहसीलदार के कार्यों की सराहना की।

## महिला ने ग्राम प्रधान और उसके पुत्रों पर लगाया अश्लीलता का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** ग्राम कुरी बांगर निवासी एक महिला ने कोर्ट में तहरीर देकर बताया कि वर्तमान ग्राम प्रधान जाहिद पिछले काफी समय से महिला पर बुरी नीयत रखता है। रास्ते में आते-जाते पीछा करते हुए अश्लील हरकते करता था। कई बार इसे समझाया, परन्तु वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। 19 मार्च 26 की रात्रि आठ बजे जाहिद महिला के घर में घुस आया और उसकी कौली भरकर अश्लील हरकतें कीं। शोर शराबे पर कुछ लोग आ गये। जिन्होंने जाहिद को मौके पर पकड़ लिया। इस बात की सूचना जाहिद के पुत्रगण शहजाद, जावेद, वसीम उर्फ मोनू को हुई, जो आपस में हमसाज व एक राय होकर महिला के घर में घुस आये और आते ही अपने पिता को छुड़ाने लगे, महिला के विरोध करने पर चारों ने महिला को मारापीटा और उसके कपड़े फाड़कर लज्जा भंग कर दी और कहने लगे कि बहुत इज्जतदार बनती है आज तेरी इज्जत तार-तार कर देंगे और महिला के कपड़े फाड़ दिए। उसके तीनों पुत्र जाहिद को छुड़ाकर ले गए। महिला घटना के तुरंत बाद थाने में रिपोर्ट लिखाने गई, परंतु आरोप है कि एसआई प्रमोद कुमार व सिपाही राजू दिवाकर ने उल्टा महिला के परिवार वालों को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी रिपोर्ट नहीं लिखी। आरोपित इससे पूर्व भी महिला व उसकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ की घटना कारित की थी। पुलिस ने ग्राम प्रधान जाहिद हुसैन और उसके तीनों पुत्रों वसीम उर्फ मोनू शहजाद के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# विवेक विश्वविद्यालय में फेयरवेल पार्टी

## हिमांशी राजपूत को मिस व युवराज सिंह को मिस्टर फेयरवेल चुना गया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें बी.फार्मा चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों को तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर शानदार विदाई दी गई।



कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अमित गोयल, कुलपति डा. एनके गुप्ता, कुलसचिव डा. हितेश कुमार शर्मा, डीन फार्मेसी डा. सौरभ शर्मा ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर द्वीप प्रज्जवलन कर किया। इस मौके पर स्कूल ऑफ फार्मेसी के जूनियर विद्यार्थियों ने अपने सीनियर के स्वागत में बैले डांस, सूफी डांस आदि विभिन्न थीम्स के गानों पर नृत्य की प्रस्तुति कर पूरे माहौल को मस्ती से भर दिया और सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। जूनियर्स ने अपने सीनियर्स के लिए कई सारे मजेदार गेम्स भी रखें, जिनमें बैलून डांस, पेपर डांस, स्पून डांस खिलाए गए।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए योग्यता के आधार पर अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस विदाई समारोह में हिमांशी राजपूत को मिस व युवराज सिंह को मिस्टर फेयरवेल चुना गया। बेस्ट परफॉर्मेंस के लिए पायल चौहान को चुना गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डा. एनके गुप्ता ने कहा कि आप लोग अच्छे कार्य करते हुए अपने माता-पिता के साथ अपने विश्वविद्यालय का नाम रोशन करें यही शुभकामना है। विदाई समारोह में स्कूल ऑफ फार्मेसी के संकायाध्यक्ष डा. सौरभ शर्मा ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं है, कठोर परिश्रम और सकारात्मक सोच से ही सफलता का असली स्वाद चखा जा सकता हैं। इस मौके पर स्कूल ऑफ फार्मेसी के वरिष्ठ शिक्षक डा. रिजवान अहमद, डा. विशाल कुमार, डा. संदीप कुमार, डा.डीजी बारी, डा. अकुंर गर्ग, डा. छवि वर्मा आदि शिक्षकों के साथ बड़ी संख्या में छात्र भी मौजूद रहे।

# सेंट मैरी में शपथ ग्रहण समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल में आज हर्षोल्लास के साथ छात्र परिषद् का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एसआई गुरुचरन सिंह गिल, नौशाद एवं हिमांशु शर्मा द्वारा किया गया।




### छात्रों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

समारोह में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। जिसमें मनमोहक नृत्य और प्रेरणादायक भाषण शामिल रहे। प्राचार्या सिस्टर सैनेट, सिस्टर धन्या, सिस्टर क्लेरेट एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस मौके पर सीनियर में उत्कर्ष शर्मा को हेड बॉय और शिवी गुप्ता को हेड गर्ल चुना गया। वहीं मनु देव को असिस्टेंट हेड बॉय और नैनसी को असिस्टेंट हेड गर्ल का दायित्व सौंपा गया। प्राइमरी वर्ग में गौरांग हेड बॉय और काव्या को हेड गर्ल नियुक्त किया गया। स्कूल काउंसलर के रूप में तन्वी राजपूत को नामित किया गया। खेल कप्तान रचित, हाउस कैप्टन और वाइस कैप्टन में रेड हाउस कैप्टन तुषार और गौरी व वाइस कैप्टन निर्भय और वेदिका, येलो हाउस कैप्टन रक्षित और वैष्णवी व वाइस कैप्टन जय और दक्षिका, ग्रीन हाउस कैप्टन अनंत और वैष्णवी आर्या व वाइस कैप्टन वंश कुमार और परमीता, ब्लू हाउस कैप्टन अनवरत चौहान और रिया व वाइस कैप्टन युवांग दवास और गौरी को चुना गया।

एसआई गुरुचरन सिंह गिल ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई और नेतृत्व के मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी। अवनीत एवं शरद ने विद्यार्थियों को बधाई दी। नए सत्र के क्लास मॉनीटर एवं क्लास प्रीफैक्ट को बैच लगाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन ईशप्रिय ने किया।

## मयंक की बरामदगी पर पुलिस की प्रशंसा

**नजीबाबाद।** अपना दल (एस) के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी ने नजीबाबाद पुलिस द्वारा महज 12 घंटे के भीतर मयंक की बरामदगी पर पुलिस टीम की प्रशंसा की है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि इंस्पेक्टर नजीबाबाद अमित कुमार, उनकी टीम तथा एसपी के कुशल नेतृत्व में यह सराहनीय कार्य संभव हो पाया है। उन्होंने विशेष रूप से सीओ अंजनी चतुर्वेदी के मार्गदर्शन की भी सराहना की। शैलेंद्र चौधरी ने कहा किं पुलिस ने मात्र 12 घंटे में दिल्ली से मयंक की बरामदगी कर यह सिद्ध कर दिया है पुलिस यदि ठान ले, तो कुछ भी असंभव नहीं। जिला अध्यक्ष ने कहा कि इस उत्कृष्ट कार्य के लिए पुलिस टीम को सम्मानित करेंगे।

## बाल अपचारी को न्यायालय में पेश किया

**अफजलगढ़।** ग्राम आलमपुर गांवड़ी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि ग्राम सुआवाला निवासी एक युवक उसकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर 21 अप्रैल की दोपहर के समय ले गया है। पीड़ित ने पुलिस को अपनी पुत्री की जान माल व इज्जत का खतरा बताते हुए बरामद करने की गुहार लगाई थी। पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 79/2026 धारा 137 (2) के अंतर्गत दर्ज कर बाल अपचारी की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने 23 अप्रैल पीड़िता को बरामद कर साक्ष्यों के आधार पर धारा 74 बीएनएस व 7/8 पोक्सो एक्ट की बढ़ोतरी कर दी गई तथा बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में न्यायालय में पेश कर दिया गया।

# बच्चों को दीनी तालीम देना जरूरी : मुफ्ती कासिम नोमानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** काशीपुर रोड स्थित इलाही बख्श पब्लिक स्कूल में एक अहम दीनी तालीमी इजलास का एहतमाम किया गया, जिसमें दारुल उलूम देवबंद से तशरीफ लाए मदरसे के मोहतमिम व शैखुल हदीस मशहूर आलिमे दीन मुफ्ती अबुल कासिम नौमानी ने खिताब करते हुए तालीम की अहमियत पर रोशनी डाली।

मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी ने अपने तफसीली बयान में कहा कि आज का दौर साइंस और तरक्की का दौर है, लेकिन इसके साथ-साथ बच्चों की दीनी तरबियत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि अगर नई नस्ल को सिर्फ दुनियावी तालीम दी जाए और दीन से दूर रखा जाए, तो समाज में अखघ्लाकी गिरावट पैदा हो सकती है।

इसलिए यह बेहद जरूरी है कि बच्चों को शुरू से ही कुरआन, हदीस और इस्लामी तालीम से जोड़ा जाए।

उन्होंने मस्जिदों में मकतब कायम करने, बच्चों को उर्दू और फारसी की बुनियादी तालीम देने और दीन की बुनियाद को मजबूत करने पर जोर दिया।



इस मौके पर स्कूल के मैनेजर मुफ्ती इरफान कासमी ने अपने खिताब में कहा कि आज वक्त का सबसे बड़ा तकाजा यह है कि ऐसे इदारे कायम किए जाएं जहां मॉडर्न एजुकेशन के साथ-साथ दीनी तालीम भी दी जाए। उन्होंने कहा कि उनका स्कूल बच्चों को बेहतर तालीम देने के साथ-साथ दीनियात की भी मुकम्मल तालीम देने की कोशिश कर रहा है। मुफ्ती इरफान कासमी ने उलेमा और समाज के जिम्मेदार अफराद से अपील की कि वह आगे बढ़कर अपने-अपने इलाकों में दीनी स्कूल कायम करें, जहां बच्चों को अच्छी तालीम, अच्छी तरबियत और अच्छे अखलाक सिखाए जाएं।

प्रोग्राम की शुरुआत कारी हसीनुर्रहमान ने तिलावत-ए-कुरआन से की, जबकि कारी जियाउर्रहमान ने नात-ए-पाक पेश की। इजलास की सदारत मदरसा फैजुल उलूम के मोहतमिम हजरत मौलाना शफीक अहमद कघसमी ने की और निजामत मौलाना अताउर्रहमान ने बखूबी अंजाम दी। इस मौके पर मौलाना साजिद, मौलाना शमशीर, मौलाना शमशाद, कारी अब्दुल रहमान, हकीम इस्माइल, नदीम वफा, हाजी अब्दुल कय्यूम, मुफ्ती फैजान कमर, मुफ्ती रियाजुद्दीन, मुफ्ती जहीर नदवी, मौलाना अकरम रसूलपुरी, इमरान वफा, मौलाना अब्दुल वासे मिफ्ताहि, मुफ्ती सईदुर रहमान आदि लोग मौजूद थे।

अखतिताम पर मुल्क में अमन-ओ-अमान, तरक्की और आपसी भाईचारे के लिए खास दुआ की गई।

# पश्चिम बंगाल में फिर आक्रामक तेवर में योगी

## नदिया में ममता बनर्जी पर साधा निशाना

**नदिया (पश्चिम बंगाल)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल दौरे के दौरान तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर तीखा हमला बोला। उन्होंने नदिया जिले की नवद्वीप विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित जनसभा में कहा कि ममता दीदी को इस बात की चिंता है कि अगर हिदुओं की संख्या बढ़ेगी, तो सड़कों पर इफ्तार कैसे होगा।



योगी ने कानून-व्यवस्था ध्वस्त करने का आरोप लगाते हुए कहा कि टीएमसी लोकतंत्र में विश्वास नहीं करती। उन्होंने कहा कि पहले चरण के मतदान में भाजपा नेताओं और उम्मीदवारों पर हमले हुए, जिसे पूरे देश ने देखा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि चार मई को जब नतीजे आएंगे, तब टीएमसी के गुंडों के पास छिपने की जगह नहीं होगी। बंगाल अब अराजकता को स्वीकार नहीं करेगा। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस, वामपंथी दलों और टीएमसी पर बंगाल को 'लूट और कुशासन का प्रतीक' बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि राज्य इनसे मुक्त होकर 'डबल इंजन सरकार' को चुने, जो दोगुनी गति से विकास करेगी।

योगी नवद्वीप विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्रुति शेखर गोस्वामी के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। भीषण गर्मी के बावजूद जनसभा में बड़ी संख्या में लोग जुटे। समर्थकों ने 'योगी-योगी' के नारे लगाए, जिस पर मुख्यमंत्री ने आभार जताया। उन्होंने पहले चरण में 152 सीटों पर हुए रिकॉर्ड मतदान के लिए मतदाताओं को बधाई दी और कहा कि जनता आतंक, माफिया राज और भ्रष्टाचार से मुक्ति चाहती है। उन्होंने दावा किया कि 4 मई को नतीजों के साथ पूरे बंगाल में भाजपा का परचम लहराएगा। मुख्यमंत्री ने सीएए का जिक्र करते हुए कहा कि यह कानून पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में प्रताड़ित हिदू, बौद्ध, जैन और सिख समुदाय के लोगों को भारतीय नागरिकता देने की गारंटी देता है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी ने इस कानून का विरोध किया।

# केजरीवाल इतिहास के सबसे शौकीन: प्रवेश सिंह

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारतीय जनता पार्टी ने आम आदमी पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इतिहास का सबसे शौकीन व्यक्ति करार देते हुए शनिवार को कहा कि उन्होंने अपना नया आवास भी 'शीशमहल' जैसा बना लिया है। दिल्ली सरकार के लोक निर्माण मंत्री एवं भाजपा नेता प्रवेश साहिब सिंह ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आप का मतलब 'आलीशान आदमी पार्टी' है।

इस दौरान, उन्होंने केजरीवाल के नए आवास की तस्वीर जारी करते हुए उनकी तुलना फिल्म 'धुरंधर' के 'रहमान डकैत' से की और कहा कि उन्होंने अब यहां दूसरा 'शीशमहल' बना लिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली चुनाव हारने के बाद केजरीवाल पंजाब चले गए थे। वहां मुख्यमंत्री भगवंत मान के सरकारी आवास के आस-पास चार घरों पर श्री केजरीवाल, तथा आप नेता सत्एंद्र जैन, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह ने कब्जा कर लिया था। भगवंत मान भी इसके कारण उनसे परेशान थे। गौरतलब है कि अदालत के आदेश के बाद केन्द्र सरकार ने केजरीवाल को दिल्ली में 95, लोधी एस्टेट स्थित सरकारी आवास आवंटित किया था, जिसमें उन्होंने शुक्रवार को परिवार के साथ प्रवेश कर लिया। सिंह ने केजरीवाल के इस आवास की मरम्मत में हुए खर्च को लेकर उन पर हमला बोला। उन्होंने केजरीवाल के इस आवास की तस्वीरें दिखाकर हैरानी जताई और कहा कि वहां भी उन्होंने खूब पैसा खर्च किया है। यह सरकारी आवास है, लेकिन इसमें सरकारी पैसा नहीं लगा है। उन्होंने कहा कि पहले 'शीशमहल' (6, फ्लैग स्टाफ रोड, मुख्यमंत्री आवास) पर भारी खर्च को लेकर जब सवाल उठे, तो केजरीवाल ने दावा किया था कि सजावट का फैसला पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता ने लिया था और उन्हें खर्च की जानकारी नहीं थी। अब नए आवास को लेकर वह ऐसा दावा नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि जो नेता कभी साधारण बंगला भी नहीं लेने की बात करते थे, आज खुद 'शीशमहल' में रह रहे हैं। दिल्ली में कोरोना महामारी, पानी और बिजली की कमी के समय भी केजरीवाल गायब होकर 'शीशमहल' बनाने में लगे रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि 'शीशमहल' केजरीवाल के भ्रष्टाचार का सबूत है। मुख्यमंत्री के वेतन से ऐसा आलीशान आवास नहीं बन सकता। उन्हें बताना चाहिए कि इस पर शराब घोटाले का पैसा लगाया गया या नहीं। सिंह ने कहा कि श्री केजरीवाल के अंदर 'शीशमहल' बस चुका है।



**दिल्ली सरकार के लोक निर्माण मंत्री ने कहा: आप संयोजक नया आवास भी शीशमहल जैसा बनाया**

# मंडावर में दो की मौत

## रानीपुर रोड पर दर्दनाक सड़क हादसा







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** कार चालक को नींद की झपकी आना दो की मौत का सबब बन गया। कार सवार एक अन्य भी गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के रानीपुर रोड पर आज सुबह करीब पांच बजे एक तेज रफ्तार कार नींद की झपकी आने के कारण सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई। इस दुर्घटना में कार सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक कार सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान सुल्तान (66 वर्ष) पुत्र यासीन निवासी ग्राम करौंदी, थाना भगवानपुर, हरिद्वार और राजा (35 वर्ष) पुत्र रशीद निवासी ग्राम सिकंदरपुर, थाना भगवानपुर के रूप में हुई है। घायल अजहरुद्दीन (25 वर्ष) पुत्र मामुद्दीन ग्राम कमालपुर टापू, थाना यमुनानगर, हरियाणा का रहने वाला है। तीनों हरदोई से ग्राम सिकंदरपुर (हरिद्वार) जा रहे थे। पुलिस के अनुसार, चालक सुल्तान को नींद आ जाने के कारण वह स्टेयरिंग पर नियंत्रण खो बैठा और कार पेड़ से टकरा गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल अजहरुद्दीन को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। कार सवार तीनों हरदोई से अपने ग्राम सिकंदरपुर लौट रहे थे। लंबी दूरी की थकान के कारण चालक को नींद आ गई, जिसके चलते यह हादसा हुआ है। बताया जाता है कि इस मार्ग पर आएदिन हादसे होते रहते है। चालक भी काफी तेज रफ्तार से वाहन चलाते हैं।

# शराब की दुकान के विरोध में हंगामा

## कॉलोनी का माहौल बिगड़ रहा, किसी भी हालत में दुकान नहीं चलने देंगे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** ज्ञान विहार कॉलोनी में शराब की नई दुकान खोले जाने के विरोध में स्थानीय महिलाओं ने जोरदार प्रदर्शन किया है। आक्रोशित महिलाएं दुकान के बाहर धरने पर बैठ गईं और इसे तत्काल बंद कराने की मांग पर अड़ी हुई हैं। महिलाओं का कहना है कि ज्ञान विहार के पास सड़क के दूसरी ओर पहले से ही एक शराब की दुकान संचालित हो रही है। ऐसे में कॉलोनी के अंदर दूसरी दुकान खोले जाने से क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है।

महिलाओं के अनुसार, शराबियों की बढ़ती आवाजाही से उन्हें और उनकी बेटियों को असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं ने आरोप लगाया कि शराब के नशे में लोग अश्लील हरकतें करते हैं और राह चलती महिलाओं से बदतमीजी करते हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में एक शराबी द्वारा एक व्यक्ति से 500 रुपए छीनने की घटना भी सामने आई है, जबकि पहले इस इलाके में ऐसी घटनाएं नहीं होती थीं। आंदोलनरत महिलाओं का साफ कहना है कि वे किसी भी हालत में कॉलोनी के अंदर शराब की दुकान संचालित नहीं होने देंगी और जब तक दुकान को हटाया नहीं जाएगा, उनका धरना जारी रहेगा। दुकान मालिक की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिलाओं को समझाने का प्रयास किया, लेकिन महिलाएं अपनी मांग पर अडिग रहीं। स्थिति को देखते हुए क्षेत्र में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।





धरने में पूनम गोयल, किरण चौधरी, संतोष चौधरी, सुनीता, पिंकी चौधरी, विनीता, सरिता, बबीता, सुमन, भावना, मनीषा, मनजीत कौर, मंजू, सोनम, सला. नी, मानसी, अनुष्का, मीनाक्षी, सृष्टि, कविता, साक्षी, प्रेरणा, नीलम, मोनिका, बबली चौधरी, नीति, कोमल, शारदा, श्रद्धा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं।

# निशा के कातिलों को फांसी देने की मांग



## विश्वकर्मा ब्रिगेड ने कलेक्ट्रेट में दिया धरना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** गाजीपुर में निशा विश्वकर्मा की बलात्कार के बाद बेरहमी से हत्या कर शव को गंगा नदी में फेंक देने एवं मृतका के परिजनों से मिलने जा रहे पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा व अन्य सपाईयों पर पथराव को लेकर विश्वकर्मा समाज में आक्रोश भड़क रहा है। विश्वकर्मा ब्रिगेड ने आज कलेक्ट्रेट परिसर में धरना देते हुए प्रदर्शन किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार विश्वकर्मा ब्रिगेड के बैनर तले आज कलेक्ट्रेट परिसर में धरना दिया गया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जनपद गाजीपुर के थाना करंडा अंतर्गत ग्राम कटरिया में सियाराम विश्वकर्मा की नाबा. लिग बेटी निशा विश्वकर्मा के साथ दबंगों ने बलात्कार किया और उसकी हत्या कर शव को गंगा नदी में फेंक दिया। पीड़ित परिवार की कोई सुनवाई नहीं हुई। इस हृदय विदारक घटना के संबंध में जब पीड़ित परिजनों से मिलने के लिए पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल जा रहा था, तो उसके ऊपर सीओ सिटी गाजीपुर व थानाध्यक्ष करंडा की मौजूदगी में ग्राम प्रधान आशुतोष सिंह द्वारा पथराव किया गया। जिसमें पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रतिनिधि मंडल में शामिल अन्य सदस्य भी घायल हो गए। लेकिन सीओ व थानाध्यक्ष ने आरोपियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की।

राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन में मांग करते हुए कहा गया कि पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा के ऊपर हुए हमले के दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए। निशा विश्वकर्मा के हत्यारों को फांसी की सजा दी जाए। निशा विश्वकर्मा के परिजनों को 50 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाए। पीड़ित परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आशुतोष विश्वकर्मा व उसके साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जाए। सीओ सिटी व थानाध्यक्ष करंडा सहित अन्य पुलिसकर्मियों को बर्खास्त किया जाएगा। इस दौरान विश्वकर्मा समाज के प्रमुख लोग काफी गुस्से में थे। उन्होंने नारेबाजी भी की। प्रदर्शन में गौरव धीमान, अनिल धीमान, राजीव धीमान, राजेश धीमान, विमला धीमान, मुकेश धीमान, प्रमोद धीमान, डॉ. राजेन्द्र शर्मा, दीपक शर्मा, मोनू शर्मा, सपा के जिला प्रवक्ता अखलाक पप्पू, प्रभा चौधरी, खगेश कुमार, पंडित अनुज धीमान शास्त्री, खगेश कुमार, श्री प्रकाश, सुनील कुमार, विनिता धीमान, मोनू शर्मा आदि शामिल थे।

# शराब की दुकान के विरोध में धरना

## सभासद पति के नेतृत्व में प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** कस्बे के मुख्य तिराहे पर स्थित मार्केट में हाल ही में खुली अंग्रेजी शराब की दुकान के विरोध में स्थानीय लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सभासद पति मौहम्मद अब्बास के नेतृत्व में बड़ी संख्या लोग धरने पर बैठ गए और दुकान को बंद कराने की मांग उठाई।

प्रदर्शनकारियों में मौहम्मद अब्बास, फारूक, अर्पित, मौहम्मद अहसान, सादिक, निजामुद्दीन, बदरुद्दीन, आसिफ, अक्कू, अंजार, जावेद, शेर मौहम्मद, हैप्पी, नावेद, आश्रित, राकेश, इमरान, मौहम्मद समीर, साजिद, अलीम, नदीम, दानिश, अफसर आदि शामिल रहे।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि नगर के मुख्य तिराहे जैसे संवेदनशील और व्यस्त स्थान पर शराब की दुकान खुलने से माहौल प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि दुकान के आसपास कब्रिस्तान एवं धार्मिक स्थल स्थित हैं, जिससे स्थानीय लोगों की भावनाएं आहत हो रही हैं। यहां से रोजाना बड़ी संख्या महिलाएं और बच्चे गुजरते हैं, जिससे उन्हें असहज महसूस होता है। धरने की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और तत्काल प्रभारी निरीक्षक हल्दौर किशन अवतार सिंह को मामले से अवगत कराया गया। मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक ने प्रदर्शनकारियों से वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनीं और ज्ञापन लिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाएगा और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि बिना स्थानीय लोगों की सहमति के इस तरह के निर्णय लेना उचित नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही दुकान को हटाने या बंद करने की कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

वहीं दुकान स्वामी राजवीर सिंह ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि उनकी दुकान पूरी तरह नियमों के अनुरूप खोली गई है। उन्होंने कहा कि पहले दुकान नहटौर रोड स्थित रविदास मंदिर के सामने थी, जहां सड़क पर अत्यधिक ट्रैफिक रहता था और आए दिन दुर्घटनाएं होती थीं, जिससे जन-धन की हानि की आशंका बनी रहती थी। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व स्थान के मकान मालिक द्वारा अत्यधिक किराया मांगे जाने के कारण उन्हें दुकान खाली करनी पड़ी, जिसके बाद वर्तमान स्थान पर दुकान स्थापित की गई। दुकान स्वामी का आरोप है कि पुराने मकान मालिक से सांठगांठ कर कुछ लोग निजी स्वार्थ के चलते विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और माहौल को अनावश्यक रूप से गरमाने का प्रयास कर रहे हैं।

फिलहाल पुलिस प्रशासन पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि स्थिति को देखते हुए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे और कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता है।

# शिक्षक ने छात्रा को गलत तरीके से पकड़ा

## शिक्षक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** छात्रा के साथ बदसलूकी किए जाने के आरोप में पुलिस ने एलआरएस एकादमी के एक शिक्षक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस को दी गई तहरीर में एक पिता ने कहा कि उसकी पुत्री एलआरएस कॉलेज में कक्षा 12वीं की छात्रा है। कहा गया कि 22 अप्रैल को दिन में करीब 11 बजे उसकी पुत्री अपनी कक्षा में अन्य विद्यार्थियों के साथ आंतरिक परीक्षा दे रही थी। आरोप है कि कक्षा में मौजूद शिक्षक इरशाद अहमद उसकी पुत्री के पास आया और गलत तरीके से उसकी पुत्री का गला पकड़कर उठाकर उसके साथ आपत्तिजनक टिप्पणियां करते हुए पुत्री की कॉपी फाड़कर फेंक दी और धक्के देकर कक्षा से बाहर निकाल दिया। कहा गया कि उसकी पुत्री ने घर आने पर यह सारी घटना उसे व परिवारजनों से बताई। आरोप है कि घरवालों के साथ 23 अप्रैल को सुबह साढ़े आठ बजे जब स्कूल पहुंचकर मैनेजमेंट से उक्त शिक्षक इरशाद अहमद की शिकायत की तो स्कूल मैनेजमेंट ने भी उसके व घरवालों के साथ अभद्र व्यवहार कर गाली-गलौच कर अपमानित किया और धमकी दी कि अगर बात को आगे बढ़ाया तो तुम्हारी बेटी का चरित्र खराब कर देगें और टीसी काटकर तुम्हारे हाथ में रख देंगे और ऐसी टीसी काटी जाएगी की किसी और स्कूल में भी भविष्य में प्रवेश नहीं ले सकेगी। मैनेजमेन्ट ने यह धमकी भी दी कि हमारे परिवार वालेव रिश्तेदार कई विभागों में उच्चाधिकारी के पदों पर कार्यरत हैं, तुम लोग हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकते। थाना अध्यक्ष अवनीत माने का कहना है कि आरोपी शिक्षक व अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

## एक नजर

### सृष्टि अग्रवाल सम्मानित



**नजीबाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन उ.प्र. के युवा प्रदेश सचिव आदित्य अग्रवाल द्वारा यूपी बोर्ड कक्षा 12वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने पर सृष्टि अग्रवाल को अंग वस्त्र पहनाकर व अशोक स्तंभ का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। सृष्टि अग्रवाल मूर्ति देवी कन्या विद्यालय इंटर कॉलेज नजीबाबाद की साइंस साइड की छात्रा है। आदित्य अग्रवाल ने कहा कि सृष्टि अग्रवाल ने अपने सभी विषयों में डिक्टेशन लाकर वैश्य समाज का नाम रोशन किया है। ऐसी बेटियां ही समाज और देश का नाम रोशन करती हैं। यह गौरवपूर्ण सफलता आपके अथक लगन, कठोर परिश्रम और दृढ़ अनुशासन का परिणाम है। आपके अभिभावक एवं गुरुजनों का स्नेह और मार्गदर्शन भी इस उपलब्धि में समाहित है। सृष्टि अग्रवाल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने नाना जी अनिल कुमार सिंघल, माता पायल अग्रवाल व समस्त गुरुजनों को दिया।

### अफीफा ने बढ़ाया गौरव



**अफजलगढ़।** समीपवर्ती ग्राम मानियावाला निवासी अफीफा रफी पुत्री मौहम्मद रफी उर्फ कारी शमशीद ने माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा में 500 में से 413 अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। होनहार छात्रा ने स्कूल व अपने परि. जनों का नाम रोशन किया। होनहार बेटी की उपलब्धि को लेकर परिवार में खुशी का माहौल है। अफीफा रफी ने बताया कि वह आगे चलकर नीट की तैयारी कर डॉक्टर बनकर समाज की खिदमत करना चाहती है। राखी मेमोरियल विद्या निकेतन गर्ल्स इंटर कॉलेज आसफाबाद चमन की इंटरमीडिएट की छात्रा अफीफा रफी की उपलब्धि को लेकर खुशी का इजहार करते हुए प्रधानाचार्य व अध्यापकों ने उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### रेलवे ट्रैक पर मिला शव

**नजीबाबाद।** बीती रात जलालाबाद के समीप रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही आरपीएफ और थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार रात के समय रेलवे ट्रैक पर शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। प्रथम दृष्टया आशंका जताई जा रही है कि उसकी मौत ट्रेन से गिरने के कारण हुई होगी।

### वीएचएनडी कैंप में टीकाकरण

**बिजनौर।** हकीकतपुर गंगवाली के प्राथमिक विद्यालय में वीएचएनडी (विलेज हेल्थ एंड न्यूट्रीशन डे) कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान गर्भवती महिलाओं और बच्चों का टीकाकरण किया गया। ये साप्ताहिक कैंप शासन के निर्देश पर प्रत्येक पंचायत में आयोजित किए जा रहे हैं। इनका मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं, शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों और 10 से 16 वर्ष तक के किशोर-किशोरियों को स्वास्थ्य सेवाएं और टीकाकरण प्रदान करना है। एएनएम शीतल ने बताया कि वीएचएनडी कैंप का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं और शिशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित परामर्श देना तथा टीकाकरण करना है। कैंप में गर्भवती महिलाओं का रक्तचाप, मधुमेह, हीमोग्लोबिन और पेट की जांच की जाती है, साथ ही गर्भस्थ शिशु की भी जांच होती है। इसके अतिरिक्त, शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को बीसीजी, पेंटा, खसरा और डीपीटी बूस्टर डोज के टीके लगाए जाते हैं। वहीं, 10 से 16 वर्ष तक के किशोर-किशो. रियों को टीडी, डिप्थीरिया और टिटनेस का टीकाकरण किया जाता है। कैंप से एक दिन पहले बुलावा टीम द्वारा पात्र लाभार्थियों को घर-घर जाकर बुलावा पर्ची दी जाती है, जिसके आधार पर उनका टीकाकरण होता है। इस कैंप में एएनएम शीतल, आशा कार्यकत्री अनीता और रीता, तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मालती सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### हत्यारोपी गिरफ्तार

**बिजनौर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दीदा नंगला में गुरुवार को हुए इशहाक हत्याकांड में पुलिस ने मृतक के भतीजे को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। यह घटना परिवार के बीच लंबे समय से चले आ रहे कृषि भूमि विवाद का परिणाम थी।

पुलिस के अनुसार आरोपी भतीजा शाने रजा आबकारी विभाग में सिपाही है। उसने गुस्से में आकर अपने चाचा इशहाक को गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद शाने रजा ने थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया था, जिसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की।

मृतक इशहाक के पुत्र शानू की तहरीर पर आरोपी शाने रजा के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने शाने रजा का चालान कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इस बीच, शुक्रवार को मृतक के परिजनों ने पुलिस अधीक्षक (एसपी) से मुलाकात की।

# मजलूमों की मदद करेंगे विधायक सैनी

## उलेमाओं के साथ बैठक में सुनी मजलूमों की समस्याएं

**मुजाहिद फारूकी**

**नूरपुर।** सपा विधायक राम अवतार सिंह सैनी ने उलेमाओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक में भाजपा सरकार में मजलूमों हो रहे जुल्म व आम आदमी की समस्याएं सुनने के बाद कहा कि वह हर संभव मदद के लिए तैयार है।

प्राप्त समाचार के अनुसार सपा के नूरपुर के विधायक राम अवतार सिंह सैनी और शहर के सम्मानित उलेमाओं के बीच सपा के पूर्व नगर अध्यक्ष जुल्फिकार कुरैशी के आवास पर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मौलाना मौहम्मद अली खादमी ने की। संचालन हकीम इसरारुल हक ने किया। इस मौके पर मौलाना अब्दुल कादिर और मास्टर मौहम्मद इलियास मकरानी ने शहर की विभिन्न समस्याओं से सपा विधायक को अवगत कराया। बैठक में मौजूद उलेमाओं ने मस्जिदों, मदरसों, कब्रिस्तानों, वक्फ संपत्तियों तथा जेलों में बंद निर्दोष मुस्लिम युवकों जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की और विधायक से कई सवाल पूछे। विधायक राम अवतार सिंह सैनी ने अधिकांश प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर देते हुए संबंधित समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। सपा विधायक ने विधानसभा के लोगों की हर मुमकिन मदद करने का भरोसा दिलाया है। उन्होंने कहा कि मैं हर वक्त दबे-कुचले लोगों के साथ खड़ा हूं। उनके लिए मेरे घर के दरवाजे हर वक्त खुले हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई व भ्रष्टाचार काफी ज्यादा बढ़ गया है। बेगुनाहों का उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वह लगातार जुल्म के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं।



इस मौके पर मौलाना अबरार अहमद कासमी, मुफ्ती मौहम्मद मुआज, मौलाना लतीफुर्रहमान कासमी, मौलाना मोहम्मद दानिश, मुफ्ती मौहम्मद वसीम, मौलाना अमीर अहमद मजाहिरी, मुफ्ती मौहम्मद रिजवान कासमी, कारी सईदुर्रहमान, कारी नसीम अहमद, कारी बिलाल अहमद सहित अनेक उलेमा व इमाम मौजूद रहे। उलेमाओं ने पिछले दिनों हुए उत्पीड़न का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि सपा नेताओं को आगे आ कर जुल्म के खिलाफ आवाज बुलंद करनी चाहिए। उलेमाओं ने कहा कि खौफ का माहौल बनाया जा रहा है और इंसानियत का गला घौंटा जा रहा है। बैठक के अंत में मेजबान जुल्फिकार कुरैशी ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

गौरतलब है कि स्थानीय सपा विधायक लगातार क्षेत्र में जनसंपर्क कर लोगों की समस्या को सुनकर उनका समाधान कराने में लगे हुए हैं। उन्होंने क्षेत्र में बगैर किसी भेदभाव के विकास कार्य कराए हैं।

हालांकि प्रदेश में भाजपा की सरकार होने की वजह से क्षेत्र की उपेक्षा की जा रही है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# नजीबाबाद में युवक ने की आत्महत्या

## पारिवारिक कलह के चलते उठाया कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** पारिवारिक कलह के चलते युवक ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने के मामले लगातार बढ़ते जा रहे है। छोटी-छोटी बातों पर जीवन खत्म करने का खतरनाक कदम उठाए जा रहे हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार बीती रात्रि ग्राम इस्सेपुर मे दिलावर (26 वर्ष) पुत्र विजय सिंह ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और लाश को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। बताया जाता है कि मृतक दिलावर नशे का आदी था। जिसकी वजह से परिवार में विवाद रहता था। कल भी दिलावर के द्वारा नशा किया गया था। नशा करने के कारण वह परिवार पर ध्यान नहीं देता था। कल फिर नशा करने पर उसको पत्नी द्वारा टोका गया था। जिसको लेकर विवाद हो गया और वह घर से झगड़ का चला गया था। जंगल में जाकर उसके द्वारा पेड़ पर लटक कर फांसी लगा ली।



गौरतलब है कि फांसी लगा कर एवं ट्रेन से कट कर आत्महत्या करने के मामले काफी ज्यादा बढ़ रहे हैं। प्रेम प्रसंग के चलते युवतियां आत्महत्या कर रही है और नशाखोरी के चलते युवक अपनी जान दे रहे है। नशाखोरी की वजह से घरों में छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद हो रहे हैं। नशेड़ी अपने घर पर ध्यान नहीं देते है और उसकी सजा परिवार को भुगतनी पड़ती है।

# नगीना में कब्रिस्तान पर कब्जे का प्रयास

### लगभग सौ साल पुरानी कब्रों को पहुंचाया नुकसान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नगीना में कब्रिस्तान की भूमि पर कब्जे का प्रयास करते हुए रातों रात पेड़ों को काटने से माहौल गर्मा रहा है। भूमाफियाओं के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए इनके खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई।



प्राप्त समाचार के अनुसार नगीना में ग्राम नूरसराय निजाम सराय में पुराना कब्रिस्तान है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह मौहल्ला काजी सराय का कदीनी कब्रिस्तान है। जिसमें हजारों मुर्दे दफन है। सौ वर्ष से ज्यादा पुरानी कब्रे यहां पर मौजूद है। आरोप है कि हल्का लेखपाल से मिल कर भूमाफिया इस कब्रिस्तान की भूमि पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे है। उनके द्वारा रातो-रात पेड़ काट दिए गए और मिट्टी डाल कर कब्रों को खुर्दबुर्द करने का प्रयास किया गया। आधी रात को भूमाफियाओं के द्वारा किए जा रहे कब्जे के प्रयास की सूचना मिलते ही जब वहां पर लोग पहुंचे, तो अवैध हथियारों से डराने का प्रयास किया गया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि प्रशासन को शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाते हुए भूमाफियाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि भूमाफियाओं को सफेदपोशों का संरक्षण मिला हुआ है।

गौरतलब है कि इस संवे. दनशील मामले में अभी तक प्रशासन के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है। अगर समय रहते शांतिव्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम नहीं उठाए गए, तो विवाद तूल पकड़ सकता है।

# प्रशासन से नहीं डरते अतिक्रमणकारी

## अभियान चलाने के बावजूद नहीं दिखाई दे रहा असर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अतिक्रमणकारियों के सामने जिला प्रशासन कमजोर नजर आ रहा है। अभियान चलाने के बावजूद न तो अतिक्रमण हट पा रहा है और न ही आम जनता को राहत मिल पा रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार पूरे जनपद सहित मुख्यालय पर अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चल रहा है। जनपद मुख्यालय पर भी अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया गया था। लेकिन यह अभियान फ्लाप हो गया। क्योंकि प्रशासन के द्वारा ईमानदारी के साथ अतिक्रमण नहीं हटाया गया। व्यापारियों के द्वारा सड़कों पर सामान रख कर बेचा जा रहा है। टीम ने यह सामान जब्त नहीं किया और न ही नालों व नालियों पर किया गया अतिक्रमण हटाया। सिर्फ कुछ बोर्ड व खोखों को हटा कर समझ लिया गया कि अभियान पूरा हो गया है। जनपद मुख्यालय पर सबसे ज्यादा अतिक्रमण है। सिविल लाइन, मुख्य बाजार, बुल्ला का चौराहा, जानी का चौराहा, किरतपुर मार्ग, जजी चौराहा एवं शक्ति चौक पर अतिक्रमणकारियों का राज चल रहा है। इनके द्वारा स्थायी अतिक्रमण भी किए गए है। नालों व नालियों को बंद कर दिया गया है। जिसकी वजह से बारिश के दौरान जल भराव की समस्या खड़ी हो जाती है और इसकी कीमत नागरिकों को चुकानी पड़ती है। अतिक्रमण की वजह से प्रतिदिन नालों व नालियों की ठीक ढंग से सफाई भी नहीं हो पाती है। व्यापारियों के द्वारा सड़कों पर सामान रख कर बेचा जा रहा है। व्यापारियों में अपनी दुकानों का सामान सड़कों पर रखने की होड़ लगी हुई है। ज्यादातर अतिक्रमणकारी विभिन्न संगठनों व राजनीतिक दलों से जुड़े जुए है। जिसकी वजह से छोटे अधिकारी इनके खिलाफ कार्यवाही करने से बचते हैं। मुख्य बाजार में इतना ज्यादा अतिक्रमण है कि यहां से वाहन नहीं निकल पाते हैं। यहां पर पुलिस ने भी वाहनों को अंदर जाने से रोकने के लिए बैरियर लगा रखा है। जिससे अतिक्रमणकारियों को फायदा पहुंच रहा है। राम का चौराहा व रोडवेज बस स्टैण्ड पर अतिक्रमणकारियों की वजह से जाम लग जाता है। राम का चौराहे पर पालिका की टीम अतिक्रमण हटाने के लिए नहीं पहुंचती है। यहां पर अतिक्रमण के चलते काजीपाड़ा, भाटान, जाटान व घेर रामबाग सहित ईदगाह की तरफ जाने वालों को परेशानी होती है। यहां से कार व अन्य चौपहियां वाहन निकालना मुश्किल हो जाता है।

नागरिकों को उम्मीद थी कि प्रशासन के द्वारा पूरी ईमानदारी के साथ अतिक्रमण हटाने के लिए लगातार अभियान चलाया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया है।











# बरेली के साइबर ठग सीबू व आरिफ अरेस्ट

### भारी मात्रा में नकदी बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** साइबर क्राइम पुलिस ने बरेली के सीबू हसन व मौहम्मद आरिफ को गिरफ्तार किया है। इनसे भारी मात्रा में नकदी व ठगी में इस्तेमाल किया गया मोबाइल भी बरामद किया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार वादी चन्दन कुमार पुत्र स्व. पारस नाथ पासवान निवासी ग्राम दिनारा, थाना दिनारा, जनपद रो. हतास (बिहार) एवं वर्तमान पता महिपाल सिंह, आरसी पुरम कॉलोनी, नगीना रोड, बिजनौर द्वारा साइबर क्राइम थाने में तहरीर दी गई थी कि एक फरवरी, 2026 को व्हाट्सऐप ग्रुप ''F5 Indian Stock Market Investors Discussion'' में ग्रुप एडमिन जतिन शर्मा द्वारा जोड़ा गया। जिसमें ट्रेडिंग संबंधी जानकारी दी जाती थी। कुछ समय बाद ग्रुप में स्टॉक्स बताकर निवेश हेतु प्रेरित किया गया तथा अधिक लाभ का लालच देकर ''Wealth Alliance Internship Group'' में जोड़ने की बात कही गई। इसके बाद ग्रुप एडमिन द्वारा FAR-LEY LLC नामक ऐप डाउनलोड कराकर ट्रेडिंग कराने हेतु कहा गया। वादी द्वारा ऐप डाउनलोड करने के उपरांत माइकल कॉलिन्स नामक व्यक्ति से संपर्क कराया गया, जिसने धन. राशि जमा करने हेतु पूर्व अनुमति लेने तथा बताए गए खातों में ही धनराशि जमा करने के निर्देश दिए। अभियुक्तगण द्वारा 24 फरवरी से 17 मार्च 2026 के मध्य विभिन्न छह बैंक खातों में कुल 32,53,000 की धनराशि जमा कराकर वादी के साथ साइबर ठगी की गई। तहरीर के आधार पर थाने में मुकदमा अपराध संख्या 09/2026 धारा 318 (4) बीएनएस व 66 (डी) आई.टी. एक्ट बनाम जतिन शर्मा, माइकल कॉलिन्स पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान उपरोक्त अभियोग में अभियुक्तगण सीबू हसन पुत्र नबी हसन निवासी ग्राम पनुआ थाना नवाबगंज, जनपद बरेली व मौहम्मद आरिफ पुत्र नबी जान निवासी ग्राम अली नगर, थाना भोजूपुरा, जनपद बरेली के नाम प्रकाश में आए। आज थाना साइबर क्राइम टीम द्वारा अभियुक्तगण सीबू हसन व मौहम्मद आरिफ को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक मोबाइल फोन तथा ठगी से प्राप्त की हुई 99320 रुपए की नगदी बरामद की गई है।

गौरतलब है कि साइबर ठगी के मामले काफी ज्यादा बढ़ गए है। पुलिस प्रशासन के द्वारा बार-बार आगाह करने के बावजूद लोग साइबर ठगी के शिकार हो रहे है।

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, शेरकोट (बिजनौर)

### -: ई-प्रोक्योरमेन्ट/ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना:-

पत्रांक:-82 (1) /न.पा.परि.शेर./ई-निविदा/2026-27 दिनांक: 25.04.2026

ई-निविदा हेतु समस्त ठेकेद्वार, बिडर्स/ कान्ट्रैक्टर्स, बेन्डर्स को सूचित किया जाता है कि राज्य सेक्टर के ''सीवरेज एवं जल निकासी योजना'' के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रथम किश्त से प्राप्त धनराशि एवं नगर पालिका परिषद, शेरकोट, जनपद-बिजनौर को निदेशक स्थानीय निकाय उ.प्र. लखनऊ के पत्र संख्या-699/2026/001-Com.no.-2023552, 2026 लखनऊ, दिनांक-12 मार्च, 2026 के अन्तर्गत निकाय को प्राप्त धनराशि से, यू.पी. इलैक्ट्रोनिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड व नगर पालिका परिषद शेरकोट के पंजीकृत बिडर्स/ कान्ट्रैक्टर्स/ बेन्डर्स को प्रतिभाग करने हेतु अवसर प्रदान करते हुए नगर पालिका परिषद शेरकोट (बिजनौर) द्वारा दिनांक 16.05.2026 की समय सायं 05:00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक-17.05.2026 की प्रात: 11:00 बजे अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष गठित समिति द्वारा ऑनलाईन खोली जायेगी। इच्छुक ठेकेदार ऑनलाईन निविदा खोलने की प्रक्रिया के समय उपस्थित रह सकते है। ऑनलाईन निविदा के साथ जिलाधिकारी द्वारा निर्गत अद्यावधिक चरित्र प्रमाण-पत्र, हैसियत प्रमाण-पत्र, स्वघोषणा-पत्र, जी.एस.टी., पेनकार्ड, अनुभव प्रमाण-पत्र व श्रम विभाग द्वारा जारी पंजीकरण प्रमाण पत्र (जिस पर कम से कम 05 श्रमिक हो) की स्कैन कॉपी, 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि आर.टी.जी.एस./एफ.डी.आर. की रसीद की स्कैन प्रति टेण्डर मूल्य की स्कैन प्रति ऑनलाइन निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है, अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदा दर, अभिलेख एवं शर्तें वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनांक-25.04.2026 से दिनांक-16.05.2026 समय सायं 05.00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे, जहां से इसे डाउनलोड किया जा सकता है। इच्छुक ठेकेदार/फर्म स्वामी अपनी निविदा दिनांक:- 16.05.2026 समय सायं 05.00 बजे तक वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाईन डाल सकते है। जिन ठेकेदार/फर्मों द्वारा तकनीकी बिड की शर्तों का पालन नहीं किया जायेगा उसकी वित्तीय बिड नहीं खोली जायेगी।

| | |
|---|---|
| E-Tender Referance | Sewage &Jal Nikasi 2025-26 |
| Published Date and Time for RFP | 25-04-2026 & 11:00 AM |
| Last Date and time for submission of E-Tender | 16-05-2026 & 05:00 PM |
| Date and time of Opening Tender | 17-05-2026 & 11:00 AM |
| Place of Opening of E-Tender | Officer Nagar Palika Parishad Sherkot (Bijnor) |
| E-Tender Security | 10% of Tender Value |
| E-Tender document processing | As per tender list |

**लिपिक** न.पा.प. शेरकोट (बिजनौर)

**अवर अभियंता (सिविल/जलकल)** न.पा.प. शेरकोट (बिजनौर)

**अधिशासी अधिकारी** न.पा.प. शेरकोट (बिजनौर)

**अध्यक्ष** न.पा.प. शेरकोट (बिजनौर)

# ओवरब्रिज के नीचे मिला अधेड़ का शव

**बिजनौर।** एनएच-34 पर मेरिटा स्कूल के पास ओवरब्रिज के नीचे अधेड़ का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, करीब 55 वर्षीय व्यक्ति का शव ओवरब्रिज के नीचे पड़ा था। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन देर शाम तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस की प्रारंभिक जांच में शव पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं पाए गए, जिससे मौत के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ सिटी संग्राम सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, नजीबाबाद**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्री मुकुल खन्ना पुत्र स्व. श्री विकास चन्द्र खन्ना मौहल्ला कटरा चेतराम,** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर में नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/ अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्री कैलाश चन्द्र खन्ना, स्व. श्री विकास चन्द्र खन्ना पुत्रगण स्व. श्री गंगा प्रसाद खन्ना** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु रजिस्टर्ड वारिसान व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: **10 कटरा चेतराम,** नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, नजीबाबाद**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्री हर्ष कुमार व नीरज कुमार पुत्रगण श्री राजेश कुमार मौहल्ला मकबरा** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर में नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/ अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्री प्रमोद कुमार पुत्र श्री चमन लाल** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु रजिस्टर्ड बैनामा व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: **1636/1 मकबरा,** नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

## एक नजर

### शैलेंद्र रावत का स्वागत



**कालागढ़।** स्थानीय हाईडिल कॉलोनी स्थित विश्राम गृह में पूर्व विधायक शैलेंद्र रावत एवं नगर पालिका अध्यक्ष कोटद्वार के पहुंचने पर उनका भाजपा मंडल अध्यक्ष मीनाक्षी चौधरी, सुनील रावत मंडल महामंत्री, नवीन चंद पुजारी आदि कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। शैलेंद्र रावत ने बताया कि सड़क दुर्घटना में रीना गुसाई निवासी ग्राम भिक्कावाला की मृत्यु हो गई थी। घटना के पश्चात उनके घर पर शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए पहुंचे थे।

### यूपी होमगार्ड भर्ती परीक्षा शुरू

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित यूपी होमगार्ड भर्ती की लिखित परीक्षा बिजनौर में आज से शुरू हो गई है। यह परीक्षा 27 अप्रैल तक चलेगी। जनपद के 13 स्कूलों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है, जहां नकल विहीन और शांतिपूर्ण परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

## नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उ. प्रा. वि. चौंधेड़ी के प्रांगण में चिन्हित खड़े 16 यूके लिप्टिस वृक्षों व 01 नीम वृक्ष की नीलामी निर्धारित मूल्यांकन (59,170 /-) रुपए से दिनांक 29.04.2026 को प्रात: 10:00 बजे उ.प्रा.वि. चौंधेड़ी पर सामूहिक रूप से आयोजित की जाएगी। नीलामी में शामिल होने वाले प्रतिभागी अपने मूल आधार कार्ड सहित उपस्थित होंगे। नीलामी प्रक्रिया में शामिल होने हेतु चिन्हित वृक्षों की भौतिक स्थिति स्वयं ही जांचे व प्रक्रिया में भाग ले। नीलामी के अन्य नियम व शर्तें नीलामी स्थल पर प्रक्रिया से पूर्व ही घोषित की जाएंगी।

**नोट- नीलामी प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर निर्णय का सर्वाधिकार, स्थगित करने या निरस्त करने आदि का समिति के अध्यक्ष में अंतर्निहित है।**

**प्रधानाध्यापक**
**उ.प्रा.वि. चौंधेड़ी**
**विकास क्षेत्र - जलीलपुर (बिजनौर)**

## एक नजर

### फादरसन में अतिथियों का सम्मान



**चांदपुर।** फादरसन पब्लिक स्कूल के परिसर में अत्यंत प्रेरणादायक एवं सकारात्मक वातावरण का अनुभव हुआ। विद्यालय की सम्मानित प्रबंधक आभा सिंह के मार्गदर्शन में विद्यालय को आदित्य सिंह एवं रिया सिंह के आगमन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह विद्यालय के लिए गर्व का विषय रहा कि चेयरमैन एवं मैनेजर के पुत्र एवं पुत्रवधू का विद्यालय स्वागत किया गया। उनका आगमन न केवल सम्मान का प्रतीक रहा, बल्कि पूरे परिसर में उत्साह और सकारात्मकता का संचार भी हुआ। आदित्य सिंह एवं रिया सिंह ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से आत्मीय संवाद किया, जो सभी के लिए अत्यंत प्रेरणादायक एवं यादगार रहा। उनके विचारों और मार्गदर्शन ने सभी को आगे बढ़ने के लिए नई ऊर्जा प्रदान की।

### विद्यार्थियों ने लहराया परचम




**धामपुर।** धामपुर पब्लिक स्कूल के कक्षा 10 एवं कक्षा 12 के परीक्षा परिणाम इस वर्ष अत्यंत उत्कृष्ट रहे। विद्यार्थियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कक्षा 12 में प्रथम स्थान पर ऋतिक चौहान, द्वितीय स्थान पर मौहम्मद जायद तथा तृतीय स्थान पर रिमशा रहे। वहीं कक्षा 10 में सुहाना परवीन एवं मानसी प्रथम स्थान पर रहीं, द्वितीय स्थान पर साक्षी रही व तृतीय स्थान पर सौम्या पांडे रहीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या बबीता गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता निरंतर मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिणाम होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने लक्ष्य को स्पष्ट रखें और निरंतर प्रयास करते रहें, सफलता अवश्य मिलेगी। इस खुशी के मौके पर प्रधानाचार्या बबीता गुप्ता ने विद्यार्थियों का मुंह मीठा कराकर उनकी सफलता का उत्सव भी मनाया। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी है।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलटी



**शेरकोट।** नेशनल हाईवे स्थित बस स्टॉप के निकट उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सेंट्रिंग (निर्माण सामग्री) से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसा उस वक्त हुआ जब ट्रैक्टर-ट्रॉली अफजलगढ़ से नहटौर की तरफ सामान लेकर जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रॉली पलटते ही हाइवे पर सेंट्रिंग का सामान बिखर गया, जिससे कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और बिखरे हुए सामान को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक अंकित को मामूली चोटें आई हैं, जिसे प्राथमिक उपचार दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### वैदेही ने प्रथम स्थान पाया

**चांदपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद लखनऊ का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें श्री बिहारी संस्कृत माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने जनपद में पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष (कक्षा 10) की छात्रा वैदेही ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अश्विनी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा अंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उत्तर मध्यमा प्रथम वर्ष (कक्षा 11) में दीक्षा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सत्य कीर्ति ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा अनुष्का सुमन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष (कक्षा 12) में अर्णिका धीमान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कीर्ति ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा दीपांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबंधक डा.कपिल कुमार शर्मा, विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्रशेखर पाठक तथा स्टाफ ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### रात में महिला के घर में घुसा युवक पकड़ा

**स्योहारा।** ग्राम गोवर्धनपुर निवासी एक युवक देर रात अपने घर से ट्रैक्टर लेकर खेत पर जाने की बात कहकर निकला था। बताया जाता है कि युवक खेत पर जाने की बजाय सीधे एक महिला के घर पहुंच गया। युवक के घर में प्रवेश करने के बाद कुछ समय तक किसी को इसकी भनक नहीं लगी। इसी दौरान घर में सो रहे महिला के छोटे बच्चों की अचानक नींद खुल गई। मां को पास न देखकर बच्चे रोने लगे। बच्चों के रोने की आवाज सुनकर परिवार के अन्य सदस्य जाग गए। जब परिजनों ने तलाश की तो युवक को घर के अंदर संदिग्ध अवस्था में पकड़ लिया गया। देखते ही देखते गांव में सूचना फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने युवक को पकड़कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में लेकर थाने ले गई। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि युवक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया गया है। वहीं घटना के बाद गांव में सामाजिक मर्यादाओं और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा का माहौल बना हुआ है।

### चौराहों पर हाईटेक कैमरों से निगरानी शुरू

**स्योहारा।** नगर में कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को हाईटेक किया जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर नगर के संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर आधुनिक एएनपीआर व पीटीजेड कैमरे स्थापित किए गए हैं। जिनसे क्षेत्र की गतिविधियों पर चौबीसों घंटे नजर रखी जाएगी। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में फव्वारा चौक सहित नगर के अन्य प्रमुख चौराहों एवं मार्गों पर कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों की मदद से आने-जाने वाले वाहनों की नंबर प्लेट स्कैन कर तुरंत जानकारी प्राप्त की जा सकेगी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार अत्याधुनिक तकनीक से लैस ये कैमरे दूर तक घूमकर निगरानी करने में सक्षम हैं। इससे चोरी लूट यातायात नियम उल्लंघन तथा अन्य आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

# 10 घरों में बिजली चोरी पकड़ी

## टीम ने बिजली चोरी न करने और स्मार्ट मीटर लगवाने को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** विद्युत निगम व विजिलेंस की संयुक्त टीम ने आज की सुबह नांगल सोती क्षेत्र में चैकिंग अभियान चलाया। टीम ने 10 घरों में बिजली चोरी पकड़ी। जिनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।



विद्युत निगम के एसडीओ राहुल यादव के नेतृत्व में विजिलेंस की टीम ने सुबह नांगल सोती, हरचंदपुर और चमरौला में उपभोक्ताओं के घरों में बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी की। टीम ने 10 घरों में बिजली चोरी पकड़ी। एसडीओ राहुल यादव ने बताया कि चार उपभोक्ता स्मार्ट मीटर में रिचार्ज ना होने के कारण सीधे मीटर से अलग केबल डालकर बिजली चोरी कर रहे थे। छह उपभोक्ताओं के घरों में कनेक्शन क्षमता से अधिक 15 किलोवॉट का भार चलते पाया गया। सभी 10 उपभोक्ताओं के खिलाफ बिजली चोरी के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। टीम ने ग्राम चमरौला में मार्च निकालकर बिजली चोरी न करने और स्मार्ट मीटर लगाने के लिए उपभोक्ताओं को जागरूक किया।

## सीयूजी नंबर नहीं उठाते अधिकारी, जवाबदेही से दूरी

### पत्रकारों को नहीं मिलता जवाब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में अधिकारियों की कार्यप्रणाली को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी अपने सीयूजी नंबर तक उठाना जरूरी नहीं समझ रहे, जिससे न केवल आमजन बल्कि मीडिया कर्मियों को भी जानकारी प्राप्त करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

बताया जा रहा है कि जब किसी मामले में अखबार संवाददाता या मीडिया प्रतिनिधि अधिकारियों से पक्ष जानने के लिए संपर्क करते हैं, तो कई बार कॉल रिसीव नहीं की जाती। कई बार फोन लगातार बजता रहता है, लेकिन जवाब नहीं मिलता, और कुछ मामलों में बाद में भी कॉल बैक नहीं किया जाता।

मीडिया से जुड़े लोगों का कहना है कि किसी भी खबर को प्रकाशित करने से पहले संबंधित अधिकारी का पक्ष लेना पत्रका. रिता का अहम हिस्सा होता है। लेकिन जब अधिकारी फोन तक नहीं उठाते, तो निष्पक्ष और संतुलित रिपोर्टिंग प्रभावित होती है। लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं से यह सवाल उठ रहा है कि क्या अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों के प्रति गंभीर हैं? शासन स्तर पर पारदर्शिता और जवाबदेही की बात की जाती है, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति अलग नजर आ रही है। स्थानीय लोगों और मीडिया कर्मियों का मानना है कि अधिकारियों को अपने सीयूजी नंबर पर उपलब्ध रहना चाहिए, ताकि जनता और मीडिया के बीच संवाद बना रहे और प्रशासनिक व्यवस्था पर विश्वास कायम रह सके।

अब देखने वाली बात यह होगी कि क्या उच्च अधिकारी इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हैं और जिम्मेदार अधिकारियों को जवाबदेह बनाते हैं या फिर यह समस्या यूं ही बनी रहती है।

## सीएम से मिले डा. एनपी सिंह



**धामपुर।** नगीना चौराहा निवासी एवं हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व मंडल प्रभारी तथा श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेज एवं हॉस्पिटल पीपलसाना के अध्यक्ष डा. एनपी सिंह सीएम योगी आदित्यनाथ से लखनऊ स्थित उनके आधिकारिक आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान डा. एनपी सिंह ने सीएम से जनपद बिजनौर के विकास, शिक्षा और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग से जुड़े निवेशकों को आ रही परेशानियों के संबंध में भी सीएम को अवगत कराया गया। डा. एनपी सिंह के अनुसार सीएम योगी आदित्यनाथ ने जनपद बिजनौर के समग्र विकास को लेकर सकारात्मक रुख दिखाया और जल्द ही बिजनौर दौरे का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने जनपद की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने की बात कही। डा. एनपी सिंह ने बताया कि सीएम से हुई यह मुलाकात बेहद सार्थक रही और उन्होंने जनपद के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। सीएम द्वारा दिए गए आश्वासन से जनपदवासियों में उम्मीद जगी है कि आने वाले समय में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि यदि सीएम का दौरा होता है, तो जनपद के लंबित कार्यों को गति मिलेगी और स्थानीय समस्याओं के समाधान में तेजी आएगी।

# मीट कारोबारियों की मनमानी से परेशानी

## लगातार बढ़ रही कीमतों से ग्राहकों में नाराजगी का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर में भैंस के मीट की बढ़ती कीमतों ने आम जनता और छोटे व्यापारियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मीट के दामों में हो रही लगातार बढ़ोतरी को लेकर ग्राहकों में नाराजगी का माहौल है।

स्थानीय नागरिकों एवं व्यापारियों का आरोप है कि मीट कारोबार से जुड़े कुछ बड़े सप्लायरों की मनमानी और आपसी सांठगांठ के चलते बाजार में कृत्रिम महंगाई पैदा कर दी गई है। मीट व्यापारियों का कहना है कि सप्लाई व्यवस्था पर एक सीमित समूह का कब्जा बना हुआ है। जब भी कोई नया सप्लायर नगर में मीट की सप्लाई शुरू करने की कोशिश करता है, तो उसकी गाड़ियों को रास्ते में ही रोक दिया जाता है या दबाव बनाकर सप्लाई बंद करा दी जाती है। इसके चलते बाजार में प्रतिस्पर्धा समाप्त हो गई है और कुछ चुनिंदा सप्लायर अपनी मनमर्जी से दाम तय कर रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि वे जानबूझकर मीट महंगा नहीं बेच रहे, बल्कि सप्लायरों द्वारा बढ़ाए गए रेट के कारण उन्हें मजबूरी में कीमतें बढ़ानी पड़ रही हैं।

वहीं ग्राहकों का आरोप है कि ऊंचे दाम वसूलने के बावजूद कई बार मीट की गुणवत्ता भी संतोषजनक नहीं रहती। नगर में यह मामला इसलिए भी चर्चा का विषय बना हुआ है, क्योंकि करीब तीन वर्ष पूर्व मीट के बढ़ते दामों को लेकर नगर में यह चर्चा जोर पकड़ गई थी कि एक जनप्रतिनिधि को मीट सप्लायरों द्वारा प्रतिदिन लगभग 30 रुपए प्रति किलो का कमीशन दिया जाता है। जिसके कारण मीट महंगा हो रहा है, हालांकि बाद में यह बातें केवल चर्चाओं तक ही सीमित रहीं और किसी स्तर पर इसकी पुष्टि नहीं हो सकी। नागरिकों कहना है कि उस दौर में बढ़ती कीमतों से ध्यान हटाने के लिए तरह-तरह की बातें फैलाकर माहौल बनाया गया था। नागरिकों का मानना है कि महंगाई की असली वजह सप्लाई व्यवस्था में पारदर्शिता की कमी और कुछ कारोबारियों की मनमानी है स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि सप्लायरों की अधिकारियों में मजबूत पकड़ होने के कारण शिकायतों के बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि मीट सप्लाई व्यवस्था की निष्पक्ष जांच कराई जाए। फिलहाल नगर में मीट की बढ़ती कीमतें लोगों के बीच चर्चा और असंतोष का प्रमुख विषय बनी हुई हैं तथा लोग प्रशासनिक हस्तक्षेप की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

## डिवाइडर से टकराया डंपर



**रेहड़।** डंपर चालक मौहम्मद जुबैर निवासी ग्राम दहलावाला आज शाम करीब चार बजे ग्राम हसनपुर से दहलावाला जा रहा था। रेहड़ बस स्टैंड के पास हाईवे पर आगे चल रही कार के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। कार को बचाने के लिए उसने जैसे ही डंपर के इमरजेंसी ब्रेक लगाए, वह अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से डंपर को हाईवे से हटवाकर आवागमन सुचारु कराया।

## बाल अपचारी का थाने में आत्मसमर्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** हत्या के मामले में फरार चल रहे एक बाल अपचारी ने थाने में आकर आत्मसमर्पण कर दिया। जिसके बाद पुलिस अग्रिम कार्यवाही में जुटी है।

मालूम हो कि 19 मार्च को क्षेत्र के ग्राम शहजादपुर में दो सगे भाई पप्पू और महेंद्र में जमीन की मेंढ को लेकर खूनी संघर्ष हो गया था। जिसमें पप्पू और उसका लड़का मोनू गंभीर रूप से घायल हो गया था। 23 मार्च को मोनू की इलाज के दौरान ऋषिकेश एम्स में मृत्यु हो गई थी। पप्पू के लड़के सोनू की तहरीर पर कोमल, यशपाल, महेंद्र, जयपाल और एक बाल अपचारी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई थी। जिसके बाद पुलिस ने कोमल, यशपाल, महेंद्र, जयपाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, आरोपित बाल अपचारी फरार हो गया था, जिसकी पुलिस को तलाश थी, आज फरार बाल अपचारी ने नांगल थाने में आकर आत्मसमर्पण कर दिया। थाना अध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि वांछित बाल अपचारी ने थाने आकर आत्मसमर्पण कर दिया है, अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# सीएचसी में विश्व मलेरिया दिवस मनाया

### कर्मचारियों ने ली मलेरिया उन्मूलन की शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** सीएचसी में आज विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। सीएचसी अधीक्षक डा.बीके स्नेही के नेतृत्व में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को मलेरिया उन्मूलन की शपथ दिलाई गई। साथ ही नागरिकों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया।



डा. बीके स्नेही ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार कार्यक्रम आयोजित किया गया है और सरकार ने वर्ष 2030 तक मलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने कहा कि गर्मियों के मौसम में मच्छरों की संख्या बढ़ने से मलेरिया सहित अन्य संक्रामक रोग फैलने की आशंका रहती है। समय पर जांच और उपचार न मिलने पर मलेरिया गंभीर व जानलेवा हो सकता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि बुखार आने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में खून की जांच कराएं, जिससे समय पर सही उपचार मिल सके।

कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा बुखार से पीड़ित मरीजों की ब्लड स्लाइड जांच अभियान चलाने की जानकारी दी गई। साथ ही लोगों को घर व आसपास पानी जमा न होने देने और स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। बताया गया कि मलेरिया का उपचार सभी सरकारी अस्पतालों में नि:शुल्क उपलब्ध है।

इस मौके पर डा.हासिम, डा. प्रणव, डा.राकेश कुमार, हेल्थ सुपरवाइजर वीर सिंह, मौहम्मद फारूख सुमित कुमार, धीरेंद्र सिंह, उमेश कुमार, चित्रा, तुषार चंद्र, अमित कुमार, आलोक कुमार, एआरओ आलोक कुमार, फार्मासिस्ट योगेश, हरीश, प्रदीप रावत, बीपीएम शालिनी विश्नोई, डीईओ राशि, अनम सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### बंदर पकड़ने का अभियान जारी



**स्योहारा।** नगर क्षेत्र में बढ़ती बंदरों की संख्या को देखते हुए पालिका चेयरमैन शेख फैसल वारसी एवं ईओ विजेंद्र सिंह पाल के दिशा-निर्देशन में बंदरों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। चेयरमैन शेख फैसल वारसी ने बताया कि नगर में बंदरों के आतंक से नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। कई स्थानों पर बंदरों द्वारा लोगों पर हमला करने एवं घरों में घुसकर नुकसान पहुंचाने की शिकायतें मिल रही थीं। नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पालिका प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाकर बंदरों को पकड़वाया जा रहा है। ईओ विजेंद्र सिंह पाल ने बताया कि शासन के नियमों एवं निर्धारित मानकों के अनुसार यह अभियान चलाया जा रहा है। नगर क्षेत्र को बंदरों के आतंक से निजात दिलाने तथा आमजन की समस्याओं का समाधान करने के उद्देश्य से नियमित रूप से टीम लगाकर बंदरों को पकड़ने की कार्रवाई की जा रही है। पालिका प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि अभियान के दौरान सहयोग करें तथा बंदरों को उकसाने या खाने-पीने की वस्तुएं खुले में न डालें। जिससे समस्या पर स्थायी रूप से नियंत्रण पाया जा सके।

### एमएम कालेज का परीक्षाफल शत-प्रतिशत




**चांदपुर।** एमएम इंटर कॉलेज परीक्षा परिणाम इस बार भी श्रेष्ठ रहने से विद्यार्थियों में हर्ष का माहौल है। इसे कॉलेज के शिक्षकों द्वारा बेहतर शिक्षा प्रदान करना और उनकी कड़ी मेहनत का परिणाम माना जा रहा है। हाईस्कूल में 278 विद्यार्थी थे। जिनमें से 11 अनुपस्थित रहे जबकि 267 विद्यार्थियों में से 241 विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे और 26 फेल रहे। इस क्रम में कॉलेज का 90.26 प्रतिशत परीक्षाफल रहा। मौहम्मद जैद आलम ने सर्वाधिक 82.50 प्रतिशत अंक तथा अबू बक्र ने 600 अंको में से 466 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उधर इंटर मीडिएट की परीक्षा में कॉलेज टॉपर साइंस में अब्दुल मन्नान ने 500 अंकों में से 410 अंक प्राप्त कर प्रथम, मौहम्मद अर्श ने 500 अंकों में से 370 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही अब्दुल हादी ने 500 अंकों में से 378 अंक प्राप्त कर प्रथम व मौहम्मद अयान ने 500 अंकों में से 327 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पाया।

### कांग्रेस नेता का जोरदार स्वागत



**शेरकोट।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता व उत्तराखण्ड रावत ब्रिगेड के महासचिव आर्किटेक्ट मौहम्मद आतिफ के आगमन पर कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव फुरकान महमूद अंसारी के नेतृत्व मे जिला कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। मौहम्मद आतिफ ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त कर कांग्रेस की नीतियों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब से देश में भाजपा सरकार आई है, तब से हमारा देश बहुत पिछड़ गया है, गरीब इंसान गरीब होता जा रहा है और अमीर व्यक्ति और अमीर हो रहा है। देश में लाखों युवा नौकरी व कारोबार के लिए डिग्री लेकर सड़कों पर घूम रहे है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से कांग्रेस की नितीयों को जनता तक पहुंचाने की अपील की है। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव फुरकान महमूद अंसारी, फईम अंसारी, डा.इकबाल, हाफिज सददन, जावेद सभासद सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भाभा हाउस ने कैरम प्रतियोगिता जीती



**धामपुर।** शिखर शिशु सदन में अंतर-सदन कैरम प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों, अर्जुन हाउस, भाभा हाउस, चाणक्य हाउस एवं नेहरू हाउस के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भाभा हाउस ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर चैंपियनशिप अपने नाम की। नेहरू हाउस ने द्वितीय स्थान तथा चाणक्य हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सब-जूनियर बालक वर्ग में चाणक्य हाउस प्रथम, भाभा हाउस द्वितीय एवं नेहरू हाउस तृतीय स्थान पर रहे, जबकि बालिका वर्ग में भाभा हाउस प्रथम, नेहरू हाउस द्वितीय एवं अर्जुन हाउस तृतीय स्थान पर रहा। जूनियर बालक वर्ग में नेहरू हाउस प्रथम, अर्जुन हाउस द्वितीय एवं भाभा हाउस तृतीय स्थान पर रहा। जूनियर बालिका वर्ग में भाभा हाउस ने प्रथम, चाणक्य हाउस ने द्वितीय एवं नेहरू हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर बालक वर्ग में भाभा हाउस प्रथम, नेहरू हाउस द्वितीय एवं चाणक्य हाउस तृतीय स्थान पर रहे। वहीं सीनियर बालिका वर्ग में नेहरू हाउस प्रथम, अर्जुन हाउस द्वितीय एवं चाणक्य हाउस तृतीय स्थान पर रहा। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्या भारती ने फीता काटकर किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल मनो. रंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना को विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। प्रतियोगिता को सफल बनाने में आरएन सिंह, गुरप्रीत सिंह का सहयोग रहा।

# एक अरब 85 करोड़ 92 लाख के बजट को मिली हरी झंडी

## जीआईएस सर्वे पर सभासदों की जमकर बहस, चुप्पी साधने पर सभासद गगन वार्ष्णेय ने किया बहिष्कार, जबरन जनता पर थोपने का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** पूर्व में विरोध की सुगबुगाहट के बाद देर से ही सही नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक में कुछ प्रस्तावों पर नोंक-झोंक और आपत्तियों के साथ हरी झंडी दे दी गई। बैठक में प्रस्तावित आय 1,85,92,72,103 बजट को हरी झंडी दे दी गई।

शनिवार को नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक अपने निध ारित समय से सभागार में शुरू हुई। कर निर्धारण अधिकारी कार्तिक यादव ने प्रस्ताव पढ़ना शुरू किया जिस पर सभासदो ने मेज़ थपथपायी और प्रस्ताव पर मंजूरी की मोहर लगा दी। बैठक में 01.02.2026 का प्रारम्भिक अवशेष 60,20,10,103.00 तथा वर्ष 2026-27 में प्रस्तावत आये 1,25,72,62,000.00 कुल योग 1,85,92,72,103.00 तक आमदनी व खर्च 1,67,67,80,76000.00 और वर्ष 2026-27 में प्रस्तावत अवशेष 18,11,196,103.00 पटल पर रखा गया। जिसकी सर्व सम्मति से स्वीकृति प्रदान कर दी गई, लेकिन इसी के साथ इसके सज्ञथ कार्यों की सूची एजेंडे में शामिल न करने पर सभासद शौकीन ने आपत्ति जतायी और कहा कि कैसे यकीन किया जाये। वैसे ही ई ओ डा. मणि भूषण तिवारी ने मामले को सम्भाला और भविष्य में सूची लगाने तथा वर्तमान एजेंडे में शामिल सूची सभासदों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। ई ओ ने सभासदों को संतुष्ट करते हुए कहा कि शासन स्तर से भरपूर पैसा उपलब्ध हुआ है। करोड़ों का अनुदान मिला है। इसलिए एक अराब पिच्चासी करोड़ की आये जबकि एक अरब 25 करोड़ का व्यय होगा। इस दौरान सभासद शौकीन ने 10 महीने का बोर्ड और दो माह का पैसा कअब कहां और दो साल का बोर्ड पास कराने का आरोप लगाकर आपत्ति जतायी। ई ओ ने सभासद को संतुष्ट कर दिया। बैठक में प्रकाश व्यवस्था और विभिन्न कार्य कराये जाने को हाईड्रोलिक ट्राली माउंटेड एट टाटा विद 10-11 मीटर लिफ्ट बूम चलाने को एक स्काई ड्राइवर रखे जाने को श्रम विभाग के शेडयूल के अनसार प्रतिदिन के हिसाब से 2,35,246 रूपये की धनराश के व्यय होने की स्वीकृति प्रदान कर दी। जबकि आउट सोर्सिंग के माध्यम से वित्तीय वर्ष में 365 दिन के लिए आठ लाइनमेन रखे जाने के लिए होने वाले 1646004 रूपये के खर्च का प्रस्ताव भी पास कर दिया गया। प्रकाश विभाग की ओर से एलईडी, स्ट्रीट लाईटों में किसी कारण आने वाली स्काई मशीन में खराब से कार्य बाधित न होने इसके लिए मशीन मरम्मत पर होने वाले 4,00.000 रूपये की मंजूरी दी गई। पोलों पर लगी एलईडी लाईटों के दिन में जलते रहने पर प्रकाश व्यवस्था को दुरस्त करने के लिए 1151000 के प्रस्ताव पर सभासद शौकीन ने सवाल उठाया। उन्होने कहा कि प्रस्ताव तो स्वीकार है लेकिन बिजली विभाग से भी नगर पालिका के पोलों को इस्तेमाल करने पर किराया वसूले जाने की मांग की। बैठक में विभिन्न विभागों में विभागीय कार्य करने को स्टेशनरी पर 7,50000 रूपये के प्रस्ताव को भी मंजूर कर लिया गया। प्रस्ताव सं. पढ़ते ही सभासद शौकीन ने जे ई जल निगम को सदन में बुलाने की मांग की। ई ओ ने जे ई जल निगम को उपस्थिति होने के निर्देश दिए। सभासद ने 2024-25 में कितनी सप्लाई दी गई और गंदे पानी की सप्लाई रोकने को क्या व्यवस्था की गई जानकारी चाही तो जे ई कोई संतोष जनक जवाब नहीं दे सके। जबकि राव वाली मस्जिद पर बोरिंग हो तो सभासी शौकीन ने सन्यास तक लेने की चेतावनी दी तो जे ई जल निगम की सिटटी-पिटटी गुम हो गयी। मामला बढ़ता इससे पूर्व जे ई जल निगम को बैकफुट पर आना पड़ा और आगे से कोई गलती नहीं होने व समाधान कराने का आशवासन मिलने पर प्रस्ताव को मजूंरी प्रदान कर दी। एक के बाद एक प्रस्ताव को हरी झंडी दे रहे सभासदों ने प्रस्ताव संख्या दस बोर्ड की प्रत्याषा में कराये जाने वाले कार्यों पर सवाल उठाया। सभासदों ने प्रस्ताव पर आपत्ति की और पूर्व में बोर्ड की प्रत्याषा में किये गए कार्य जबकि इस बार 5,42,99000 के व्यय होना था तो इसे बोर्ड बैठक में दिएए गए प्रस्ताव में क्यों शामिल नहीं किया गया सवाल दागा। ई ओ ने तत्काल माइक सम्भाला और इस पर अंकुश लगाने के साथ कुटेशन पर रोक कार्य टैंडर प्रक्रिया के माध्यम से कराने का आशवासन दिया। इस प्रस्ताव को भी आपत्ति के साथ पास कर दिया गया। प्रस्ताव सं. 11 पर बोर्ड की बैठक हर एक माह में होने की मांग रखने के साथ स्वीकृति दे दी गई। जबकि प्रस्ताव संख्या 17 जिसमें विनियमित क्षेत्र से नक्शा पास कराने को नगर पालिका परिषद से अनापत्ति प्रमाण पत्र लये जाने पर शुल्क लगाने का सभासद गगन वार्ष्णेय ने विरोध किया और इसे पूर्व की भांति ही पास करने की मांग र,ी लेकिन इस प्रस्ताव को भी आपत्ति के साथ मंजूरी दे दी गई। बोर्ड बैठक में उस समय हंगामा व ऊहा-पौह की स्थिति बन गई जब प्रस्ताव संख्या 21 जिसमें आयुक्त मंडल मुरादाबाद के निर्देशानुसार नगर पालिका सम्भल की सीमान्तर्गत स्थित सम्पत्तियों का जी आई एस सर्वे कराने को मजूंरी देने का प्रस्ताव रखा इस पर सभासद शौकीन सभाद गगन वार्ष्णेय खड़े हो गए और विरोध किया, जबकि दोनों ही सभासदों के साथ सदन में मौजूद अन्य सभासदों ने भी इस प्रस्ताव को इस बार निरस्त करना कहा। इस प्रस्ताव को लेकर नोंक-झोंक के हालात बने मगर चेयरपर्सन आसिया मुशीर चुप रही। जबकि सभासद जी आई एस सर्वे से नगर की जनता पर अतिरिक्त बोझ डालने का विरोध करते रहकर प्रस्ताव को पास नहीं कर रहे थे काफी देर तक इस प्रस्ताव को लेकर नोंक-झोंक और प्रस्ताव को पास करने पर ई ओ ज़ोर देते रहे लेकिन चेयरपर्सन पूरी तरह खामेश रहीं। ई ओ ने फिर माइक पकड़ा और चेयरपर्सन की चुप्पी पर ई ो ने कहा कि मंडलायुक्त के यहां जब सभी प्रस्ताव जायेंगे और केवल एक ही प्रस्ताव को मंजूरी नहीं मिलने की जानकारी मिलेगी तो अन्य प्रस्ताव भी लटकने की सम्भावना जातयी। काफी देर तक सभासदों को मनाने का प्रयास किया जाता रहा।सभासद शौकीन व गगन वार्ष्णेय समेत सभी इस प्रस्ताव को जबरन थोपने का आरोप लगाकर निरस्त की मांग पर अड़े और शासन स्वयं ही इस प्रस्ताव को मंजूरी क्यों नहीं देता की मांग की गई। लेकिन ई ओ के बार-बार मंडलायुक्त का हवाला देकर इसे मंजूर करने पर ज़ोर देते रहे। काफी देर तक प्रस्ताव का विरोध कर रहे सभासद शौकीन व अन्य ने जैसे ही खामोशी ओढ़ी वैसे ही इस प्रस्ताव को भी पास करने की घोषणा कर दी। लेकिन सभासद गगन वार्ष्णेय जनता पर अतिरिक्त बोझ डालने वाले इस प्रस्ताव को निरस्त करने की मांग पर अड़े रहे और विरोध के बाद भी प्रस्ताव को मंजूर करने की घोषणा पर सभासद गगन वार्ष्णेय ने सदन में जबरन प्रस्ताव पास कराने का आरोप लगाकर सदन का बहिष्कार कर उठकर चले गए। बैठक में बाकी प्रस्तावों पर भी हल्की-फुल्की आपत्तियों के साथ प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान कर दी। हालांकि शासन से नामित सभासद गोपाल शर्मा ने प्रस्ताव का सर्मथन किया लेकिन जनता पर कोई बोझ नहीं पढ़े ऐंसा कार्य करने का सुझाव दिया। इस मौके पर सभासद गौहर, सभासद अनीस आदि सभासदों के अलावा नामित सभासद सय्यद शान अली,सुरेश अटल, शोभित गुप्ता, भारती, व महिला सभासद मौजूद रहे। अंत में अध्यक्षता कर रहीं चेयरपर्सन आसिश मुशीर ने सभी सभासदों का आभार जताया और बोर्ड की बैठक स्थगित करने की घोषणा की। संचालन कर निर्धारण अधिकारी कार्तिक यादव ने किया।



सम्भल- नगर पालिका परिषद की बजट बोर्ड बैठक स्थगित करने की घोषणा करती चेयरपर्सन।

# एक साथ चार की मौत पर परिजनों की नहीं रूक रहीं सिसकियां

**भात की रस्म कर ट्रैक्टर-ट्राली से लौटते हादसे में हुई थी मौत**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** बेकाबू डम्फर की टक्कर में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत के बाद चारों के शव गांव पहुंचने पर शोक फैल गया। जबकि परिवार और रिश्तेदारों के करूणा क्रंदन से हर आँख से आँसू बह निकले।

बता दें कि नखासा थाना क्षेत्र के ग्राम भटोला निवासी स्वाति पुत्री नरेश ी 30 अप्रैल को बारात आनी है। विवाह से पूर्व परिवार भात की रस्म अदा करने बिलारी तहसील क्षेत्र के ग्राम गुरेर ट्रैक्टर-ट्राली में सवार होकर गया था। शुक्रवार की सुबह सभी ट्रैक्टर-ट्राली में सवार होकर अपने गांव लौट रहे थे। लेकिन समय को कुछ ओर ही मंजूर था। काल हाथ फैलये जैसे उनका इंतेजार कर रहा था। ट्रैक्टर और ट्रौली में सवार सभी सम्भल मुरादाबाद मार्ग स्थित मैनाठेर थाना क्षेत्र में पहुंचे तभी तेज गति में आ रहे बेकाबू डम्फर ने टक्कर मार दभ। ट्रैक्टर-ट्राली में सवार सवारियों में चींत्कार मच गयी। जबकि दर्दनाक हादसे में ददुल्हन स्वाति की चाखे सुमन और दादी शांति एवं चचेरा भाई अजीत तथा चचेरी बहन सृष्टि ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि बाकी सभी घायल हो गये। जिनमें कई की हालत गम्भीर बतायी जा रही है। एक साथ चार की मौत से भटोला में शोक छा गया था। जबकि सभी शवों को ुपलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। चारों के शव गांव पहुंचने पर शोक छा गया। जबकि परिवार का करूणा क्रंदन देखा नहीं जा रहा था। परिजनों के चींत्कार से गांव के हर निवासी की आँखे नम थीं जबकि कई घरों के चूल्हे तक नहीं जल पाये। इसके लावा एक साथ चार की मौत पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू और पूर्व लोकसभा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी के अलावा कई राजनैतिक लोगो ने परिजनों को पहुंचकर ढांढस बंधाया लेकिन शादी वाले परिवार में एक साथ चार की मौत का गम परिवार की सिसकियां आज भी जारी है।

# डीएम-एएसपी ने सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** फरियादियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण को शासन की महत्वाकांक्षी योजनानुसार थाना समाधान दिवस में जिलाधि कारी व एएसपी ने ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनका निस्तारण करने के निर्देश दिए।

बहजोई थाने पर थाना समाध ान दिवस का आयोजन जिलाधि कारी डा.राजेंद्र पैंसिया एवं अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) मनोज कुमार रावत की अध्यक्षता में किया गया। थाना समाधान दिवस में ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा, मार्ग से संबंधित तथा पैमाईश आदि से संबंधित शिकायतें थाना दिवस में आयीं। जिलाधिकारी ने कहा कि थाना समाधान दिवस में जमीनी विवादों की शिकायतों को सूचीबद्ध कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का समयावधि के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चत कराए ताकि फरियादियों को बार-बार अपनी शिकायत को लेकर इध र-उधर भटकना न पड़े। थाना समाध ान दिवस के अंतर्गत थाना बहजोई में 05 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी बहजोई डा. प्रदीप कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# बाल विवाह अपराध रोकने में करें मदद

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**असमोली।** बाल अपराधों के खिलाफ जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन की सहयोगी प्रयत्न संस्था सम्भल में लगातार अभियान चला रही है। शनिवार को अभियान को गति प्रदान करते हुए प्रयत्न संस्था ने पंवासा ब्लॉक के नूरियों सराय गांव में बाल विवाह न करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर संस्था के प्रभारी गौरीशंकर चौधरी ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और देश के भविष्य को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है एवं लोगों को बाल अपराधों के बारे में जानकारी देते हुए आसपास हो रहे किसी भी बाल अपराध की जानकारी जेआरसी हेल्प लाइन पर देने को जागरूक किया। जिससे की जनपद सम्भल को बाल विवाह मुक्त बनाने के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। बाल विवाह एक सामाजिक अपराध है। इसको जड़ से खत्म करने के लिए हम सबको मिलकर अबाज उठानी होगी, इस अवसर टीम के फील्ड कोर्डिनेटर सिराज अहमद ,शरीफ पहलवान, आमिर ,भूरा एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# इस बार भी सांसद और विधायक ने बनाए रखी बोर्ड की बैठक से दूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक से पूर्व सूचना के बाद भी क्षेत्रीय सांसद, जियाउर्रहमान बर्क, सदर इकबाल महमूद ने इस बार भी दूरी बनाये रखी। जबकि नगर पालिका परिषद के बजट बोर्ड की बैठक महत्वपूर्ण थी। इतनी महत्वपूर्ण बैठक में जनता से और विकास जुड़े प्रस्तावों को हरी झंडी दी गई इसमें क्षेत्रीय न प्रतिनिधियों का भी विकास कार्यों में सहयोग मिलता लेकिन हर बार ही तरह क्षेत्रीय दोनो ही जन प्रतिनिधियों ने बोर्ड बजट बैठक में कोई भाग नहीं लिया।

# पूरे समय सदन में खामोश रहीं चेयरपर्सन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सदन निचला हो या उच्च उसमें सदन अध्यक्ष की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण होती है। जबकि कब किसको बोलना है और कितना समय दिया जाता है यह सदन का अध्यक्ष ही तय करता है,क्योंकि सदन की एक गरिमा होती है, लेकिन नगर पालिका परिषद में जब-जब बोर्ड की बैठक आयोजित हुई है। कोई भी किसी समय बोलने खड़ा हो जाता है। हर बार बैठक में सदन की गरिमा को ठेस पहुंचती है और किसी प्रस्ताव पर कोई आपत्ति होती है तो उस पर अध्यक्ष का कोई जवाब आने से पहले ही ई ओ माइक सम्भालकर जवाब देकर सभासदों को संतुष्ट कराते हैं। शनिवार को भी जीआईएस सर्वे को लेकर काफी देर तक बहसबाजी हुई लेकिन पूरे समय सदन की अध्यक्षा खामोशी ओढ़े रहीं। अब चेयरपर्सन क्यों खामोश रहीं ओर जनता से जुड़े इस मामले पर भी कुछ न कहना समझ से परे है। बहरहाल सदन छोटा हो या बड़ा सदन की एक गरिमा होती है लेकिन नगर पालिका परिषद में जब-जब बैठक आयोजित होती है सदन की मुखिया खामोश रहती हैं। जबकि ई ओ को ही सभासदों के सवालों का जवाब देकर संतृष्ट करना पड़ता है और उनकी आपत्तियों को भी दूर कर प्रस्तावों को पास कराया जाता रहा है।

# ट्रैक्टर पलटने से एक ग्रामीण की दबकर मौत

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** थाना जुनावई क्षेत्र के सांकरा गंगा घाट पर ट्रैक्टर पलटने से एक ग्रामीण की दबकर मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब अलीगढ़ और कासगंज से आए लोग एक बच्चे के मुंडन संस्कार के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर घाट पर पहुंचे थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना जुनावई क्षेत्र के सांकरा गंगा घाट पर हुई। अलीगढ़ के थाना दारू क्षेत्र के कंचनपुर गांव निवासी किताब सिंह अपने पोते मोहित का मुंडन संस्कार कराने के लिए परिवार और रिश्तेदारों के साथ यहां आए थे ट्रैक्टर-ट्राली मिट्टी की ऊंचाई पर चढ़ते समय अचानक उछल गई ट्रैक्टर के नीचे दबने से कासगंज के थाना सबर क्षेत्र के गड़िया गांव निवासी 51 वर्षीय रामवीर की मौके पर ही मौत हो गई इस घटना से मुंडन संस्कार के लिए आए अन्य लोगों में अफरा-तफरी मच गई गंगा घाट पर ग्रामीण की मौत की सूचना मिलते ही जुनावई थाना पुलिस मौके पर पहुंची परिजनों की मांग पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। थाना प्रभारी धीरज सिंह ने बताया कि कासगंज के गड़िया निवासी रामवीर की ट्रैक्टर-ट्राली के नीचे दबकर मौत होने की सूचना मिली थी पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है और इस संबंध में किसी भी पक्ष की ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

# छत पर कपड़े सुखाने गई महिला की गिरकर मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जिला अस्पताल में उपचार के बाद तोड़ा दम**

**सम्भल।** छत पर कपड़े सुखने गयी महिला कड़क धूप में चक्कर खाकर नीचे गिर गई। हादसे में गम्भी रूप से घायल महिला को जिला अस्पताल ले जाया गया। काफी देर उपचार के बाद महिला की मौत हो गयी।

नगर के मौहल्ला चमन सराय निवासी वसीम की पत्नी कौसर जहां घर की छत पर कपड़े सुखाने गई थीं। इसी दौरान तेज व कड़क धूप में चक्कर आने से महिला का संतुलन बिगड़ गया और वह जीने सीढ़ियों से नीचे गिर गईं। हादसे में महिला के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। परिजन आनन-फानन में महिला को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। आपातकालीन चिकित्साधिकारी ने बताया कि महिला को सुबह करीब पौने नौ बजे अस्पताल लाया गया था। उस समय उसकी हालत बेहद गंभीर थी। सिर और चेहरे पर गहरी चोटें थीं, नाक और मुंह से खून बह रहा था, वह बेहोश थी और सांस लेने में भी दिक्कत हो रही थी। तुरंत इलाज शुरू किया, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका और इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई। चिकित्सक द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद पुल पर आवागमन सुचारू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** अनूपशहर पुल पर मरम्मत कार्य होने से नरोरा पुल से रूट डायवर्ट था जो अब कार्य पूर्ण होने से फिर अनूपशहर पुल पर आवागमन सुचारू हो गया।

पुलिस ने सभी को सूचित किया है कि अनूपशहर पुल जनपद बुलन्दशहर पर मरम्मत का कार्य पूर्ण होने के बाद आवागमन शुरू कर दिया गया है। अब तक अनूपशहर पुल से होकर दिल्ली, अनूपशहर व बुलंदशहर जाने वाला यातायात केसरपुर तिराहा थाना रजपुरा से डायवर्ट होकर नूरपुर तिराहा से इन्द्राचौक बबराला होकर गुन्नौर चौक गुन्नौर से नरौरा पुल होकर अपने -अपने गंतव्य की ओर जा रहे थे। अब रुट डायवर्ट नहीं रहेगा। वह अब अनूपशहर पुल से गुजरेंगे। बबराला नगर से अनूपशहर को जाने वाले वाहन कस्बे होकर निकलने लगेंगे।

# आरआरआर सेंटर व टॉयलेट स्वच्छता मौनीटरिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने पर दिया ज़ोर**

**बबराला।** नगर पंचायत बबराला एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त तत्वावध ाान में कम्युनिटी ल ेड डिसेंट्रलिसेड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के अंतर्गत वार्ड संख्या 05 मोहल्ला टंकी वाला में स्थित पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय में स्वच्छता टॉयलेट व आर.आर.आर.सेंटर की मॉनिटरिंग की गयी।

सबको अवगत कराया कि अपना अनुपयोगी समान स्कूल यूनिफार्म,जूते, किताबें बैग, खिलौने आदि वस्तुएं ट्रिपल आर सेंटर पर जमा करायें ताकि जरूरतमंद विद्यार्थियों की मदद हो सकें। आईटीसी मिशन सुनहरा कल के कॉर्डिनेटर करन सिंह ने कहा कि नगर में स्वच्छता निर्माण की दिशा में सामूहिक संकल्प सुदृढ़ हुआ। तभी कहा है कि स्वच्छ शहर, सुंदर भविष्य। सभी स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। स्वच्छता बेहद जरूरी है। इस दौरान नगर पंचायत कर्मी व शिक्षक,छात्र रहे।

# कड़ी सुरक्षा में दी होमगार्ड परीक्षा

**अंधेरे से ही परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचने लगे थे अभ्यर्थी**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** सम्भल जनपद में होमगार्ड परीक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहा। पहले दिन परीक्षा केन्द्रों पर कड़ी निगरानी रही जबकि परीक्षार्थी अंध ेरे से ही परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचना शुरू हो गए।

शनिवार को जनपद में बने होमगार्ड परीक्षा के लिए 10 परीक्षा केंद्र बनाये गए। जिन पर तीन तीन दिनों में छह पालियों में 21,000 से अधि क परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। शनिवार को पहले दिन परीक्षा केन्द्रों पर करायी गयी। परीक्षा को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से सख्त इंतजाम किए गए। जबकि हर केंद्र पर एक सेक्टर मजिस्ट्रेट और एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई। वहीं कुल 10 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 10 स्टेटिक मजिस्ट्रेट ने निगरानी की। इसके अलावा प्रत्येक केंद्र पर पुलिस प्रभारी नियुक्त किए गए। जिससे किसी भी तरह की गड़बड़ी पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। एएसपी कुलदीप कुमार ने बताया कि परीक्षा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया गया है। अभ्यर्थियों की एंट्री से पहले सघन जांच के बाद ही अंदर प्रवेश दिया गया। जिससे नकल या किसी भी तरह की अनियमितता पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके। परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं करने की चेतावनी दी गई थी।



सम्भल- होमगार्ड परीक्षा देने परीक्षा केन्द्र के बाहर खड़े अभयर्थी।

# जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मंशीन खराब होने पर बिफरे कार्यकर्ता

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** जिला अस्पताल में दो महीने से अल्ट्रमशीन बंद होने पर जिला संर्घष समिति के कार्यकर्ताओं ने रोष जताया और सीएमएस को ज्ञापन देकर तत्काल शुरू कराने व हेपेटाअइटिस सी की दवा का स्टॉक न होने पर चिंता जतायी।

जिला संर्घष समिति के कार्यकर्ता डा. नाजिम के नेतृत्व में जिला अस्पताल पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने सीएमएस डा. राजेन्द्र सैंनी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि जिला अस्पताल में 30 मार्च से अल्ट्रासाउंड की सुविधा नहीं है। इतने दिनों से गरीब जनता 800 रूपये खर्च करके निजि सेंटरों पर अल्ट्रासाउंड कराने पर मजबूर हैं। समिति के कार्यकर्ताओं ने दुख व्यक्त करते हुए इसे तत्काल ठीक कराने की मांग की। इसी के साथ ज्ञापन मे हेपेटाईटिस सी की जांच के लए अधिकतर लोग वंचित रह जाते है। जबकि स्टॉक न होने से लोग परेशान होने के आरोप लगाये। इसके अलावा अस्पतालम ें आपरेशन की सुविधा न के बराबरह ोने ओर स्टाफ निजि चिकित्सकों के पास जाने का परार्मश देने का आरोप लगाया। ज्ञापन देने वालों में फारूक जमाल, यासीन अंसारी, मा. सफदर, मोहसिन आदि मौजूद रहे।



सम्भल- जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सेंटर बंद होने के विरोध में ज्ञापन देते।

# बाबा श्याम के संकीर्तन को पांडाल सजकर तैयार

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** बाबा श्याम का 22 वा भव्य संकीर्तन आज, कुरुक्षेत्र मैदान में बनकर तैयार हुआ कीर्तन का विशाल पंडाल,कलकत्ता के फूलों से किया जा रहा है तैयार, इत्र की खुशबू से महकेगा श्याम पंडाल... कार्यक्रम स्थल पर हुआ भूमि पूजन।

श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट के द्वारा बाबा खाटू श्याम का 22वा संकीर्तन नगर के कुरुक्षेत्र मैदान में होगा। जहां श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट का वार्षिक उत्सव मनाया जाएगा। बाबा खाटू श्याम के भव्य एवं विशाल संकीर्तन की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया है वही बाबा श्याम के संकीर्तन से पहले संकीर्तन स्थल पर श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष अनुज गर्ग,पदाधिकारी विशेष गुप्ता, विशाल रुहेला और अंकित भटनागर और सदस्यों के द्वारा भूमि पूजन किया गया और विधि विधान के साथ भूमि पूजन संपन्न हुआ। वही बाबा श्याम के भव्य संकीर्तन के लिए दरबार को भव्य तरीके से सजाया जा रहा है। जहां कलकत्ता के ूलों से बाबा श्याम का दरबार सजाया रहा है। इसी के साथ कुरुक्षेत्र मैदान से लेकर चंदौसी चौराहे तक रंग बिरंगी लाइट से पूरे मार्ग को सजाया गया है। वही बाबा श्याम के संकीर्तन स्थल पर श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट के द्वारा श्रृद्धालुओं के द्वारा भंडारे की भी व्यवस्था की गई है। बाबा श्याम के भव्य संकीर्तन के अवसर पर जयपुर से आए हुए कलाकार आयुष सोमानी,कानपुर से आई हुई कलाकार शर्मा सिस्टर और भजन कलाकार अग्रवाल बंधु (अतुल शशांक) बाबा श्याम के सुंदर-सुंदर भजनों का गुणगान करेंगे। खाटू श्याम संकीर्तन के लिए श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट के द्वारा बड़े स्तर पर तैयारी की गई हैं जहां कुरुक्षेत्र मैदान में श्याम संकीर्तन के लिए पंडाल बनकर तैयार हो चुका है और रोशनी से जगमग किया गया है। रविवार रात 8:00 बजे बाबा खाटू श्याम की आरती और गणेश वंदना के साथ श्री श्याम संकीर्तन शुरू होगा। इसके बाद रात्रि 3 बजे तक भजन कलाकारों के द्वारा सुंदर-सुंदर भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। श्याम संकीर्तन की पूर्व संध्या पर कुरुक्षेत्र मैदान स्थित कार्यक्रम स्थल पर भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन के दौरान नवनीत कुमार सागर चंद्र,ललित, प्रशांत रुहेला,निखिल गुप्ता आदि सदस्य मौजूद रहे।

# गुन्नौर उपकेन्द्र से चार घंटे बाधित रहेगी बिजली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**11 के वी वी सी बदले जाने के दृष्टिगत होगा कार्य**

**बबराला।** 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र गुन्नौर 9:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था द्वारा 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र गुन्नौर की 11 के.वी. वी सी बी बदले जाने के दृष्टिगत 33/11 के.वी. उपकेन्द्र से निर्गत समस्त पोषक से पोषित क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति 26 अप्रैल रविवार को 9:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक कुल 04 घन्टे की अवधि के लिए बाधित रहेगी। अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड बबराला अजय शुक्ला ने बताया कि बिजली सप्लाई 4 घण्टे बाधित रहेगी। उपभोक्ताओं को उक्त सूचना के सम्बन्ध में अवगत कराया जा रहा है।

खबरे छुपाता नही, छापता है।
शाह टाइम्स
Mob. 9837240139
नगर पालिका गेट के ऊपर
तहसील रोड सम्भल

# कड़ी सुरक्षा के बीच जनपद में होमगार्ड भर्ती परीक्षा शुरू, 28 केंद्रों पर आयोजित की जा रही परीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद में होमगार्ड भर्ती परीक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। 25 अप्रैल से 27 अप्रैल तक आयोजित हो रही इस परीक्षा के लिए जिले में कुल 28 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षाएं कराई जा रही हैं।

शनिवार को पहले दिन पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा प्रतिदिन दो शिफ्ट में आयोजित की जा रही है, जिसमें दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक होती है। प्रशासन द्वारा सभी केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है, साथ ही सीसीटीवी कैमरों से निगरानी और सघन चेकिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, ताकि परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न हो सके।जिले में तीन दिनों में कुल 74,592 अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी है। एक पाली में करीब साढ़े 12 हजार परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। परीक्षा केंद्रों की क्षमता के अनुसार 19 केंद्रों पर 400-400, 8 केंद्रों पर 384-384 और एक केंद्र पर 240 अभ्यर्थियों की व्यवस्था की गई है।



इस भर्ती परीक्षा के लिए मुरादाबाद के साथ-साथ अमरोहा, बरेली, बदायूं, बिजनौर, कासगंज, मेरठ, पीलीभीत, रामपुर, संभल और शाहजहांपुर सहित कुल 11 जिलों के अभ्यर्थियों को केंद्र आवंटित किए गए हैं। परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों में उत्साह के साथ हल्की चिंता भी देखने को मिली।परीक्षा समाप्त होने के बाद केंद्रों के बाहर अभ्यर्थी प्रश्नपत्र को लेकर आपस में चर्चा करते नजर आए। कई परीक्षार्थियों ने पेपर को सामान्य स्तर का बताया, जबकि कुछ ने इसे थोड़ा कठिन भी माना। कुल मिलाकर पहले दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई, जिससे प्रशासन ने राहत की सांस ली है।

## होमगार्ड भर्ती परीक्षाः एसएसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था परखीं

**मुरादाबाद।** जनपद में चल रही उत्तर प्रदेश होमगार्ड भर्ती लिखित परीक्षा को सकुशल और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने शनिवार को विभिन्न परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने केंद्रों पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि सभी अभ्यर्थियों की सघन चेकिंग सुनिश्चित की जाए और केंद्रों के अंदर व बाहर सतर्क निगरानी रखी जाए।एसएसपी ने सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली, प्रवेश द्वारों पर सुरक्षा व्यवस्था तथा भीड़ नियंत्रण के इंतजामों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि परीक्षा की पारदर्शिता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को सचेत करते हुए कहा कि अभ्यर्थियों के साथ विनम्र व्यवहार रखें, लेकिन सुरक्षा मानकों में कोई ढील न दी जाए। साथ ही, परीक्षा केंद्रों के आसपास संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखने के निर्देश भी दिए गए। प्रशासन की सख्ती और सतर्कता के बीच जनपद में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रही है, जिससे अभ्यर्थियों को भी सुरक्षित और व्यवस्थित माहौल मिल रहा है।



## एक नजर

### घर में घुसकर मारपीट करने के तीन आरोपियों का पुलिस ने किया चालान



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** घर में घुसकर मारपीट करते हुए महिला को घायल कर देने के आरोप में नामजद तीन आरोपियों का आज पुलिस ने चालान कर दिया जबकि चौथे आरोपी को पुलिस दो दिन पहले जेल भेज चुकी है। मामला 15 अप्रैल का है सलेमपुर गांव में राजीव चौहान के घर पर रात में गांव के चार लोगों ने हमला किया था जिसमें राजीव और उसकी मां को काफी चोट आई मां को घायल अवस्था में अस्पताल लेजाया गया पुलिस ने इस मामले में चार को नाम जद करते हुए 2 दिन पहले एक आरोपी को जेल भेज दिया।

जबकि आज पृथ्वी पुत्र शेर सिंह सौरभ पुत्र पृथ्वी सिंह एवं मोहित पुत्र महावीर को गिरफ्तार कर चालान किया है।

### थाना समाधान दिवस में अधिकारियों ने सुनी शिकायतें



कांठ(शाह टाइम्स) थाना समाधान दिवस का आयोजन आज तहसील के थाना छजलेट और कांठ में किया गया जिसके अंतर्गत कांठ थाने में नायब तहसीलदार योगेश चंद्र शर्मा ने लोगों की शिकायतों को सुनकर समाधान कराने के निर्देश दिए उन्होंने राजस्व विभाग के लेखपाल और कानून गो से कहा कि लोगों की शिकायतों का गुणवत्ता पूर्वक समाधान करें और एक सप्ताह के अंदर अंदर सभी समस्याओं को निस्तारित करने का प्रयास किया जाना चाहिए। इस मौके पर लेखपाल कानून गो एवं पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

### बैंक से पैसे निकालने गया युवक लापता गुमशुदी को थाने में दी तहरीर

**कांठ( शाह टाइम्स )** बैंक से पैसे निकालने गया युवक निकाले गए पैसों के साथ लापता हो गया परिजनों ने गुमशुदी के लिए थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।



सलेमपुर गांव निवासी सहदेव कुमार पुत्र जगदीश सिंह कांठ की यूपी ग्रामीण बैंक से रुपए निकालने गया था बताया गया कि उसने वहां से 60 हजार रुपए निकाल भी लिए लेकिन वह घर नहीं पहुंचा घर न पहुंचने पर परिजन परेशान हो गए और उन्होंने आसपास तलाश किया। लेकिन सहदेव के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी आखिर में परिजन थाने पहुंचे और गुमशुदी दर्ज कराने के लिए थाने में तहरीर दी ग्रामीण इस मामले को लेकर अलग-अलग कयास लगा रहे हैं समाचार लिखे जाने तक युवक का कोई पता नहीं चल पाया था।

### धर्म सिंह इंटर कॉलेज की वर्णिका ने जिले में पाया चौथा स्थान

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** धर्म सिंह इंटर कॉलेज चेतरामपुर की दसवीं की छात्रा वर्णिका लांबा ने इस बार 95.50 प्रतिशत अंक पाकर जिले में चौथा स्थान बना दिया। कॉलेज के प्रधानाचार्य राज बहादुर सिंह ने बताया कि अफसा रानी 93% द्वितीय स्थान अंशिका चौधरी 93% तृतीय स्थान इंटरमीडिएट में वंशिका पाल 90.60 प्रथम स्थान पंकज कुमार 88.2 द्वितीय स्थान और फिजा ने 86.8 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। उनका कहना था कि स्कूल में बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जा रही है और बिना किसी खर्च के पढ़ाई में जिज्ञासा रखने वाले बच्चों को पढ़ने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने अच्छे अंक लाने वाले बच्चों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया और उनसे अगले साल इससे भी ज्यादा अंक लाकर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किए जाने का आह्वान किया। इस मौके पर ध्रुव कुमार फूल सिंह नरेंद्र कुमार देवेंद्र कुमार जयवती कुमारी गौरव चौहान सत्येंद्र कुमार प्रदीप कुमार योगेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



# आईएफटीएम में 'स्टार्ट-अप लीगल एंड एथिकल स्टेप्स' विषय पर कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ द्वारा इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) के सहयोग से 'स्टार्ट-अप लीगल एंड एथिकल स्टेप्स' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को स्टार्ट-अप शुरू करने से पहले आवश्यक कानूनी एवं नैतिक प्रक्रियाओं से अवगत कराना था, ताकि भविष्य में कानूनी जटिलताओं से बचा जा सके।कुलसचिव ने किया कार्यशाला का उद्घाटन कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने किया। अपने उद्घाटन संबोधन में डॉ. अग्रवाल ने कहा कि किसी भी स्टार्ट-अप को प्रारम्भ करने से पहले उसके विधिक आयामों एवं प्रक्रियाओं को समझना अति आवश्यक होता है। उन्होंने कहा, "बिना कानूनी जानकारी के शुरू किया गया व्यापार भविष्य में कई तरह की जटिल कानूनी कार्यवाहियों में उलझ सकता है। इसलिए हर युवा उद्यमी को कंपनी रजिस्ट्रेशन, टैक्स, लेबर लॉ और इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स की बुनियादी समझ होनी चाहिए।" साथ ही कुलसचिव डॉ. अग्रवाल ने व्यापार संबंधित मौलिक कर्तव्यों का अनुपालन करने और नैतिक मूल्यों के साथ व्यवसाय आगे बढ़ाने पर विशेष जोर दिया।एक्सपर्ट एडवोकेट ने दी कानूनी बारीकियों की जानकारी इस कार्यशाला में जिला एवं सत्र न्यायालय, बरेली में एक्सपर्ट इन कार्पोरेट एंड लेबर मैटर्स के प्रैक्टिसिंग एडवोकेट श्री वैभव टम्टा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। श्री टम्टा ने अपने वक्तव्य में स्टार्ट-अप से संबंधित विधिक प्रक्रियाओं के बारे में विद्यार्थी प्रतिभागियों को बेहद सहज तरीके से समझाया। उन्होंने कंपनी एक्ट 2013, स्टार्ट-अप इंडिया योजना, स्त्व्रजिस्ट्रेशन, ळेंज अनुपालन, श्रम कानून और अनुबंध कानून जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की। विभिन्न विधानों तथा न्यायिक निर्णयों को संदर्भित करते हुए श्री टम्टा ने कहा कि स्टार्ट-अप को प्रारंभ करने से पहले उनका विधिक रूप से पंजीकरण कराना अनिवार्य है। इसके पश्चात् सतर्कता के साथ ही अपने व्यापार को आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि विधिक पंजीकरण द्वारा स्टार्ट-अप को एक विधिक पहचान प्राप्त होती है, जिसके द्वारा उसकी कार्यप्रणाली, क्षेत्राधिकार और विषयवस्तु को निर्धारित किया जाता है। बिना रजिस्ट्रेशन के फंडिंग लेना, बैंक खाता खोलना या सरकारी योजनाओं का लाभ लेना संभव नहीं है।संविधान प्रदत्त अधिकार और कर्तव्य पर चर्चा इस मौके पर स्कूल ऑफ लॉ के वरिष्ठ प्रोफेसर श्री एस.बी. मिश्रा ने कहा कि भारतीय संविधान हमें अनुच्छेद 19(1)(ह) के तहत संपूर्ण भारत में व्यापार करने की स्वतंत्रता प्रदान करता है। लेकिन इस स्वतंत्रता के साथ कुछ युक्तियुक्त निर्बंधन भी हैं। व्यापार वाणिज्य आदि को क्रियान्वयन करने के साथ-साथ उसकी परिसीमाएं भी निर्धारित की गई हैं, जिनका पूर्णरूप से पालन करना हमारा मौलिक कर्तव्य है। आईएफटीएम विश्वविद्यालय इस तरह के आयोजनों से छात्रों में उद्यमिता की संस्कृति विकसित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।



# टीएमयू सीटीएलडी के सामर्थ्य बोध में 25 स्टुडेंट्स को मॉक ऑफर लेटर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के सेंटर फॉर टीचिंग, लर्निंग एंड डवलपमेंट- सीटीएलडी की ओर से विशेष मॉक रिक्रूटमेंट ड्राइव- सामर्थ्य बोध 4.0 में चयनित 25 स्टुडेंट्स को मॉक ऑफर लेटर दिए गए। इनमें 5 छात्रों को 10 एलपीए, 8 छात्रों को 6 एवम् 12 छात्रों को 4 एलपीए पैकेज पर मॉक चयन हुआ। मॉक रिक्रूटमेंट ड्राइव के प्रथम चरण में लिखित मूल्यांकन परीक्षा में एप्टीट्यूड, रीजनिंग, वर्बल एबिलिटी, आईसीटी स्किल्स एवम् तकनीकी विषयों से संबंधित प्रश्न शामिल रहे। इसमें 265 स्टुडेंट्स ने भाग लिया और 77 स्टुडेंट्स ने इसे उत्तीर्ण कर ग्रुप डिस्कशन के लिए क्वालीफाई किया। ग्रुप डिस्कशन में विचारों की स्पष्टता, नेतृत्व क्षमता और संचार कौशल का मूल्यांकन किया गया। 50 स्टुडेंट्स ने यह चरण पार किया और उन्हें तकनीकी एवम् एचआर इंटरव्यू के लिए आमंत्रित किया गया। अंतिम चरण में तकनीकी और एचआर पैनल ने उम्मीदवारों का गहन मूल्यांकन के बाद 25 स्टुडेंट्स को मॉक जॉब ऑफर लेटर प्रदान किए गए, जिससे उनके आत्मविश्वास और प्लेसमेंट तैयारी को नई दिशा मिली। इससे पूर्व टीएमयू की डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने बतौर मुख्य अतिथि, सीटीएलडी के डायरेक्टर प्रो. पंकज कुमार सिंह, लिटवर्क, हैदराबाद के डायरेक्टर श्री विनय सिंह आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके सामर्थ्य बोध 4.0 का मेडिकल एलटी-3 में शंखनाद किया। विशेष मॉक रिक्रूटमेंट ड्राइव में बीटेक प्री-फाइनल ईयर और एमसीए फाइनल ईयर के स्टुडेंट्स की प्लेसमेंट रेडीनेस को परखने के लिए आयोजित की गई। मुख्य अतिथि डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने कहा, वर्तमान समय में शिक्षण के साथ-साथ कौशल विकास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को इंटरव्यू के दौरान आत्मविश्वास, स्पष्ट संप्रेषण और समस्या समाधान क्षमता पर विशेष ध्यान देने की सलाह देते हुए उद्योग जगत की वास्तविक अपेक्षाओं से अवगत कराया। फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. आरके द्विवेदी ने कहा, सामर्थ्य बोध जैसे आयोजन स्टुडेंट्स को इंडस्ट्री रेडी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह पहल स्टुडेंट्स के आत्मविश्वास को बढ़ाने और वास्तविक प्लेसमेंट प्रक्रिया को समझने का बेहतरीन अवसर प्रदान करती है। सीटीएलडी के डायरेक्टर प्रो. पंकज कुमार सिंह ने कहा, यह आयोजन स्टुडेंट्स के कौशल को और अधिक निखारने का अवसर देता है। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर श्री अनंत भारद्वाज, ट्रेनर्स- श्रीमती ऋतु राजन, श्री विजय कुमार, श्री गोपाल कृष्ण मिश्रा आदि मौजूद रहे।



## महानगर में 9वीं अन्तर वाहिनी तैराकी व क्रासकंट्री प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**मुरादाबाद।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 9वीं अन्तर वाहिनी तैराकी एवं क्रासकंट्री प्रतियोगिता-2026 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 25 अप्रैल से 27 अप्रैल तक 9वीं वाहिनी पीएसी के तरणताल परिसर में आयोजित हो रही है, जिसमें विभिन्न वाहिनियों के प्रतिभागी पूरे उत्साह के साथ हिस्सा ले रहे हैं।प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि रमेश प्रसाद गुप्ता, सेनानायक 24वीं वाहिनी पीएसी द्वारा किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल शारीरिक क्षमता को बढ़ाती हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और प्रतिस्पर्धात्मक सोच को भी मजबूत करती हैं।मुरादाबाद स्विमिंग एसोसिएशन के सचिव रवि कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रदेश की कुल 14 वाहिनियों के पीएसी बल के श्रेष्ठ खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। तीन दिवसीय इस आयोजन में तैराकी के विभिन्न मुकाबलों के साथ-साथ क्रासकंट्री दौड़ का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रतिभागी अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। ताकि प्रतियोगिता सुचारु रूप से संपन्न हो सके।यह प्रतियोगिता न केवल खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करती है, बल्कि पीएसी बल के जवानों के बीच आपसी समन्वय और फिटनेस को भी बढ़ावा देती है। प्रतियोगिता के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।



# अगवानपुर चीनी मिल में सर्वे प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



**कांठ( शाह टाइम्स )।** दीवान शुगर मिल अगवानपुर में आज गन्ना सर्वे प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिला गन्ना अधिकारी मुरादाबाद ने बताया कि गन्ना सर्वे का महत्वपूर्ण कार्य 1 मई से 30 जून तक पूर्ण किया जाना है।

सर्वेक्षण कार्य संयुक्त रूप से गन्ना विकास विभाग व चीनी मिल स्टाफ द्वारा किया जाएगा इस सत्र में केवल पौधा गन्ने का सर्वे किया जाना है पिछले वर्ष का पौधा पेड़ी गन्ना में परिवर्तित हुआ है उन प्लाटो का केवल भौतिक सत्यापन किया जाएगा। सभी किसानों के लिए इंक्वारी डॉट केन यूपी पोर्टल पर अपना घोषणा पत्र भरना अनिवार्य कर दिया गया है। जिला गन्ना अधिकारी ने निर्देशित किया कि सर्वे टीम गांव में आगमन की सूचना तीन दिन पहले ही किसानों को उनके पंजीकृत मोबाइल पर देगी।

ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ने बताया कि सर्वे के विवरण में गन्ने की किस्म के साथ-साथ बुवाई विधि भी दर्ज करनी होगी। गन्ना सहकारी समिति के सचिव खेत सिंह ने नए सदस्य बनने की अंतिम तिथि 30 सितंबर होने की जानकारी दी और बताया कि इसके लिए भी ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

इसी प्रकार उपज बढ़ोतरी करने के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर है इस कार्यक्रम में दीवान शुगर मिल त्रिवेणी शुगर मिल के फील्ड स्टाफ राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक चीनी मिल अगवानपुर के प्रबन्धक राजपाल सिंह निर्मल पंत तथा रानी नांगल चीनी मिल से प्रदीप कुमार एवं राजकुमार सिंह मौजूद रहे।

# नारी शक्ति बन्धन अभियान को लेकर छात्राओं को किया जागरूक

**कांठ (शाह टाइम्स)।** महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज पट्टी मौढा कांठ में नारी शक्ति बंधन अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह ने छात्राओं को नारी शक्ति बंधन अभियान के अंतर्गत संबोधित करते हुए आत्मविश्वास जागरूकता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को विकसित करने पर विशेष बल दिया उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और उन्हें सशक्त बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह के मार्गदर्शन में छात्राओं द्वारा एक विशाल मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया इसका मुख्य उद्देश्य नारी शक्ति को बढ़ावा देना समाज में महिलाओं की भावना को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य मदन सिंह राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह, सुन्दर सिंह, निशिकांत पाठक, दीपक सिंह,आदि शिक्षक शिक्षकों के साथ-साथ सभी स्वयं सेविकाएं उपस्थिति रही।



## होमगार्ड भर्ती परीक्षा के मद्देनजर रेलवे स्टेशन पर एसएसपी का सघन निरीक्षण

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश होमगार्ड भर्ती लिखित परीक्षा को देखते हुए जनपद में सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा रहा है। इसी क्रम में 25 अप्रैल को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर सघन चेकिंग अभियान चलाया और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने स्टेशन परिसर में मौजूद भीड़-भाड़ की स्थिति, प्रवेश और निकास द्वारों पर तैनात पुलिस बल की सतर्कता तथा संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग प्रक्रिया को बारीकी से परखा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा के मद्देनजर बाहरी जिलों से बड़ी संख्या में आ रहे अभ्यर्थियों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा में किसी प्रकार की ढील न बरती जाए। एसएसपी ने रेलवे स्टेशन पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्क रहते हुए लगातार गश्त करने, संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने भीड़ प्रबंधन को प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।इस दौरान यात्रियों और अभ्यर्थियों को भी सहयोग करने की अपील की गई, ताकि सुरक्षा जांच सुचारु रूप से संपन्न हो सके। प्रशासन की सख्ती और मुस्तैदी के चलते रेलवे स्टेशन पर व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रित नजर आई।जनपद में चल रही भर्ती परीक्षा को शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है।



# जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में थाना बहजोई में समाधान दिवस का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहजोई।** शासन के मंशानुरूप थाना समाधान दिवस में आये हर फरियादियों की समस्या के त्वरित निस्तारण के लिए जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया एवं अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) मनोज कुमार रावत की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन थाना बहजोई में किया गया। ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा, मार्ग से संबंधित तथा पैमाईश आदि से संबंधित शिकायतें थाना दिवस में आयीं। जिलाधिकारी ने कहा कि थाना समाधान दिवस में जमीनी विवादों की शिकायतों को सूचीबद्ध कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का समयावधि के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चत कराए ताकि फरियादियों को बार-बार अपनी शिकायत को लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े। थाना समाधान दिवस के अंतर्गत थाना बहजोई में 05 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी बहजोई डॉ प्रदीप कुमार सिंह सहित संबंधित थाना अध्यक्ष सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।






## गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में डॉ. जेबा नाज की पुस्तक 'शख्सियत' का विमोचन

**मुरादाबाद।** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज, मुरादाबाद में उर्दू विभाग की प्रवक्ता डॉ. जेबा नाज की पुस्तक 'शख्सियत' का भव्य विमोचन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्या एवं कार्यक्रम की अध्यक्षा प्रोफेसर चारू मेहरोत्रा के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके पश्चात प्राचार्या प्रोफेसर चारू मेहरोत्रा, मुख्य अतिथि आर.बी.डी. डिग्री कॉलेज बिजनौर की अंग्रेजी विभाग की प्रवक्ता प्रोफेसर पारुल त्यागी तथा विशिष्ट अतिथि रामपुर राजा डिग्री कॉलेज रामपुर के उर्दू विभाग के प्रोफेसर जहांगीर के करकमलों से पुस्तक का विधिवत विमोचन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या प्रोफेसर चारू मेहरोत्रा ने कहा कि साहित्य और पढ़ने की आदत मनुष्य को केवल शिक्षित ही नहीं, बल्कि जागरूक एवं संवेदनशील भी बनाती है। यह जीवन को सही दिशा देने का सशक्त माध्यम है।

उन्होंने सभी को प्रतिदिन कुछ न कुछ पढ़ने की आदत विकसित करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि पढ़ना ही वह शक्ति है जो व्यक्ति को साधारण से असाधारण बना सकती है। मुख्य अतिथि प्रोफेसर पारुल त्यागी ने कहा कि साहित्य केवल शब्दों का संग्रह नहीं है, बल्कि यह मानव अनुभव, भावनाओं और विचारों का दर्पण है। यह समाज का प्रतिबिंब होने के साथ-साथ एक सशक्त मार्गदर्शक भी है। इसके पश्चात डॉ. जेबा नाज ने अपनी पुस्तक 'शख्सियत' के विषय में विस्तार से जानकारी दी और उसके लेखन की प्रेरणा एवं उद्देश्य साझा किए।कार्यक्रम का संचालन उर्दू विभाग की प्रभारी डॉ. जेबा नाज द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन उर्दू विभाग की संरक्षिका प्रोफेसर वंदना पांडे ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की मुख्य अनुशासिका प्रोफेसर किरण साहू, प्रोफेसर मीनाक्षी शर्मा, प्रोफेसर अपर्णा जोशी, प्रोफेसर अनुराधा सिंह, प्रोफेसर किरण त्रिपाठी, प्रोफेसर सीमा गुप्ता, प्रोफेसर सुधा सिंह, प्रोफेसर सुदेश, प्रोफेसर प्रवीण सैनी सहित अन्य सभी प्रवक्तागण उपस्थित रहे।

## ग्राम रोजगार सेवकों ने सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान से उठाई नियमितीकरण और मानदेय बढ़ाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** ग्राम रोजगार सेवक वेलफेयर एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश के बैनर तले ग्राम रोजगार सेवकों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर क्षेत्रीय विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान से हस्तक्षेप की अपील की है। संगठन द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में रोजगार सेवकों के नियमितीकरण तथा मानदेय बढ़ाकर 24,000 प्रतिमाह किए जाने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई है। ज्ञापन में बताया गया कि प्रदेश की करीब 58,000 ग्राम पंचायतों में कार्यरत लगभग 37,000 ग्राम रोजगार सेवक मनरेगा योजना के तहत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन उन्हें मात्र ध्7,788 प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा है, जो वर्तमान महंगाई के दौर में बेहद कम है। संगठन का कहना है कि इतने कम मानदेय में परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो रहा है। रोजगार सेवकों ने यह भी उल्लेख किया कि वे पिछले 20 वर्षों से निरंतर सेवाएं दे रहे हैं, बावजूद इसके अब तक उनका नियमितीकरण नहीं किया गया है। साथ ही माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 10 वर्षों से अधिक समय तक कार्यरत संविदा कर्मियों के नियमितीकरण संबंधी निर्देशों का भी हवाला दिया गया है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि 4 अक्टूबर 2021 को मुख्यमंत्री द्वारा रोजगार सेवकों के हित में घोषणा की गई थी, लेकिन अब तक उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। अन्य राज्यों जैसे हिमाचल प्रदेश और राजस्थान में मनरेगा कर्मियों के नियमितीकरण का उदाहरण देते हुए उत्तर प्रदेश में भी इसी प्रकार की पहल की मांग की गई है। संगठन ने विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान से अपील की है कि वे विधानसभा में उनकी आवाज उठाएं और सरकार तक उनकी समस्याएं पहुंचाकर शीघ्र समाधान सुनिश्चित कराएं। रोजगार सेवकों ने उम्मीद जताई है कि उनके हक की लड़ाई में जनप्रतिनिधि उनका साथ देंगे। इस मौके पर सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि ग्राम रोजगार सेवक ग्रामीण विकास की रीढ़ हैं और उनके साथ हो रहा अन्याय बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने आश्वा. सन दिया कि वे विधानसभा में इस मुद्दे को मजबूती से उठाएंगे और रोजगार सेवकों के नियमितीकरण व मानदेय वृद्धि के लिए सरकार पर दबाव बनाएंगे। विधायक ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा कर्मचारियों और युवाओं के हक की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी लड़ती रहेगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से ब्लॉक बिलारी महामंत्री कमल कुमार यादव, ब्लॉक अध्यक्ष आसफपुर श्याम सिंह, ब्लॉक कोषाध्यक्ष आसफपुर अतुल कुमार शर्मा, शिशुपाल यादव आदि मौजूद रहें।



## स्मार्ट मीटर को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी ने दिया ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर कांग्रेस कमेटी कुंदरकी के नगर अध्यक्ष शौकत अली के नेतृत्व में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम बिलारी को दिया गया। शनिवार को ज्ञापन देकर कहा कि नगर पंचायत कुंदरकी में विद्युत विभाग ने घरों पर पुराने मीटर हटाकर नए स्मार्ट मीटर लगा दिए हैं। जिनके बिल चार गुना से अधिक आ रहा है। उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर पंचायत कुंदरकी में 90 प्रतिशत आबादी मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करती है। जिसकी वजह से बच्चों को पालना मुश्किल हो रहा है। कहा कि स्मार्ट मीटर नहीं हटाए गए तो नगर कांग्रेस कमेटी व जनता एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन व धरना करेगी। मांग उठाई कि स्मार्ट मीटर को हटाकर पुराने पोस्टपेड मीटर लगाए जाएं।

ज्ञापन देने वालों में नगर अध्यक्ष कुंदरकी शौकत अली, नगर अध्यक्ष बिलारी मोहम्मद फारूक, एहसान चौधरी, डॉक्टर अनवार हुसैन, मुख्तार अंसारी, इदरीस, शकील, साकिर कुरेशी आदि सहित अनेकों मौजूद रहे।

## रामपुर कैपिटल ने रामपुर सुपर किंग को हराकर जीता क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**बिलारी।** क्षेत्र के ग्राम रामपुर पट्टी में आयोजित पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुक. ाबला बेहद रोमांचक और उत्साहपूर्ण रहा। अंतिम दिन खेले गए मुकाबले में रामपुर कैपिटल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रामपुर सुपर किंग को 40 रनों से हराकर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मैच में रामपुर कैपिटल के कप्तान जितेंद्र यादव ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम ने निर्धारित 12 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 130 रनों का मजबूत लक्ष्य खड़ा किया। टीम की ओर से सनी यादव ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 25 गेंदों में 45 रन बनाए। वहीं विक्की यादव ने 20 गेंदों में 35 रन तथा लोकेंद्र ने 25 रनों की शानदार पारी खेलकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। 131 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रामपुर सुपर किंग की शुरुआत बेहद खराब रही। कप्तान मोहित यादव पारी की पहली ही गेंद पर आउट हो गए, जिससे टीम पर शुरुआत से ही दबाव बन गया। लगातार विकेट गिरने के कारण टीम संभल नहीं सकी और अंततः मुकाबला हार गई। हालांकि रामपुर सुपर किंग की ओर से अर्जुन सिंह, भानु यादव और रानू यादव ने संघर्षपूर्ण पारियां खेलीं, लेकिन वे टीम को जीत की दहलीज तक नहीं पहुंचा सके। रामपुर कैपिटल की सधी हुई गेंदबा. जी और शानदार क्षेत्ररक्षण के आगे विरोधी टीम बेबस नजर आई। विज. ेता टीम की ओर से भोला ने बेहत. रीन फील्डिंग करते हुए सर्वाधिक छह कैच पकड़े। गेंदबाजी में शिवा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन विकेट झटके, जबकि आशीष ने दो विकेट लेकर टीम की जीत में अहम योगदान दिया। जितेंद्र, शनि और अन्य गेंदबाजों ने भी कसी हुई गेंदबाजी की। समापन समारोह में समिति के अध्यक्ष श्री कृष्णकांत यादव द्वारा विजेता टीम को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया तथा पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर वीरेश यादव, सत्येंद्र यादव, संजू यादव (बीडीसी प्रत्याशी), सत्य प्रकाश यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। ग्राम रामपुर पट्टी में आयोजित इस टूर्नामेंट ने क्षेत्र के युवाओं में खेल भावना और उत्साह का संचार किया, वहीं फाइनल मुकाबले का रोमांच देर तक दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बना रहा।



## गैंगस्टर एक्ट में बड़ी कार्रवाई, 12 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क

**चन्दौसी।** जनपद पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से अर्जित की गई संपत्ति को कुर्क किया है। शनिवार को थाना बनियाठेर क्षेत्र में पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई के दौरान करीब 12 लाख रुपये कीमत के एक प्लॉट को जब्त कर लिया गया।पुलिस अधीक्षक सम्भल श्री कृष्ण कुमार के निर्देशन में यह कार्रवाई थाना बनियाठेर पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 279/2025 धारा 2(ख)(1)/3(1) गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत की गई। पुलिस के अनुसार अभियुक्त महिपाल सिंह पुत्र जयराम सिंह निवासी मोहल्ला मनसा देवी, कस्बा नरौली थाना बनियाठेर ने अपने साथियों के साथ मिलकर संगठित गिरोह बनाकर अवैध रूप से धन अर्जित किया था। इसी धन से कस्बा नरौली में करीब 120 गज का प्लॉट खरीदा गया था।माननीय जिला मजिस्ट्रेट सम्भल के आदेश एवं वाद संख्या 538/2026 के अनुपालन में उक्त प्लॉट, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 12 लाख रुपये बताई गई है, को गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क कर लिया गया।कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर संपत्ति पर कुर्की संबंधी नोटिस चस्पा किया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अपराध से अर्जित संपत्तियों के विरुद्ध आगे भी अभियान जारी रहेगा।

## कन्या विद्यालय बिलारी में आरबीएसके टीम ने किया छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण

**बिलारी।** नगर स्थित कन्या विद्यालय बिलारी में शनिवार को आरबीएसके (राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम) टीम द्वारा छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गई तथा ओआरएस के घोल के पैकेट भी वितरित किए गए।

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में टीम ने छात्राओं की सामान्य स्वास्थ्य जांच, वजन, आंखों, त्वचा एवं अन्य समस्याओं का परीक्षण किया। जिन छात्राओं में स्वास्थ्य संबंधी शिकायतें पाई गईं, उन्हें मौके पर ही दवाइयां दी गई और आवश्यक परामर्श भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में आंखों के विशेषज्ञ डॉक्टर विशाल सक्सेना भी मौजूद रहे। उन्होंने छात्राओं की नेत्र जांच कर आंखों की देखभाल और साफ-सफाई के बारे में जानकारी दी। जिन बच्चों को दृष्टि संबंधी समस्या मिली, उन्हें आगे उपचार की सलाह दी गई और उन्हें चश्मा वितरण भी किया। विद्यालय प्रशासन ने आरबीएसके टीम के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और जागरूकता के लिए बेहद लाभदायक हैं। यह जानकारी डॉ सीमा जिलानी डॉक्टर पूजा सिंह एएनएम जयंती मेहता द्वारा दी गई। चीफ फार्मासिस्ट आरपी वर्मा भी मौजूद रहे।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

### एक नजर

## मिशन शक्ति: महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण हेतु जागरूकता अभियान



**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित 'मिशन शक्ति-5.0' (द्वितीय चरण) के तहत जनपद सम्भल पुलिस द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। मिशन शक्ति टीम के पुलिसकर्मियों ने थाना क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए। इस दौरान चौपाल लगाकर बालिकाओं और महिलाओं को उनकी सुरक्षा से जुड़े अधिकारों, समस्याओं के समाधान एवं आत्मनिर्भर बनने के उपायों के बारे में जागरूक किया गया। अभियान के अंतर्गत एंटी रोमियो टीमों ने जनपद के प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, स्कूलों-कॉलेजों एवं धार्मिक स्थलों पर भ्रमण कर महिलाओं और बालिकाओं से संवाद किया। साथ ही उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं और सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। इस दौरान वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, महिला हेल्पलाइन 181 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 के बारे में पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया। साथ ही मोबाइल पैनिक बटन और इमरजेंसी कॉल की जानकारी भी डेमो के माध्यम से दी गई। पुलिस विभाग द्वारा इस अभियान के जरिए महिलाओं और बालिक. ाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें जागरूक और सशक्त बनाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

## एसएम कॉलेज में 'कल्कि: संभल' फिल्म की शूटिंग जारी, पुलिस स्टेशन का सेट तैयार




**चन्दौसी।** एस.एम. कॉलेज महाविद्यालय में फिल्म 'कल्कि: संभल' की शूटिंग इन दिनों जारी है। 14 अप्रैल से शुरू हुई शूटिंग में मुंबई से आए कलाकारों और तकनीकी टीम ने विभिन्न दृश्यों का फिल्मांकन किया। फिल्म के निर्देशक भारत एस. श्रीनेत के नेतृत्व में संभल 1978 के दंगों और उससे जुड़े घटनाक्रमों को फिल्म के माध्यम से दर्शाया जा रहा है। फिल्म में दंगों के दौरान लोगों के पलायन, उत्पीड़न और सामाजिक परिस्थितियों को कथानक के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। साथ ही हरिहर मंदिर-जामा मस्जिद विवाद और सर्वे के दौरान हुए घटनाक्रम को भी फिल्म में शामिल किया गया है। अब 26 अप्रैल से एस.एम. कॉलेज के गेस्ट हाउस को बांद्रा पुलिस थाने के सेट के रूप में तैयार किया जा रहा है, जहां मुंबई पुलिस स्टेशन से जुड़े दृश्य फिल्माए जाएंगे। कॉलेज परिसर में चल रही शूटिंग को लेकर स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

## विश्व मलेरिया दिवस पर सीएचसी बिलारी में जागरूकता कार्यक्रम, मलेरिया बचाव की दिलाई गई शपथ



**बिलारी।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी के सभागार में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के समस्त स्टाफ एवं उपस्थित नागरिकों को मलेरिया से बचाव के लिए शपथ दिलाई गई तथा लोगों को इस बीमारी से बचने के उपाय बताए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल सिंह ने की। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों को शपथ दिलाते हुए कहा कि मलेरिया से बचाव के लिए घरों के आसपास पानी जमा नहीं होने देना चाहिए। पुराने टायरों, प्लास्टिक के डिब्बों, टूटे-फूटे बर्तनों, कूलरों तथा नारियल के खोलों में पानी इकट्ठा न होने दें, क्योंकि ऐसे स्थानों पर मच्छर तेजी से पनपते हैं और बीमारी फैलाते हैं। उन्होंने बताया कि मच्छरों से बचने के लिए मच्छरदानी का नियमित प्रयोग करना चाहिए तथा साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

यदि किसी व्यक्ति को बुखार, सर्दी लगना, शरीर में कंपन होना, उल्टियां, सिर दर्द, अधिक पसीना आना, थकावट या कमजोरी जैसे लक्षण महसूस हों तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर मलेरिया की जांच करानी चाहिए। डॉ. राजपाल सिंह ने बताया कि सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर मलेरिया की जांच एवं उपचार की सुविधा पूर्णत: नि:शुल्क उपलब्ध है। समय पर जांच और उपचार कराने से मलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचा जा सकता है। कार्यक्रम में ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक, आरओ विकेश, चीफ फार्मासिस्ट आरपी वर्मा अमित मौर्य बीसीपीएम, डाटा एंट्री ऑपरेटर, स्टाफ नर्स, एएनएम सहित स्वास्थ्य विभाग का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के दौरान सभी ने मलेरिया उन्मूलन के लिए जागरूकता फैलाने का संकल्प भी लिया।

### कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री इकरार द्वारा संस्था रजा मस्जिद सलावा इन्तेजामिया कमेटी, ग्राम सलावा पोस्ट सराय खजूर तहसील कांठ, जिला मुरादाबाद का सदर/अध्यक्ष दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री, 1. मौ० अकरम सदर/अध्यक्ष, 2. मोहम्मद उमर नायब सदर /उपाध्यक्ष, 3. अशफाक मोहतमिम / प्रबन्धक, 4. जरजीश अहमद- नायब मोहतमिम/उपप्रबन्धक, 5. वकील खजान्जी /कोषाध्यक्ष, 6. लियाकत, 7. फुरकान, 8. नन्हें, 9. इरफान, 10. मुंशफ, 11. साजिद- मेम्बर/ सदस्य दर्शाये गये है।

अत: यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा। और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सो०रजि०एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

**आज्ञा से-( आनन्द विक्रम सिंह सहायक निबन्धक )**





नई दिल्ली। पंजाब को प्रभसिमरन दिल्ली के खिलाफ मैच में अपनी शानदार पारी के दौरान शॉट खेलते वहीं कप्तान अय्यर अपन अर्द्धशतक पूरा करने के बाद



जयपुर। राजस्थान के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने 37 गेंद में 103 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली राजस्थान ने पहले खेलते हुए 228/6 रन बनाएं

## खेल विशेष

**बंगलादेश की नाहिदा, सरमिन पर जुर्माना और डिमेरिट पॉइंट्स लगाए गए**

ढाका, वार्ता। बांग्लादेश की नाहिदा अख्तर और सरमिन सुल्ताना पर बुधवार को राजशाही में श्रीलंका के खिलाफ दूसरे वनडे के दौरान आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट के अलग-अलग लेवल 1 उल्लंघन के लिए उनकी मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। दोनों खिलाड़ियों को एक-एक डिमेरिट पॉइंट भी मिला, जो पिछले 24 महीनों में उनकी पहली ऐसी गलती थी। नाहिदा पर 17वें ओवर में श्रीलंका की कप्तान चामरी अथापट्टू को आउट करने के बाद गुस्से में विदाई देने के लिए जुर्माना लगाया गया, जबकि सरमिन पर बंगलादेश के लक्ष्य का पीछा करते हुए 16वें ओवर में पगबाधा दिए जाने के बाद असहमति दिखाने, अपनी विदाई में देरी करने और बल्ला अंदर करने का इशारा करने के लिए जुर्माना लगाया गया।

**भुल्लर सिंगापुर ओपन के टॉप-5 में कायम**

सिंगापुर, वार्ता। मुश्किल हालात में गोल्फ के उतार-चढ़ाव वाले राउंड के बावजूद, गगनजीत भुल्लर ने कड़ी मेहनत की और बिजनेस टाइम्स द्वारा पेश किए गए सिंगापुर ओपन के तीसरे दिन लीडरबोर्ड के टॉप-5 में बने रहे। 20 लाख डॉलर के इंटरनेशनल सीरीज इवेंट में लीडरबोर्ड में सबसे ऊपर कोरिया के जियोंगवू हैम हैं, जिन्होंने आज 68 का स्कोर करने के बाद तीनों दिन लीड बनाए रखी है। सेंटोसा गोल्फ क्लब के मुश्किल सेरापोंग कोर्स के साथ एनर्जी खत्म करने वाले हालात में भी, भुल्लर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मूविंग डे पर 1-ओवर 72 का स्कोर किया, यह राउंड उनके लिए नुकसान कम करने और रेस में बने रहने के बारे में था। भुल्लर अभी 6-अंडर 207 के साथ टाई-पांचवें स्थान पर हैं, यह स्थान उन्होंने थाई जैज जानेवतनंद (68-66-73) और पाकिस्तान के अहमद बेग (69-71-67) के साथ शेयर किया।

**युवाओं को गवर्नेंस का हिस्सा बनाने का सही समय: कर्नल राठौर**

नई दिल्ली, वार्ता। एथेंस ओलंपिक के रजत पदक विजेता कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौर ने शनिवार को देश के युवाओं से अपने लक्ष्य पाने के लिए फोकस्ड रहने को कहा। ओलंपिक मेडलिस्ट कर्नल राठौर, जिन्होंने अपने शानदार स्पोर्ट्स करियर में अलग-अलग ग्लोबल और एशियन शूटिंग इवेंट्स में 9 गोल्ड मेडल जीते, ने कहा कि हम सभी को अपने लक्ष्य पाने के लिए कभी-कभी फेल होना पड़ता है। यहां यूथ समिट, एनडीटीवी युवा 2026 में बोलते हुए, कर्नल राठौर ने आगे कहा कि युवाओं को गवर्नेंस का हिस्सा बनाने का यह सही समय है। राठौर, जो अभी राजस्थान सरकार में इंडस्ट्री, स्पोर्ट्स और यूथ अफेयर्स मिनिस्टर हैं, ने कहा कि जब हम छोटे थे, तो हमारी अवेयरनेस का लेवल काफी कम था। आज के युवाओं में अवेयरनेस का लेवल बहुत ज्यादा है। वे दुनिया के बारे में, देश के बारे में जानते हैं। देश किस तरफ जाएगा, यह काफी हद तक युवाओं पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि हम सबको फेल

## सूर्यकुमार, अय्यर, शिवम दुबे टी-20 मुंबई लीग के लिए रिटेन

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने टी-20 मुंबई लीग 2026 के लिए मंच तैयार कर दिया है। उन्होंने रिटेन किए गए खिलाड़ियों की एक स्टार-स्टडेड लिस्ट जारी की है, जिसमें भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर और शिवम दुबे शामिल हैं।

अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने वाले कप्तान आयुा म्हात्रे, शार्दुल ठाकुर, तुाार देशपांडे और सरफराज खान जैसे बेहतरीन खिलाड़ियों को रिटेन करने और यशस्वी जायसवाल व अजिक्य रहाणे को आइकॉन प्लेयर बनाने के साथ, फ्रेंचाइजी ने एक मजबूत मुख्य टीम तैयार कर ली है। यह लीग के बढ़ते कद और उसकी प्रतिस्पर्धी बढ़त को दिखाता है।



आठों टीमों में से हर एक ने तीन खिलाड़ियों को रिटेन किया है। इस तरह उन्होंने अंतर्राट्रीय अनुभव और उभरते हुए घरेलू टैलेंट के बीच एक रणनीतिक संतुलन बनाया है, क्योंकि लीग अपने चौथे रोमांचक सीजन की ओर बढ़ रही है। ट्रायम्फ नाइट्स मुंबई नॉर्थ ईस्ट ने सूर्यकुमार (आइकॉन प्लेयर) को रिटेन किया है, जिन्होंने भारत को टी20 वर्ल्ड कप 2026 का खिताब दिलाया था। उनके साथ आयु और सूर्यांश शेडगे को भी रिटेन किया गया है।

## 'करो या मरो' के मुकाबले में भिड़ेंगे लखनऊ और कोलकाता

**लखनऊ, वार्ता।** लगातार हार झेल रही लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना रविवार को भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई एकाना क्रिकेट स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग के 38वें मैच में, वापसी कर रही कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा।

यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए 'करो या मरो' जैसा है, क्योंकि दोनों ही टीमें इस सीजन में संघा कर रही हैं और उनका भविय एक अहम मोड़ पर खड़ा है, लेकिन दोनों की मौजूदा स्थिति (मोमेंटम) बिल्कुल अलग है। लखनऊ लगातार चार हार से जूझ रही है और पॉइंट्स टेबल में नीचे खिसकती जा रही है, जबकि



कोलकाता इस सीजन की अपनी पहली जीत दर्ज करने के बाद नए आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरेगी। लखनऊ के लिए, बल्लेबाजी में निरंतरता की कमी सबसे बड़ी चिंता का विाय रही है। मिचेल मार्श और आयु बडोनी की सलामी जोड़ी टीम को ठोस शुरुआत देने में नाकाम रही है, जिससे कप्तान ऋाभ पंत पर शुरुआती दबाव बढ़ गया है। निकोलस पूरन, एडेन मार्करम, मुकुल चौधरी और हिम्मत सिंह से सजी मध्यक्रम की बल्लेबाजी ने कुछ मौकों पर अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन उनमें सामूहिक निरंतरता की कमी दिखाई देती है। मार्श टीम के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं,

और टीम के लिए कुछेक उम्मीद की किरण हैं, जबकि मार्करम के आक्रामक रवैए ने टीम की बल्लेबाजी को कुछ गति प्रदान की है। हालांकि, पूरन और पंत के संघा ने टीम की मैचों को मजबूती से खत्म करने की क्षमता को काफी नुकसान पहुंचाया है। युवा खिलाड़ी मुकुल चौधरी एक अहम योगदानकर्ता के रूप में उभरे हैं, विशो रूप से इस सीजन की शुरुआत में कोलकाता के खिलाफ खेली गई।

## गुजरात के खिलाफ चेन्नई की उम्मीदें एक बार फिर सैमसन पर

**चेन्नई, वार्ता।** अलग-अलग ताकतों पर आधारित एक हाई-स्टेक्स मुकाबला होने वाला है, जब चेन्नई सुपर किंग्स रविवारको एमए चिदंबरम स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में गुजरात टाइटन्स से भिड़ेगी, इस मैच का नतीजा शायद इन-फॉर्म खिलाड़ियों और टीम के संतुलन से तय होगा।

चेन्नई सुपर किंग्स इस मुकाबले में सीजन की खराब शुरुआत के बाद जोरदार वापसी करके उतर रही है। इस बदलाव के केंद्र में संजू सैमसन रहे हैं, जिनके कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के साथ ओपनिंग करने की उम्मीद है। सैमसन के आक्रामक स्ट्रोकप्ले ने सीएसके को टॉप ऑर्डर में गति दी है, जबकि गायकवाड़ अब तक भले ही औसत प्रदर्शन कर रहे हों, फिर भी पारी को संभाले हुए हैं।



मध्य क्रम, जिसमें सरफराज खान, डेवाल्ड ब्रेविस और शिवम दुबे शामिल हैं, स्थिरता और ताकत का मिश्रण पेश करता है, जरूरत पड़ने पर हर कोई रन बनाने की गति बढ़ा सकता है। एमएस धोनी के संभावित शामिल होने से अनुभव और मैच खत्म करने की ताकत जुड़ती है,

जबकि कार्तिक शर्मा विकेटकीपिग के लिए एक वैकल्पिक विकल्प बने हुए हैं। ऑल-राउंड गहराई को जेमी ओवर्टन ने और मजबूत किया है, जिनकी दोहरी भूमिका टीम की लाइनअप में लचीलापन लाती है। गेंदबाजी यूनिट में नूर अहमद की स्पिन, अंशुल कंबोज की निरंतरता और गुरजपनीत सिंह व मुकेश चौधरी के तेज गेंदबाजी के विकल्प शामिल हैं। अकील हुसैन से एक 'इम्पैक्ट प्लेयर' के तौर पर अहम भूमिका निभाने की उम्मीद है, खासकर ऐसी पिच पर जो स्पिन गेंदबाजों के लिए मददगार हो, वहीं, हाल ही में चोट के कारण हुए बदलावों के बाद आकाश मधवाल टीम को और गहराई देते हैं। दूसरी ओर, गुजरात टाइटन्स अपने जबरदस्त टॉप ऑर्डर पर बहुत ज्यादा निर्भर है, जिसमें साई सुदर्शन, कप्तान शुभमन गिल और जोस बटलर शामिल हैं।

इस तिकड़ी ने इस सीजन में टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए हैं, सुदर्शन ने हाल ही में एक शतक जड़ा है, जबकि गिल टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। बटलर की मौजूदगी टीम में विस्फोटक क्षमता जोड़ती है,

हालांकि उनकी निरंतरता में कमी अभी भी चिंता का विाय बनी हुई है। ग्लेन फिलिप्स मध्य क्रम में अतिरिक्त आक्रामक क्षमता प्रदान करते हैं, जिन्हें वॉशिगटन सुंदर और शाहरुख खान का साथ मिलता है, हालांकि, इन दोनों का योगदान अब तक अनियमित रहा है। राहुल तेवतिया के एक 'इम्पैक्ट प्लेयर' के तौर पर खेलने की उम्मीद है, जो मैच खत्म करने की क्षमता और रणनीतिक लचीलापन टीम में लाएंगे। टाइटन्स का गेंदबाजी आक्रमण उनकी सबसे बड़ी ताकतों में से एक बना हुआ है। चेन्नई के हालात में राशिद खान की स्पिन गेंदबाजी अहम साबित हो सकती है।

## अल्काराज कलाई की चोट के कारण फ्रेंच ओपन से बाहर

**पेरिस, वार्ता।** सात बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन और दुनिया के नम्बर 2 खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने शुक्रवार को कहा कि कलाई की पुरानी चोट के कारण वह आने वाले इटैलियन ओपन और फ्रेंच ओपन में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। अल्काराज ने सोशल मीडिया पर बताया कि अपनी दाईं कलाई के मेडिकल टेस्ट के नतीजे आने के बाद, उन्होंने और उनकी टीम ने यह फैसला किया है कि सबसे समझदारी भरा कदम यही होगा कि सावधानी बरती जाए और रोम या रौलां गैरो में हिस्सा न लिया जाए। उन्होंने आगे कहा कि यह मेरे लिए एक मुश्किल दौर है, लेकिन मुझे पूरा भरोसा है कि हम इससे और भी मजबूत होकर उभरेंगे। 22 साल के इस स्पेनिश खिलाड़ी को पिछले हफ्ते बार्सिलोना ओपन के पहले राउंड के मैच के दौरान यह चोट लगी थी। हालांकि उन्होंने फनिलैंड के ओटो विर्टानन को हरा दिया था।



## ऑरेंज कैप टेबल में शीर्ष पर पहुंचे विराट कोहली

**बेंगलुरु, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) बनाम गुजरात टाइटंस (जीटी) का शुक्रवार रात का मैच आईपीएल 2026 के ऑरेंज कैप तालिका में दिलचस्प बदलाव लेकर आया है। आरसीबी ने यह मुकाबला पांच विकेट से जीता।

ऑरेंज कैप लीडरबोर्ड विराट कोहली एक बार फिर अपने परिचित अंदाज में दिखे। पारी की शुरुआत करते हुए, बड़े लेकिन बहुत बड़े नहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए और अंत में वह ऑरेंज कैप तालिका में भी परिचित जगह पर पहुंच गए। आरसीबी को जीत के लिए 206 रन बनाने थे। कोहली ने पारी की शुरुआत की, 14वें ओवर तक बल्लेबाजी की, मैच खत्म नहीं कर पाए लेकिन 44 गेंदों पर 81 रन बनाकर जीत की मजबूत नींव रखी। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया और वे रन बनाने वालों की सूची में शीर्ा



पर पहुंच गए। अब उनके नाम सात पारियों में 328 रन हैं, जो दूसरे स्थान पर मौजूद सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएस) के अभिोक शर्मा से पांच रन ज्यादा हैं। शीर्ा दो के बाद एसआरएच के हेनरिक क्लासेन (320 रन) हैं, और उनके पीछे जीटी के शुभमन गिल हैं। गिल ने आरसीबी के खिलाफ 24 गेंदों पर 32 रन बनाए और सीजन में अपने कुल रन 297 तक पहुंचाए, जिससे वह चेन्नई सुपर किंग्स ढ्ढसीएसकेञ्ज के संजू सैमसन से ऊपर चौथे स्थान पर पहुंच गए, जबकि सैमसन पांचवें स्थान पर खिसक गए। आरसीबी-जीटी मैच के बाद रजत पाटीदार भी आगे बढ़े। आरसीबी के कप्तान पाटीदार ने इस मैच में सिर्फ आठ रन बनाए जो उनका लगातार दूसरा कम स्कोर है लेकिन वह एसआरएच के इशान किशन के साथ 238 रन पर बराबरी पर पहुंच गए (स्ट्राइक रेट के आधार पर पाटीदार आठवें और किशन नौवें स्थान पर हैं)। वहीं जीटी के ओपनर साई सुदर्शन ने 58 गेंदों पर 100 रन बनाकर सीजन का पांचवां शतक लगाया और टॉप-10 में जगह बना ली। पर्पल कैप लीडरबोर्ड आरसीबी-जीटी मैच में केवल आठ विकेट गिरे, और उनमें से एक भी जीटी के प्रसिद्ध कृणा को नहीं मिला, जिससे वह 12 विकेट के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर ही बने रहे,

जहां वह एसआरएच के ईशान मलिगा के साथ हैं। उनसे आगे सीएसके के अंशुल कम्बोज और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के प्रिस यादव हैं। हालांकि, भुवनेश्वर कुमार ने जॉस बटलर का विकेट लिया, जिससे उनके इस सीजन में 11 विकेट हो गए। वह अब राजस्थान रॉयल्स के जोफ्रा आर्चर और रवि बिश्नोई के साथ बराबरी पर हैं, और ए तीनों शीर्ा चार के ठीक पीछे हैं।

## 'सही समय पर बाउंड्री लगाना मेरी जिम्मेदारी थी': कोहली

**बेंगलुरु, वार्ता।** विराट कोहली ने देवदत्त पड्डिक्कल के साथ अपनी 115 रन की साझेदारी को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की 206 रन के सफल चेज में 'गेम चेंजर' बताया, जो उन्होंने गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ हासिल किया। कोहली को 44 गेंदों में 81 रन (आठ चौके और चार छक्के) की पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, और आरसीबी सात मैचों में पांचवीं जीत के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई। विराट ने आरसीबी की बल्लेबाजी पर कहा कि मेरा मतलब है, हमें शुरुआत में विकेट को समझना था क्योंकि उनके पास क्वालिटी गेंदबाजी आक्रमण है, और बेंगलुरु में 200 (206) का पीछा करते हुए हमें पता है कि हमें सिर्फ एक साझेदारी की जरूरत होती है। मुझे लगता है कि मेरे और (जेकब) के बीच बातचीत यही थी कि पहले कुछ ओवर को समझें, क्या हो रहा है, और फिर वहां से खेल को आगे बढ़ाएं। मुझे लगता है कि देवदत्त पड्डिक्कल ने इस सीजन में यह दूसरी बार किया है कि जब वह आए और पहली ही गेंद से शानदार बल्लेबाजी की। पड्डिक्कल की 27 गेंदों में 55 रन की पारी ने मिडिल ओवर्स में आरसीबी को जरूरी रन रेट से काफी आगे रखा, और उनका आक्रामक इरादा जीटी के प्रमुख गेंदबाजों के खिलाफ भी साफ दिखा। कोहली ने कहा कि आप जानते हैं, कगिसो रबाडा के खिलाफ पहला चौका शानदार था। उनके पास गेम अवेयरनेस और क्षमता है। खासकर हमारी परिस्थितियों में अच्छे क्रिकेटिंग शॉट खेलने और विपक्षी टीम को नुकसान पहुंचाने की।

# बिना परमिशन लगाई डॉक्टर अंबेडकर की मूर्ति को पुलिस ने हटवा कर मामला किया शांत



**कांठ (शाह टाइम्स)।** परिवर्तन पार्क में बिना अनुमति के डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति लगाई जाने की सूचना पर प्रशासन में हड़कंप मच गया पुलिस मौके पर पहुंची और मूर्ति को हटवा कर पड़ोसी के घर में रखवा दिया घटना रात किसी वक्त की है।

मुजफ्फरपुर टांडा गांव में परिवर्तन पार्क बना हुआ है जहां पर रात कुछ लोगों ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को स्थापित कर दिया इसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया। प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और मूर्ति को वहां से हटवा कर पड़ोसी के रखवा दिया।ष्ठ पुलिस का कहना था कि बिना अनुमति लिए इस तरह के कार्य करने वालों को सोचना होगा अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मूर्ति हटाने की सूचना मिली तो गांव के महिला पुरुष इकट्ठे हो गए और उन्होंने पुलिस से नाराजगी जाहिर की लेकिन पुलिस ने समझाकर लोगों को शांत कर दिया अब गांव के लोग मूर्ति हटवाने का जिम्मेदार ग्राम प्रधान को ठहरा रहे हैं हालांकि ग्राम प्रधान का कहना है कि वहां कोई मूर्ति लगाने की जगह नहीं थी वह अंबेडकर पार्क नहीं है उसका नाम परिवर्तन पार्क है और ग्राम प्रधान उनकी जगह कोई और भी होता तब भी ऐसी हालत में उसे मौके पर तो जाना ही था। उन्होंने कहा कि गांव के लोगो को प्रशासन से मूर्ति लगाने की अनुमति लेने के बाद मूर्ति की स्थापना करनी चाहिए। फिलहाल गांव में पूरी तरह शांति बनी हुई है।

# बीआरसी में गूंजे सख्त निर्देश शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार पर जोर

## बीआरसी में गूंजे सख्त निर्देश, शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** विकास खंड कुंद. रकी स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र (BRC) में शनिवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी (BEO) की अध्यक्षता में आयोजित मासिक समीक्षा बैठक में शैक्षणिक गुणवत्ता, डिजिटल प्रगति और नामांकन बढ़ाने को लेकर सख्त



तेवर देखने को मिले। बैठक में क्षेत्र के सभी प्रधानाध्यापक, इंचार्ज प्रधानाध्यापक, संकुल शिक्षक, एआरपी एवं न्याय पंचायत प्रभारियों की उपस्थिति रही। बैठक के दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिए कि प्रत्येक विद्यालय में प्रति माह 100% बच्चों का निपुण असेसमेंट हर हाल में पूर्ण किया जाए। साथ ही दीक्षा एप, निपुण प्लस एप और शिक्षक डायरी के नियमित एवं प्रभावी उपयोग को अनिवार्य बताया गया। सत्र 2026-27 में नए नामांकन में वृद्धि के साथ ही कक्षा 5 एवं 8 उत्तीर्ण विद्यार्थियों का कक्षा 6 एवं 9 में शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। विद्यालय कायाकल्प के अंतर्गत रंगाई-पुताई, फर्नीचर व्यवस्था एवं कंपोजिट ग्रांट के पारदर्शी उपयोग पर विशेष बल दिया गया। एआरपी हरीश तिवारी ने निपुण ऐप के प्रभावी संचालन एवं डिजिटल कक्षा के लाभों को साझा किया, जबकि एआरपी पारुल ने 'बालवाटिका' के माध्यम से प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत बनाने पर जोर दिया। बैठक में बेहतर प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

रंजना कुमारी को सर्वाधिक नामांकन हेतु सम्मानित किया गया, जबकि जोगिंदर सिंह, जुबेर एवं रुबीना यजदानी को विद्यालयों में उत्कृष्ट 'कायाकल्प' कार्य के लिए सराहा गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने दो टूक कहा कि विभागीय कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी लक्ष्यों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करना अनिवार्य होगा।

## बिलारी समाचार

### थाना समाधान दिवस में पहुंचीं तीन शिकायतें, जांच के निर्देश

**चन्दौसी।** कोतवाली में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादियों की संख्या कम रही और कुल तीन शिकायतें प्राप्त हुईं। समाधान दिवस में प्रभारी निरीक्षक अनुज तोमर व एसएसआई ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं।

राजस्व विभाग से अतुल पाठक, गोपाल सिंह, बाबूराम कानूनगो और सिटी लेखपाल दानवीर सिंह मौजूद रहे, जिन्हें राजस्व संबंधी शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए गए। गणेश कॉलोनी निवासी एक महिला ने रामनगर कैथल स्थित अपनी कृषि भूमि पर बहजोई निवासी जगतपाल पुत्र मनोहर समेत कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जे के प्रयास की शिकायत दर्ज कराई। महिला ने बताया कि उसने वर्ष 2020 में भूमि खरीदी थी और तभी से उसका कब्जा है, लेकिन सड़क किनारे भूमि होने के कारण भू-माफिया नजर गड़ाए हुए हैं। अधिकारियों ने मामले की जांच कर निस्तारण के निर्देश दिए। अधिकारियों ने प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समाधान पर जोर दिया।

### शहर की समस्याओं को लेकर व्यापार मंडल ने उठाई आवाज, ईओ को सौंपा ज्ञापन

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को नगर पालिका अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम को ज्ञापन देकर शहर की प्रमुख समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। व्यापारियों ने कहा कि चन्दौसी व्यापारिक नगरी होने के बावजूद जाम, अतिक्रमण और अव्यवस्थित यातायात जैसी समस्याओं से जूझ रही है। ज्ञापन में शहर के चारों ओर वेंडिंग जोन विकसित करने, ठेला-खोमचा संचालन को व्यवस्थित करने और ई-रिक्शाओं के लिए नियम तय करने की मांग की गई, ताकि जाम की समस्या कम हो सके। व्यापारियों ने नगरपालिका और व्यापार मंडल के बीच मासिक बैठक कराने का सुझाव भी दिया, जिससे विकास कार्यों, सड़क-नाला निर्माण और अन्य मुद्दों पर संवाद हो सके।

बरसात से पहले नालों की सफाई, मच्छरों से बचाव को फॉगिंग और निर्माण कार्यों में पारदर्शिता की भी मांग उठाई गई। व्यापारियों ने कहा कि समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन और व्यापारियों के बीच समन्वय जरूरी है। अधिशासी अधिकारी ने सुझावों पर विचार कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान सागर गुप्ता, शाहआलम मंस. ूरी, नमन भारद्वाज, गोपाल वार्ष्णेय, बबलू एडवोकेट, मोहित सक्सेना, मोहम्मद अनस, इरफान खान, अविनाश रस्तोगी, सौरभ अग्रवाल, मोि. हत अग्रवाल, सुफियान सहित अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

### पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में चार परिवारों में हुआ समझौता

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के निर्देशन में पुलिस परिवार परामर्श सुलह-समझौता केंद्र की बैठक महिला थाना बहजोई स्थित पुलिस लाइन मंडी समिति में आयोजित हुई। बैठक में



पति-पत्नी के आपसी विवादों को काउंसलर्स के सहयोग से सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। बैठक में कुल 47 पत्रावलियों की सुनवाई की गई, जिनमें 11 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया। चार परिवारों को आपसी सहमति से मिलाया गया, जबकि तीन पत्रावलियों में विधिक कार्रवाई की संस्तुति की गई। वहीं चार पत्रावलियां आवे. दकों द्वारा बल न देने के कारण बंद कर दी गईं। अधिकारियों ने पारिवा. रिक विवादों को आपसी संवाद और समझदारी से सुलझाने पर जोर दिया। इस दौरान काउंसलर अखिलेश अग्रवाल, लवमोहन वार्ष्णेय, संगीता भार्गव, कंचन माहेश्वरी, महिला हेड कांस्टेबल रश्मि गहलौत व महिला आरक्षी ज्योति सहित अन्य मौजूद रहे।

### फोन पर बुलाकर युवक पर किया जानलेवा हमला पुलिस ने किया मामला दर्ज

**कांठ (शाह टाइम्स)** फोन पर बुलाकर युवक पर जानलेवा हमला कर दिया और मरा जानकर छोड गए घायल के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। संदलीपुर गांव निवासी जगबीर पुत्र ओपी सिंह का आरोप था की 22 अप्रैल को दोपहर करीब 3:00 बजे उसके मोबाइल पर भेंडी फरीदपुर निवासी काले सिंह ने फोन करके लड़के अनिकेत से बात कर कहीं बुलाया। अनिकेत उसी समय काले सिंह से मिलने चला गया रात करीब 10:00 बजे जानकारी मिली कि अनिकेत गंभीर घायल अवस्था में समदपुर के पुल के पास पड़ा है। वह तुरंत मौके पर पहुंचा तो उसका बेटा गंभीर हालत में था बाइक भी टूटी हुई थी घायल ने बताया कि काले सिंह बिंदा ग्राम भेडी फरीदपुर व चेत. रामपुर के मनोज ने उसे जान से मारने की नीयत से सरियो से मारा और मरा समझ कर पुल के पास डालकर चले गए। इसके बाद वह बेहोश हो गया पीड़ित उसे लेकर डीएमआर हॉस्पिटल में पहुंचा जहां उसकी हालत अभी गंभीर बनी हुई है पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### घेर में लगी आग से सात भैंसें झुलसीं ग्रामीणों ने बचाया बड़ा हादसा

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव गुरगांव में शनिवार दोपहर एक घेर में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग की चपेट में आकर वहां बंधी सात भैंसें झुलस गईं, जबकि ग्रामीणों की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया।गांव निवासी सुनेवीर सिंह यादव परिवार सहित जंगल गए हुए थे और बच्चे स्कूल में थे। घर के पास बने घेर में छप्पर के नीचे भैंसें बंधी थीं। दोपहर में अचानक घेर में आग लग गई और देखते ही देखते लपटें तेज हो गईं। धुआं और आग देखकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पानी व अन्य संसाधनों से आग बुझाने में जुट गए। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि आग से सातों भैंसें झुलस गईं, लेकिन सभी को जीवित बचा लिया गया। पीडिघ्त परिवार के अनुसार झुलसी भैंसों की कीमत करीब छह से सात लाख रुपये है। सूचना पर पुलिस और एंबुलेंस भी मौके पर पहुंच गई। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। ग्रामीणों की तत्परता से आग फैलने से रोका जा सका और बड़ा नुकसान टल गया।



# टिमिट की सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्सः चुनौतियां, मुद्दे एवं व्यवहार विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस-2026 के दूसरे दिन में गूंजे शोध और नवाचार के स्वर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट - कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट द्वारा तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय (टीएमयू) के ऑडिटोरियम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन के अंतर्गत शनिवार को एक प्रभावशाली पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया, जिसमें देश के विभिन्न प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों और संस्थानों से आए शिक्षाविदों एवं विशेषज्ञों ने शिक्षा, शोध और करियर विकास से जुड़े अहम मुद्दों पर अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः पंजीकरण और नाश्ते के साथ हुई, जिसके बाद अतिथियों का स्वागत एवं तिलक किया गया। दीप प्रज्वलन, सांस्कृतिक प्रस्तुति और मंच गठन के बाद औपचारिक सत्र प्रारंभ हुआ।स्वागत भाषण में प्रोफेसर विपिन जैन, डीन, फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट, टिमिट, मुरादाबाद ने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस में सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स के सभी 17 पॉइंट से शोध पत्र प्रस्तुत और प्रकाशित किए गए हैं। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि इनमें से काफी अधिक शोध पत्र विद्यार्थियों द्वारा लिखे गए हैं, जो शोध के प्रति छात्रों की बढ़ती रुचि को दर्शाता है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि इन शोध पत्रों को 10 कॉन्फ्रेंस एडिटेड पुस्तकों के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है, जिनमें से एक पुस्तक का विमोचन कल और दूसरी पुस्तक का विमा. ेचन आज किया गया। बाकी पुस्तके भी जल्द ही प्रकाशित की जाए पैनल डिस्कशन सत्र में प्रोफेसर तरुण कुमार शर्मा, डीन, शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा को इंडस्ट्री की जरूरतों के अनुरूप बनाना आवश्यक है, ताकि छात्र रोजगार के लिए बेहतर तरीके से



तैयार हो सकें। प्रोफेसर दिव्या, डीन स्टूडेंट वेलफेयर, शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ ने विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए मेंटरशिप और छात्र कल्याण को प्राथमिकता देने की बात कही।डॉ. प्रणव कर्बंदा, करियर एवं लीडरशिप कोच, स्टुडिनेक्स सर्विसेज, नई दिल्ली ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में स्किल डेवलपमेंट, कम्युनिकेशन और लीडरशिप क्वालिटी करियर निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। डॉ. मनीष श्रीवास्तव, निद. ेशक, क्वांटम यूनिवर्सिटी, रूड़की ने उच्च शिक्षा में नवाचार और रिसर्च कल्चर को बढ़ावा देने पर जोर दिया। डॉ. राजकुमार सिंह, प्रोफेसर, ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी, देहरादून ने तकनीकी आधारित शिक्षा को समय की आवश्यकता बताते हुए डिजिटल लर्निंग के महत्व को रेखांकित किया। डॉ. राधेश्याम झा, प्रोफेसर, उत्तरांचल यूनिवर्सिटी, देहरादून ने अकाद. मिक उत्कृष्टता के लिए शोध आधारित दृष्टिकोण को अनिवार्य बताया। वहीं डॉ. पुलकित अग्रवाल, डीन, सूरजमल यूनिवर्सिटी, किच्छा ने प्रबंधन शिक्षा में प्रैक्टिकल एक्सपोजर और इंडस्ट्री इंटरफेस को महत्वपूर्ण बताया। इस सत्र का संचालन प्रोफेसर विपिन जैन ने कॉन्फ्रेंस डायरेक्टर के रूप में किया। इसके अतिरिक्त डॉ. पूजा व्यास, निदेशक, आईसीपीआर, नई दिल्ली ने भी अपने विचार साझा करते हुए नीति निर्माण में शोध की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।इस कॉन्फ्रेंस के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिनमें थीसिस प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता, केस स्टडी प्रतियोगिता,पोस्टर प्रतियोगिता तथा बेस्ट रिसर्च पेपर प्रेजेंटेशन अवार्ड शामिल रहे। इन प्रतियोगिताओं में छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी रचनात्मकता, विश्लेषण क्षमता एवं शोध कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।सभी प्रतिभागियों और आयोजकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय मंच ज्ञान के आदान- प्रदान और नवाचार को बढ़ावा देते हैं। यह कॉन्फ्रेंस छात्रों, शोधार्थियों और शिक्षाविदों के लिए प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक साबित हुई।

# टीएमयू में एग्रीकल्चर कॉलेज साइंसेज की दो दिनी नेशनल कॉन्फ्रेंस 27 अप्रैल से होगी




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज की ओर से विकसित भारत 2047 के मद्देनजर सतत विकास लक्ष्यख्र एसडीजीएस पर केंद्रित दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस 27 अप्रैल से मेडिकल लेक्चर थियेटर में आयोजित होगी। कॉन्फ्रेंस में हेमवती बहुगुणा यूनिवर्सिटी, उत्तराखंड के पूर्व कुलपति प्रो. एसपी सिंह, इको संस्कृति कलेक्टिव फाउंडेशन के मानद अध्यक्ष डॉ. एस बिस्वास, राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, उत्तराखंड के वैज्ञानिक-ई डॉ. गोपाल कृष्ण, जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान, उत्तराखंड के वैज्ञानिक-ई डॉ. केएस कानवाल बतौर मेहमान शामिल होंगे। इनके संग-संग टीएमयू के कुलपति प्रो. वीके जैन और डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन की भी उल्लेखनीय मौजूदगी रहेगी। कॉन्फ्रेंस सचिव प्रो. गणेश दत्त भट्ट ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में आधा दर्जन से अधिक सूबों के जाने-माने शिक्षाविद्, वैज्ञानिक और शोधार्थी भी शिरकत करेंगे।

### श्याम सुंदर मेमोरियल लॉ कॉलेज में मूट कोर्ट का आयोजन

**चन्दौसी।** स्टेशन रोड स्थित श्याम सुंदर मेमोरियल लॉ कॉलेज में शनिवार को विधि के छात्र-छात्राओं को व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से मूट कोर्ट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को न्यायालय की कार्यवाही, तर्क-वितर्क और विधिक प्रक्रियाओं की बारीकियों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. प्रवीन कुमार ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात आयोजित मूट कोर्ट में अधिवक्ता राजेश यादव, टेकचंद यादव एवं किरण शर्मा ने छात्रों को न्यायालय की वास्तविक कार्यप्रणाली से परिचित कराया। मूट कोर्ट के दौरान विद्यार्थियों ने वादी, प्रतिवादी एवं अधिवक्ताओं की भूमिका निभाते हुए न्यायिक प्रक्रिया को समझा। विशेषज्ञों ने छात्रों को कानूनी तर्क प्रस्तुत करने, साक्ष्य रखने और न्यायालयीन शिष्टाचार के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम का संच. ालन मूट कोर्ट प्रभारी सचिन मिश्रा के निर्देशन में संपन्न हुआ।

# टीएमयू में अर्थ वीक में सीओई के स्टुडेंट्स का संकल्प से नो टु प्लास्टिक, गो ग्रीन, गो क्लीन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में भारत पर्यावरण कार्यक्रम- भारत सस्टेनेबिलिटी कैंपस मिशन 2026 के तहत अर्थ वीक के दौरान जीरो प्लास्टिक अभियान की थीम से नो टु प्लास्टिक- गो ग्रीन, गो क्लीन रही। इसका उद्देश्य प्लास्टिक मुक्त परिसर की अवधारणा को बढ़ावा देना और पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति जागरूक करना है। अभियान में स्टुडेंट्स ने प्लास्टिक कचरा संग्रहण, अपशिष्ट पृथक्करण गतिविधियों और परिसर स्वच्छता अभियान के संग-संग एकल-उपयोग प्लास्टिक को कम करने, पुनः उपयोग योग्य वस्तुओं के प्रयोग, स्वच्छ एवम् टिकाऊ वातावरण बनाए रखने के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया। स्टुडेंट्स ने प्लास्टिक मुक्त परिसर विकसित करने का संकल्प लिया। फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी ने स्टुडेंट्स को एकल-उपयोग प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छ और हरित परिसर के लिए टिकाऊ विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित किया। जीरो प्लास्टिक कैंपेन में समन्वयक प्रो. रवि कुमार जैन, डॉ. इंदु त्रिपाठी, श्रीमती निकिता जैन, डॉ. आशीष सिमल्टी , डॉ. संकल्प गोयल, डॉ. देबोंजन रॉय, एसबी रस्तोगी, सचिन वर्मा, एमडी पांडेय के अलावा बीटेक-सिविल, मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के स्टुडेंट्स हरि प्रकाश, वंश जैन, रजत वर्मा, तमीम, अजीम, अबूजर, आफताब, अलमीरूफ, दीपक मौर्य, रितिक कुमार, नावेद आदि ने प्रतिभाग किया।

### दीक्षांत परेड की तैयारियों का एसएसपी ने किया निरीक्षण

**मुरादाबाद।** जनपद में आज रविवार को प्रस्तावित रिक्रूट आरक्षियों की दीक्षांत परेड को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। इसी क्रम में शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह के साथ परेड स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने परेड ग्राउंड, मंच व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध तथा यातायात नियंत्रण की तैयारियों को बारीकी से परखा।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो और सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्व पूर्ण कर ली जाएं।

### आरपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज, चन्दौसी टीम ने जीता पहला मुकाबला

**चन्दौसी।** तहसील क्षेत्र के ग्राम राजथल में शनिवार को आरपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ जोश और उत्साह के बीच हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन वीरभान यादव व गौरव यादव ने फीता काटकर किया। उद्घाटन मैच चन्दौसी और रीठ की टीमों के बीच 12-12 ओवर का खेला गया, जिसमें चन्दौसी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 32 रन से जीत दर्ज की। चन्दौसी टीम के कप्तान अनमोल ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए 158 रन बनाकर मैच के हीरो रहे। उनकी पारी की बदौलत टीम ने मजबूत स्कोर खड़ा किया, जिसे रीठ की टीम हासिल नहीं कर सकी। मैच के दौरान खिलाडिघ्यों के प्रदर्शन पर दर्शकों ने जमकर उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर रायसिंह यादव, विकास यादव, वीरेंद्र यादव, डॉ. अंकित, सुमित, शिवकुमार और सचिन सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# मैडल वितरण समारोह में कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने टॉपर छात्रों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स, ब्यूरो।**

**मुरादाबाद।** आज पंचायत भवन मुरादाबाद में अमर उजाला की ओर से मैडल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स उत्तर प्रदेश श्री सुनील कुमार शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। समारोह में मुरादाबाद मंडल के एमआईटी कॉलेज, टीएमयू कॉलेज, राजकीय पॉलिटेक्निक मुरादाबाद, राजकीय महिला पॉलिटेक्निक मुरादाबाद, राजकीय पॉलिटेक्निक बिलारी सहित अन्य कॉलेजों के टॉपर छात्र-छात्राओं को मंत्री द्वारा मैडल देकर सम्मानित किया गया। मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने सभी मेधावी छात्रों का मार्गदर्शन किया और जीवन में समय का सदुपयोग करने की सीख दी। उन्होंने कहा कि परिश्रम और अनुशासन से ही बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। तकनीक के युग में युवाओं को इनोवेशन पर फोकस करना चाहिए। इस दौरान एमआईटी कॉलेज के सिविल इंजी. नियरिंग के टॉपर छात्र मौहम्मद नबील को भी मैडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कॉलेजों के प्राचार्य, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अमर उजाला के इस आयोजन की सभी ने सराहना की।








जम्मू-कश्मीर। सांबा में 'नशा मुक्त-जम्मू-कश्मीर' अभियान के दौरान जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवान।

## अमेरिका नहीं बढ़ाएगा रूस, ईरान से तेल खरीदने को छूट की अवधिः बेसेंट

**वाशिंगटन।** अमेरिका, रूस और ईरान से तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की खरीदारी के लिए दी गई छूट की अवधि को नहीं बढ़ाएगा। यह बात अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने एसोसिएटेड प्रेस (एपी) से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि ईरानियों के लिए नहीं---हमने नाकेबंदी कर रखी है और वहां से कोई तेल बाहर नहीं आ रहा है। हमें लगता है कि अगले दो-तीन दिनों में उन्हें अपना उत्पादन बंद करने की प्रक्रिया शुरू करनी पड़ेगी, जो उनके तेल के कुओं के लिए बहुत बुरा होगा। उन्होंने कहा कि वह रूस से पेट्रोलियम पदार्थों की खरीदारी के लिए दी गई छूट को एक बार फिर बढ़ाने की कल्पना भी नहीं कर सकते। अमेरिक के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय ने मार्च में आम लाइसेंस जारी किए थे, जिनके तहत रूस और ईरान के उस तेल से जुड़े सभी लेन-देन को मंजूरी दी गई थी, जो क्रमशः 11 अप्रैल और 19 अप्रैल तक जहाजों पर लादा जा चुका था।

## दक्षिणी लेबनान में इजरायली हवाई हमलों में छह लोगों की मौत

**बेरूत।** लेबनान के दक्षिणी हिस्से में इजरायल के हवाई हमलों में छह लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के आपात संचालन केंद्र के अनुसार, शुक्रवार को हुए इन हमलों में नागरिकों को निशाना बनाया गया। राष्ट्रीय समाचार एजेंसी ने भी इसकी पुष्टि की है। संघर्षविराम को तीन सप्ताह के लिए बढ़ाए जाने के एक दिन बाद भी इजरायली सेना और हिज्बुल्ला के लड़ाकों के बीच झड़पें जारी रहीं। दोनों पक्ष एक-दूसरे पर संघर्षविराम उल्लंघन का आरोप लगा रहे हैं। इजराइली सेना ने कहा है कि वह दक्षिणी लेबनान के कुछ हिस्सों में अब भी तैनात है और उसने लितानी नदी तक अपने नियंत्रण क्षेत्र का विस्तार किया है। सेना के प्रवक्ता ने कुछ क्षेत्रों में नागरिकों की आवाजाही पर रोक की भी घोषणा की है।

# समुद्री नाकाबंदी से फिर बढ़ रहा तनाव

## अमेरिकी युद्धपोत-यूएसएस राफेल पेराल्टा ने ईरानी जहाज को रोका, सेंटकॉम ने की पुष्टि

**फ्लोरिडा ( अमेरिका )।** अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकाम) ने पुष्टि की है कि अमेरिकी नौसेना के गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रायर यूएसएस राफेल पेराल्टा (डीडीजी 115) ने एक ईरानी झंडे वाले जहाज को समुद्र में रोक दिया है। यह कार्रवाई एक विशेष समुद्री मिशन के तहत की गई, जिससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तनाव एक बार फिर बढ़ गया है।

अमेरिकी नौसेना के अनुसार, 24 अप्रैल को इस जहाज की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। रिपोर्ट में दावा किया गया कि यह जहाज ईरान के बंदरगाह की ओर जा रहा था, जिसके बाद उसे रोकने का निर्णय लिया गया। इसके बाद अमेरिकी युद्धपोत ने तुरंत कार्रवाई करते हुए जहाज को रोका और बोर्डिंग के जरिए उसकी जांच शुरू की। अमेरिकी अधिकारियों ने इस कार्रवाई को व्यापक समुद्री अभियान का हिस्सा बताया है। शुक्रवार को पेंटागन में हुई ब्रीफिंग के दौरान जाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन जनरल डैन केन ने कहा कि अमेरिका ईरान के खिलाफ सख्त समुद्री नाकाबंदी नीति लागू कर रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना किसी भी स्थिति में



■ अमेरिकी अधिकारियों ने इस कार्रवाई को व्यापक समुद्री अभियान का हिस्सा बताया

बड़े सैन्य अभियान को फिर से शुरू करने के लिए तैयार है, यदि राष्ट्रपति का आदेश मिलता है। जनरल केन ने बताया कि अमेरिका वैश्विक स्तर पर प्रतिबंधित और ३डार्क फ्लीट३ जहाजों पर कार्रवाई कर रहा है। यह अभियान 8 अप्रैल से शुरू हुआ था। अब तक 34 जहाजों को रोका जा चुका है, जिनमें से कई ने अमेरिकी चेतावनी के बाद वापस लौटने का फैसला किया। अमेरिकी सेना ने हाल ही में मोटर वेसल तोस्का को भी जब्त किया था। चेतावनी के बावजूद जब जहाज नहीं रुका तो अमेरिकी मरीन ने हेलीकाप्टर के जरिए तेजी से कार्रवाई करते हुए जहाज पर नियंत्रण हासिल कर लिया। इसके अलावा 20 अप्रैल को ज्यार्दिल टैंकर को रोका गया, जिसमें कथित रूप से प्रतिबंधित ईरानी तेल मौजूद था। वहीं 22 अप्रैल को इंडियन ओशन में एक और जहाज मेजेस्टिक एक्स पोनी को भी जब्त किया गया। सेंटकाम ने साफ किया है कि किसी भी देश का जहाज यदि ईरान के बंदरगाहों की ओर जाता है या वहां से निकलता है, तो उसे रोका जाएगा। अमेरिकी सेना लगातार ऐसे जहाजों पर नजर रख रही है जो इस क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों में शामिल हैं। ब्रीफिंग के दौरान जनरल डैन केन ने 1983 में बेरूत में अमेरिकी दूतावास पर हुए बम हमले का भी उल्लेख किया और शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना अपने कर्मियों की बहादुरी और समर्पण को हमेशा याद रखती है और वर्तमान अभियानों में शामिल सैनिकों पर गर्व करती है।

# प्रेसिडेंट ट्रम्प का गोल्ड कार्ड वीजा हुआ फ्लॉप

## अब तक सिर्फ एक व्यक्ति ने ही हासिल किया, 1300 आवेदन बेचे जाने का किया था सरकार ने दावा



■ ट्रम्प ने फरवरी, 2025 में 'गोल्ड कार्ड' वीजा प्रोग्राम शुरू करने का ऐलान किया था, उस वक्त उन्होंने इसकी कीमत पांच मिलियन डालर रखी थी

■ अब अमेरिका सिर्फ टैलेंटेड लोगों को ही वीजा देगा, न कि ऐसे लोगों को जो अमेरिकियों की नौकरियां छीन सकते हैं

**वाशिंगटन।** अमेरिका में अब तक केवल एक व्यक्ति ने ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का बहुचर्चित 'गोल्ड कार्ड' वीजा हासिल किया है। गोल्ड कार्ड वीजा में कोई विदेशी 10 लाख डालर (9 करोड़ रुपये से ज्यादा) देकर अमेरिका में रहने और काम करने का अधिकार पा सकता है।

वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक ने संसदीय समिति की सुनवाई में यह जानकारी दी। यह आंकड़ा उनकी पहले की उस घोषणा से काफी कम है, जिसमें उन्होंने कहा था कि योजना लान्च होने के कुछ ही दिनों में करीब 10,800 करोड़ रुपये के 1300 आवेदन बेचे जा चुके हैं। लुटनिक ने सुनवाई के दौरान कहा कि फिलहाल सैकड़ों आवेदन प्रक्रिया में हैं। ट्रम्प ने फरवरी, 2025 में 'गोल्ड कार्ड' वीजा प्रोग्राम शुरू करने का ऐलान किया था। हालांकि उस वक्त उन्होंने इसकी कीमत 5 मिलियन डालर रखी थी। सितम्बर में इसे घटाकर 1 मिलियन डालर कर दिया गया था। ट्रम्प का कहना था कि यह अमेरिका फर्स्ट एजेंडे का हिस्सा है, जो टाप टैलेंट (जैसे भारत-चीन से पढ़े स्टूडेंट्स) को रोकने और कंपनियों को अमेरिका लाने के लिए है। गोल्ड कार्ड की अनलिमिटेड रेसीडेंसी में नागरिकों को सिर्फ पासपोर्ट और वोट देने का अधिकार नहीं मिलता, बाकी सारी सुविधाएं एक अमेरिकी नागरिक के जैसी मिलती हैं। यह प्रक्रिया उसी तरह होगी, जैसे ग्रीन कार्ड के जरिए स्थायी निवास मिलता है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा था कि यह वीजा प्रोग्राम खास तौर पर धनी विदेशियों के लिए है, ताकि वे 1 मिलियन डालर देकर अमेरिका में रहते हुए काम कर सकें। अब अमेरिका सिर्फ टैलेंटेड लोगों को ही वीजा देगा, न कि ऐसे लोगों को जो अमेरिकियों की नौकरियां छीन सकते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि इस रकम का इस्तेमाल टैक्स को घटाने और सरकारी कर्ज चुकाने में किया जाएगा। ट्रम्प ने फरवरी, 2025 में 'गोल्ड कार्ड' वीजा प्रोग्राम शुरू करने का ऐलान किया था। ट्रम्प ने गोल्ड कार्ड के अलावा 3 नए तरह के वीजा कार्ड भी लान्च किए थे। इनमें 'ट्रम्प गोल्ड कार्ड', 'ट्रम्प प्लेटिनम कार्ड' और 'कार्पोरेट गोल्ड कार्ड' शामिल हैं। ट्रम्प गोल्ड कार्ड व्यक्ति को अमेरिका में अनलिमिटेड रेसीडेंसी (हमेशा रहने) का अधिकार देगा। वहीं ट्रम्प प्लेटिनम कार्ड जल्दी शुरू किया जाएगा। कामर्स सेक्रेटरी हावर्ड लुटनिक के मुताबिक, यह गोल्ड कार्ड मौजूदा ईबी-1 और ईबी-2 वीजा की जगह लेगा। ग्रीन कार्ड श्रेणियां बंद हो सकती हैं। ईबी-1 वीजा अमेरिका का एक स्थाई निवास (ग्रीन कार्ड) वीजा है। ईबी-2 वीजा भी ग्रीन कार्ड के लिए है, लेकिन उन लोगों के लिए जो उच्च शिक्षा (मास्टर्स या उससे ऊपर) की योग्यता रखते हों।

## ब्रिटेन ने जंग में साथ नहीं दिया, ट्रम्प नाराज

**वाशिंगटन।** ब्रिटेन और स्पेन ने नाटो से जुड़ी एक अमेरिकी रिपोर्ट पर आपत्ति जताई है। इसमें कहा गया था कि ट्रम्प सरकार इन दोनों देशों को सजा देने पर विचार कर रही हैं। इसकी वजह ईरान के खिलाफ जंग में अमेरिका का खुलकर साथ नहीं देना है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय यानी पेंटागन के भीतर अधिकारियों के बीच एक ईमेल के जरिए बातचीत हुई, जिसमें अलग-अलग संभावित कदमों (आप्शन्स) पर विचार किया जा रहा था।

जैसे कि विरोधी माने जा रहे देशों को नाटो के अहम पदों से हटाना, स्पेन जैसे देश को गठबंधन में उसकी भूमिका को सीमित करना और ब्रिटेन के फाकलैंड द्वीप पर दावे को लेकर अमेरिका की नीति की समीक्षा करना। हालांकि पेंटागन ने इस ईमेल पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी और यह ईमेल सार्वजनिक रूप से भी सामने नहीं आया है। ईरान पर हमलों के दौरान ट्रम्प और स्टार्मर के बीच तनाव देखने को मिला था। शुरुआत में ब्रिटेन ने अमेरिका को अपने एयरबेस इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी थी। बाद में ईरान की जवाबी कार्रवाई के बाद ब्रिटेन ने कुछ एयरबेस इस्तेमाल करने की इजाजत दी, ताकि होर्मुज या ब्रिटिश ठिकानों को खतरा पैदा करने वाले ईरानी ठिकानों पर हमला किया जा सके। हालांकि फिर ट्रम्प इससे खुश नहीं हुए। दूसरी तरफ अर्जेंटीना में इस खबर को लेकर खुशी का माहौल है। सरकार के प्रवक्ता जेवियर लानारी ने कहा कि उनका

■ ब्रिटेन के कब्जे वाले फाकलैंड द्वीप पर अर्जेंटीना का साथ दे सकते हैं अमेरिकी राष्ट्रपति

देश 'माल्विनास' को वापस पाने के लिए हर संभव कोशिश कर रहा है। अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई ट्रम्प के करीबी माने जाते हैं। मिलेई ने भी कहा कि इस मुद्दे पर कोई समझौता नहीं होगा। फाकलैंड द्वीप का मामला ब्रिटेन और अर्जेंटीना दोनों के लिए बहुत बड़ा मुद्दा है।

दोनों देश इस पर दावा करते हैं। अर्जेंटीना इस द्वीप को माल्विनास कहता है। फाकलैंड दक्षिण अटलांटिक महासागर में स्थित हैं और अर्जेंटीना से सिर्फ 500 किमी दूर है। वहीं ब्रिटेन से यह 13000 किमी दूर स्थित है। अर्जेंटीना ऐतिहासिक रूप से इस द्वीप को अपना बताता आया है। अर्जेंटीना का कहना है कि ये द्वीप उसके पास होने चाहिए, क्योंकि ये उसके इलाके के करीब हैं। वहीं ब्रिटेन कहता है कि वहां रहने वाले लोग खुद को ब्रिटिश मानते हैं और उन्होंने वोट करके भी ब्रिटेन के साथ रहने की इच्छा जताई है, इसलिए यह उसका क्षेत्र है। 1982 में अर्जेंटीना ने इन द्वीपों पर कब्जा कर लिया था, जिसके बाद ब्रिटेन की तत्कालीन प्रधानमंत्री मार्गरेट थैचर ने सेना भेजकर सिर्फ 10 हफ्ते में इन्हें वापस हासिल किया था। अर्जेंटीना के आत्मसमर्पण करने से पहले लगभग 650 अर्जेंटीनाई सैनिक और 255 ब्रिटिश सैनिक मारे गए थे।

## ट्रम्प ने ईरानी नेताओं की हत्या का किया समर्थन

■ ईरान ने अमेरिकी राष्ट्रपति के ऐसे संदेश को साझा किए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी

■ ब्रिटेन के किंग चार्ल्स के साथ ईरान और नाटो के मुद्दे को लेकर चर्चा करेंगे ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उनके देश के साथ समझौते के पक्ष में न होने वाले ईरानी नेताओं की हत्या का समर्थन किया है। वाशिंगटन पोस्ट के स्तंभकार मार्क थीसेन ने 'एक्स' पर एक संदेश पोस्ट किया, जिसमें कहा गया है कि जो ईरानी नेता अमेरिका के साथ समझौते के पक्ष में नहीं हैं, उनकी हत्या कर दी जानी चाहिए। बाद में ट्रम्प ने इस संदेश को ट्रुथ सोशल पर साझा किया। थीसेन के संदेश में कहा गया कि अगर ईरान में दो धड़े हैं, जिनमें से एक समझौता चाहता है और दूसरा नहीं, तो समझौता न चाहने वाले नेताओं को हमें मार देना चाहिए। ट्रम्प के इस संदेश को साझा किए जाने पर ईरान ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने इसे 'गंभीर नैतिक पतन का प्रमाण' बताया। प्रवक्ता ने कहा कि इस प्रकार के संदेश का समर्थन यह दर्शाता है कि अमेरिका अपने घोषित मूल्यों से हटकर हिंसा और उग्रवाद को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने ऐसे व्यक्ति का संदेश साझा किया है, जो खुले तौर पर उन लोगों की हत्या की बात कर रहा है जो समझौते के पक्ष में नहीं हैं। बाघेई ने कहा कि जो देश कभी लोकतंत्र, स्वतंत्रता और मानवीय मूल्यों का प्रतीक माना जाता था, वह अब हिंसा और हत्या को बढ़ावा देता दिखाई दे रहा है। उन्होंने प्रश्न खड़ा किया कि इसे गहरे नैतिक संकट के अलावा और क्या कहा जा सकता है। वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह ब्रिटेन के किंग चार्ल्स ।।। के अमेरिका के दौरे के दौरान उनके साथ उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) और ईरान के खिलाफ अमेरिकी अभियान से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे। ट्रम्प ने एक न्यूज एजेंसी को फोन पर बताया कि मैं हर चीज के बारे में बात करूंगा। मैं इस पर चर्चा करूंगा। वे मेरे दोस्त हैं, और वे बहुत अच्छे इंसान हैं। रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटेन का डिजिटल सेवा कर भी चर्चा के विषयों में शामिल होगा। गौरतलब है कि बकिंघम पैलेस ने 31 मार्च को घोषणा की थी कि किंग चार्ल्स ।।। और रानी कैमिला अप्रैल में अमेरिका की राजकीय यात्रा पर जाएंगे। ट्रम्प ने बताया कि ब्रिटेन का शाही जोड़ा 27 से 30 अप्रैल के बीच अमेरिकी दौरे पर रहेगा।

# इंडो-पैसिफिक में बढ़ी ताकत

■ भारत-अमेरिका साझेदारी गहरी, सीडीएस अनिल चौहान की बैठक से रक्षा सहयोग को नया आयाम

■ दोनों देशों ने इस बात को स्वीकाराः आधुनिक समय में तकनीक सैन्य शक्ति का अहम आधार बन चुकी है

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक साझेदारी लगातार मजबूत होती जा रही है। इसी कड़ी में भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने अमेरिकी इंडो-पैसिफिक कमांड के वरिष्ठ अधिकारी जनरल केविन बी. श्नाइडर के साथ अहम बैठक की।

इस बैठक में दोनों देशों ने इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता को दोहराया। साथ ही, क्षेत्रीय सुरक्षा को लेकर सहयोग को और गहरा करने पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते रणनीतिक तालमेल पर चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने यह स्पष्ट किया कि वे क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखने के लिए मिलकर काम करते रहेंगे। इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ मुख्यालय के अनुसार, इस बातचीत में द्विपक्षीय और त्रि-सेवा सहयोग को और विस्तारित करने पर भी सहमति बनी। दोनों देशों ने इस बात को स्वीकार किया कि आधुनिक समय में तकनीक सैन्य शक्ति का अहम आधार बन चुकी है। इसी को ध्यान में रखते हुए रक्षा सहयोग को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में काम करने पर बल दिया गया। इससे पहले, जनरल अनिल चौहान ने ब्रिटेन के शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ भी महत्वपूर्ण बैठकें कीं। उन्होंने सर रिचर्ड नाइटन के साथ मुलाकात कर वैश्विक चुनौतियों, साइबर खतरों और व्यापार असंतुलन जैसे मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान भारत और ब्रिटेन ने भी इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति और समृद्धि बनाए रखने के लिए सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। ब्रिटेन दौरे के दौरान जनरल चौहान ने रायल कालेज ऑफ डिफेंस स्टडीज में भी संबोधन दिया, जहां उन्होंने आधुनिक युद्ध की बदलती प्रकृति और वैश्विक सुरक्षा पर उसके प्रभाव को विस्तार से समझाया। उन्होंने यह भी बताया कि भारत किस तरह वैश्विक स्तर पर स्थिरता और सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## फिनलैंड के पास परमाणु हथियार होने की संभावना को संज्ञान में लेगा रूस

**मॉस्को।** रूस अपनी सैन्य योजना में फिनलैंड के पास आयात या निर्माण के माध्यम से परमाणु हथियार होने की 'सैद्धांतिक संभावना' को भी संज्ञान में लेगा। फिनलैंड की सरकार ने संसद में परमाणु ऊर्जा कानून और दंड संहिता में संशोधन का एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया है, जो फिनलैंड की धरती पर परमाणु हथियारों के आयात, निर्माण, भंडारण और उपयोग पर वर्तमान प्रतिबंध को समाप्त कर देगा। हेलसिंकी स्थित रूसी दूतावास ने 'आरआईए नोवोस्ती' को यह जानकारी दी है। दूतावास ने कहा कि यह समझने के लिए सैन्य विशेषज्ञ होने की आवश्यकता नहीं है कि फिनलैंड की धरती पर परमाणु हथियारों के पहुंचने की सैद्धांतिक संभावना पर भी रूस अपनी सैन्य योजना के जरिए नजर रखेगा।

# होर्मुज स्ट्रेट में बारूदी सुरंग हटाने में तुर्की भागीदारी करेगा!

## किसी भी संभावित अभियान का नेतृत्व बहुराष्ट्रीय तकनीकी गठबंधन द्वारा किया जाएगाः विदेश मंत्री

■ यदि यह गठबंधन किसी नए संघर्ष में शामिल होता है तो तुर्की अपनी भूमिका पर पुनर्विचार करेगाः फिदान



**लंदन।** तुर्की ने संकेत दिया है कि ईरान और अमेरिका के बीच समझौता होने की स्थिति में वह होर्मुज जलडमरूमध्य में बारूदी सुरंग हटाने के अभियानों में भाग ले सकता है।

तुर्की के विदेश मंत्री हकन फिदान ने यहां कहा कि किसी भी संभावित अभियान का नेतृत्व बहुराष्ट्रीय तकनीकी गठबंधन द्वारा किया जाएगा और ऐसे ढांचे के तहत तुर्की को भागीदारी में कोई आपत्ति नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि यह गठबंधन किसी नए संघर्ष में शामिल होता है तो तुर्की अपनी भूमिका पर पुनर्विचार करेगा। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े मुद्दों का समाधान पाकिस्तान में होने वाली अगली वार्ता में संभव हो सकता है। इस बीच, अमेरिका ने जलडमरूमध्य में ईरान की गतिविधियों को लेकर चेतावनियां तेज कर दी हैं और नौसैनिक उपस्थिति बढ़ाई है। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने यूरोपीय देशों की आलोचना करते हुए कहा कि वे ठोस कार्रवाई के बजाय केवल कूटनीतिक बैठकों तक सीमित हैं। पिछले हफ्ते ब्रिटेन और फ्रांस द्वारा समुद्री सुरक्षा पर आयोजित कॉन्फ्रेंस पर प्रतिक्रिया देते हुए, हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका 'फैंसी बैठकों' के बजाय 'गंभीर' यूरोपीय प्रयास का स्वागत करेगा। उन्होंने कहा कि यूरोप को इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग की सुरक्षा में अधिक सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए, क्योंकि उसकी ऊर्जा आपूर्ति इस मार्ग पर निर्भर है। उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया कि इस संकट में अमेरिका अब यूरोपीय समर्थन पर निर्भर नहीं है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि अमेरिकी नाकेबंदी के कारण ईरान आर्थिक रूप से दबाव में है और उसे भारी नुकसान हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, 13 अप्रैल से अमेरिकी नौसेना ईरानी बंदरगाहों के आसपास गतिविधियों को नियंत्रित कर रही है। यह जलडमरूमध्य वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का महत्वपूर्ण मार्ग है, जहां से लगभग 20 प्रतिशत तेल और गैस का परिवहन होता है। अमेरिका ने स्पष्ट किया है कि यदि ईरान जलडमरूमध्य में बारूदी सुरंग बिछाने का प्रयास करता है, तो इसे संघर्षविराम का उल्लंघन माना जाएगा और इसका कड़ा जवाब दिया जाएगा।

# गाजा युद्ध के बाद पहली बार नगरपालिका चुनाव

## फलस्तीनियों ने किया मतदान, गाजा का वह क्षेत्र है जहां बड़े पैमाने पर जमीनी हमला नहीं हुआ

**यरूशलम।** फलस्तीन के पश्चिमी तट और गाजा पट्टी के सीमित क्षेत्रों में शनिवार को फलस्तीनी मतदाता नगरपालिका चुनाव में मतदान कर रहे हैं। गाजा युद्ध के बाद यह पहला चुनाव है।

रिपोर्टों के अनुसार, पश्चिमी तट में लगभग 15 लाख मतदाता पंजीकृत हैं, जबकि गाजा के दैर अल-बलह शहर में करीब 70 हजार मतदाता मतदान कर रहे हैं। यह गाजा का वह क्षेत्र है जहां बड़े पैमाने पर जमीनी हमला नहीं हुआ है। ये चुनाव 19 नवम्बर, 2025 को प्रकाशित नए चुनावी कानून के अनुसार आयोजित किए जा रहे हैं, जिसने दो अलग-अलग चुनावी प्रणालियां स्थापित की हैं। करीब दो दशकों में पहली बार



गाजा में मतदान हो रहा है। यहां अंतिम चुनाव 2006 में हुआ था, जब हमास ने जीत हासिल की थी। इन चुनावों को फलस्तीनी प्राधिकरण के नेतृत्व वाले महमूद अब्बास के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जो गाजा में अपनी राजनीतिक उपस्थिति बनाए रखने का प्रयास कर रहे हैं। अधिकांश उम्मीदवार फतह पार्टी के अंतर्गत या निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। हमास ने आधिकारिक रूप से उम्मीदवार नहीं उतारे हैं, लेकिन कुछ उम्मीदवारों को उससे जुड़ा माना जा रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, कुछ गुट मतदान में बिल्कुल भी हिस्सा नहीं ले रहे हैं। उन्हें उस नियम पर आपत्ति है जिसके तहत उम्मीदवारों के लिए फलस्तीनी प्राधिकरण के समझौतों का समर्थन करना जरूरी है। इसमें इजरायल को मान्यता देना भी शामिल है। हमास ने कहा कि नतीजे जो भी हों, वह उनका सम्मान करेगा। उसने गाजा में मतदान केंद्रों के बाहर सिविल पुलिस भी तैनात कर दी है। कागज पर तो ये महज स्थानीय परिषद के चुनाव हैं, लेकिन इनमें राजनीतिक दांव कहीं ज्यादा बड़े हैं। विश्लेषकों के अनुसार, ये स्थानीय निकाय चुनाव भले ही प्रशासनिक स्तर के हों, लेकिन इनके राजनीतिक निहितार्थ व्यापक हैं और भविष्य में राष्ट्रीय चुनावों का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। उनका मानना है कि फलस्तीनी प्राधिकरण वर्षों से भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहा है।

## न्यूयॉर्क में 'परमाणु-5' विशेषज्ञों की बैठक की योजनाः बैलोसोव

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्रालय के विशेष दूत आंद्रेई बेलौसोव ने कहा है कि न्यूयॉर्क में 2026 परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) समीक्षा सम्मेलन के इतर पांच परमाणु-संपन्न देशों (एन-5) के विशेषज्ञों की एक बैठक की योजना बनाई गई है। रूसी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख बेलौसोव ने स्पूतनिक से बातचीत में यह पूछे जाने पर कि क्या न्यूयॉर्क में एनपीटी समीक्षा सम्मेलन के इतर परमाणु-5 प्रारूप में विशेषज्ञ स्तर के संपर्कों की योजना है, तो उन्होंने कहा कि संबंधित समन्वय चल रहा है, लेकिन अभी तक पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि परमाणु-5 प्रारूप शुरू में एनपीटी समीक्षा प्रक्रिया के एजेंडे के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए बनाया गया था।

# मालीः बमकों में भारी गोलीबारी और विस्फोट

## सशस्त्र समूहों ने राजधानी सहित कई शहरों पर किया हमला


■ बमको का मुख्य हवाई अड्डा और काटी में रक्षा मंत्री का आवास इन हमलों के प्रमुख लक्ष्य बताए जा रहे हैं



**बमको।** अफ्रीकी देश माली की राजधानी बमको और देश के कई अन्य हिस्सों में शनिवार सुबह सशस्त्र समूहों ने समन्वित हमले किए। बमको-सेनो अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास स्थित सेनो सैन्य शिविर और काटी स्थित सैन्य ठिकाने के पास भारी गोलाबारी और विस्फोटों की खबरें मिली हैं।

आधिकारिक सूत्रों और समाचार एजेंसी अनादोलु के अनुसार, यह एक बेहद सुनियोजित अभियान था जिसके तहत बमको (सेनो और काटी) के अलावा सेवारे, मोप्ती, गाओ और किदाल जैसे रणनीतिक स्थानों को निशाना बनाया गया। बमको का मुख्य हवाई अड्डा और काटी में रक्षा मंत्री का आवास इन हमलों के प्रमुख लक्ष्य बताए जा रहे हैं। कई इलाकों में निवासियों ने सुबह-सुबह भारी गोलाबारी और लगातार धमाकों की आवाजें सुनीं। माली सेना ने एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ जनता को सूचित करते हैं कि अज्ञात आतंकवादी समूहों ने आज तड़के राजधानी और आंतरिक क्षेत्रों में कुछ रणनीतिक स्थानों और बैरकों को निशाना बनाया है। वर्तमान में गोलाबारी जारी है। हम जनता से शांत रहने और सतर्क रहने का आग्रह करते हैं। हमारी सुरक्षा बल हमलावरों को बेअसर करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। माली 2012 से ही विभिन्न सशस्त्र समूहों के हमलों का सामना कर रहा है। इससे पहले 2024 में भी काटी और सेनो हवाई अड्डा क्षेत्र को इसी तरह निशाना बनाया गया था। वर्तमान में देश अंतरिम राष्ट्रपति जनरल असीमी गोइता के नेतृत्व में है, जिन्होंने मई 2021 में सत्ता संभाली थी।

## हस्तिनापुर के वीर में शकुनी बनेंगे चंदन आनंद



**मुंबई।** अभिनेता चंदन आनंद सोनी सब के आगामी शो हस्तिनापुर के वीर में शुकनी के किरदार में नजर आएंगे। अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए जाने जाने वाले चंदन, पौराणिक कथाओं के सबसे जटिल और अप्रत्याशित किरदारों में से एक शकुनी भूमिका निभा रहे हैं। चंदन आनंद ने कहा, जब मैंने शकुनी के सीन पढ़े, तो सबसे अलग बात यह थी कि उसकी ताक़त उसके कहे हुए में नहीं, बल्कि उसके न कहे हुए में है। उसकी शक्ति शांत है। वह आवाज उठाने के बजाय अवलोकन और सही समय पर भरोसा करता है। इस रोल को रोमांचक बनाता है यह कि वह बच्चों के बीच एक मजेदार, लाड़-प्यार करने वाले बड़े की तरह दिखता है, जो उन्हें अलग सोचने के लिए प्रेरित करता है। लेकिन उसके पीछे हमेशा एक गहरा इरादा छिपा होता है। इन परतों को संतुलित करना चुनौतीपूर्ण भी रहा और दिलचस्प भी, और यही शकुनी को निभाने को इतना आकर्षक बनाता है। हस्तिनापुर के वीर सोनी सब पर जल्द ही प्रसारित होगा।

# ऐसा लग रहा है जैसे एकसाथ कई सपने जी रही हूं: श्वेता



**मुंबई।** अभिनेत्री और फिल्मकार श्वेता त्रिपाठी का कहना है कि वर्ष 2026 उन्हें ऐसा लग रहा है जैसे वह एक साथ कई सपने जी रही हैं। श्वेता त्रिपाठी के लिए 2026 सिर्फ ज्यादा काम करने का साल नहीं है, बल्कि ऐसे काम करने का है जो उनके दिल के करीब हो और मायने रखते हो।

जहां दर्शक मिर्जापुर: द मूवी का इंतजार कर रहे हैं, वहीं श्वेता एक नए सफर की शुरुआत कर रही हैं, एक ऐसा सपना जिसे वह लंबे समय से जीना चाहती थीं, अपनी कहानियां खुद बनाना। अभिनय के साथ-साथ अब वह अपने प्रोडक्शन हाउस पर भी ध्यान दे रही हैं और अपनी पहली फिल्म बतौर निर्माता मुझे जान ना कहो मेरी जान पर काम कर रही हैं।


यह एक खूबसूरत और संवे. दनशील समलैंगिक प्रेम कहानी है, जिससे वह खुद को बहुत जुड़ा हुआ महसूस करती हैं। साथ ही, थिएटर आज भी उनका सबसे मजबूत सहारा है। वह न सिर्फ परफॉर्म कर रही हैं, बल्कि अपने प्ले कॉक को उसके आखिरी शो के लिए वापस मंच पर ला रही हैं। वह उसी जुनून और जिज्ञासा के साथ थिएटर में लौट रही हैं, जिसने उन्हें पहली बार एक्टिंग की दुनिया से जोड़ा था। श्वेता त्रिपाठी ने कहा, 2026 ऐसा लग रहा है जैसे मैं एक साथ कई सपने जी रही हूं। मैं आज भी वही एक्टर हूं जिसे सेट पर काम करने का उतना ही उत्साह होता है, लेकिन अब मैं यह भी सीख रही हूं कि अपनी खुद की कहानी बनाना कैसा होता है। मुझे जान ना कहो मेरी जान के जरिए हम एक ऐसी कहानी बताने की कोशिश कर रहे हैं जो सच्ची हो, सभी को साथ लेकर चले और दिल से जुड़ी हो। और जब भी मैं थिएटर में लौटती हूं, मुझे याद आता है कि मेरी शुरुआत कहां से हुई थी। यह मुझे जमीन से जोड़े रखता है और हमेशा कुछ नया सीखने की चाह बनाए रखता है।

# टकरा सकती हैं अक्षय व रामचरण की फिल्म

**मुंबई।** राम चरण की पैन इंडिया फिल्म पेड्डी की रिलीज को लेकर नई चर्चा शुरू हो गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अगर फिल्म 25 जून 2026 के आसपास रिलीज होती है, तो इसका सीधा मुक. ाबला अक्षय कुमार की मल्टीस्टारर फिल्म वेलकम टू द जंगल से हो सकता है।

दोनों बड़े प्रोजेक्ट्स के संभावित क्लैश ने हिंदी बॉक्स ऑफिस को लेकर एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। पैन-इंडिया फिल्मों के दौर में बॉक्स ऑफिस क्लैश अब आम बात हो गई है, लेकिन जब दो बड़ी स्टारकास्ट वाली फिल्मों की टक्कर की खबर सामने आती हैं, तो चर्चा और भी तेज हो जाती है। इन दिनों राम चरण की अपकमिंग फिल्म पेड्डी को लेकर भी कुछ ऐसा ही माहौल बनता नजर आ रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म अगर तय तारीख पर रिलीज होती है, तो हिंदी बॉक्स ऑफिस पर इसे एक बड़ी मल्टीस्टारर फिल्म से मुकाबला करना पड़ सकता है। यही वजह है कि इस क्लैश को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

राम चरण की पेड्डी को एक बड़े पैन-इंडिया प्रोजेक्ट के तौर पर तैयार किया जा रहा है। फिल्म की रिलीज को लेकर काफी वक्त से चर्चा हो रही है, लेकिन यह फिल्म काफी लेट हो गई है। हालांकि, अब सामने आ रही खबरों के मुताबिक, यह फिल्म 25 जून 2026 के आसपास सिनेमाघरों में आती है। अगर ऐसा हो जाता है तो पेड्डी का सामना अक्षय कुमार की मोस्ट अवेटेड फ्रेंचाइजी फिल्म वेलकम टू द जंगल से हो सकती है।



राम चरण की पेड्डी को एक बड़े पैन-इंडिया प्रोजेक्ट के तौर पर तैयार किया जा रहा है। फिल्म की रिलीज को लेकर काफी वक्त से चर्चा हो रही है, लेकिन यह फिल्म काफी लेट हो गई है। हालांकि, अब सामने आ रही खबरों के मुता. बिक, यह फिल्म 25 जून 2026 के आसपास सिनेमाघरों में आती है। अगर ऐसा हो जाता है तो पेड्डी का सामना अक्षय कुमार की मोस्ट अवेटेड फ्रेंचाइजी फिल्म वेलकम टू द जंगल से हो सकती है। वेलकम टू द जंगल 26 जून, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है।

वेलकम टू द जंगल 26 जून, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। वेलकम फ्रेंचाइजी पहले ही दर्शकों के बीच काफी पॉपुलर रही है और इसके दोनों पिछले पार्ट बॉक्स ऑफिस पर सफल साबित हुए थे।

तीसरे पार्ट में भी बड़ी स्टारकास्ट शामिल बताई जा रही है, जिसमें संजय दत्त, अनिल कपूर, रवीना टंडन, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस और सुनील शेट्टी जैसे नाम जुड़े हुए हैं। ऐसे में अगर पेड्डी इसी तारीख पर आती है, तो हिंदी बेल्ट में इसे कड़ी टक्कर मिल सकती है। पेड्डी के लिए हिंदी मार्केट काफी अहम माना जा रहा है, क्योंकि फिल्म को पैन-इंडिया लेवल पर तैयार किया जा रहा है।

मेकर्स की कोशिश है कि फिल्म सिर्फ साउथ ही नहीं बल्कि नॉर्थ इंडिया में भी बड़ी ओपनिंग हासिल करे। यही वजह है कि रिलीज डेट को लेकर रणनीति पर खास ध्यान दिया जा रहा है। हालांकि, अभी तक रिलीज डेट को लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है, लेकिन क्लैश की खबर ने ही फिल्म को लेकर चर्चा बढ़ा दी है।



# किंग में दीपिका ने शाहरुख के साथ किए एक्शन सीन

**आने वाले समय में सिनेमाघरों में कई कमाल की फिल्मों दस्तक देने वाली हैं, जिनमें से एक नाम किंग का नाम भी शामिल है। शाहरुख खान की यह फिल्म लंबे वक्त से चर्चा में बनी है, फिल्म में कई कमाल के स्टार्स शामिल हैं, जिनमें दीपिका पादुकोण भी शामिल हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी सेकेंड प्रेग्नेंसी अनाउंस की है, जहां बॉलीवुड में अक्सर सितारे प्रेग्नेंसी के दौरान काम से ब्रेक लेते नजर आते हैं, वहीं दीपिका पादुकोण ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को लेकर कितनी गंभीर हैं।**

**मुंबई।** दूसरी प्रेग्नेंसी अनाउंस करने के बाद दीपिका पादुकोण ने काम से ब्रेक लेने के बजाय शूटिंग जारी रखी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने शाहरुख खान के साथ फिल्म किंग के लिए हाई-एनर्जी एक्शन सीक्वेंस शूट किया, जो 21-22 अप्रैल को मुंबई के खास सेट पर फिल्माया गया। आने वाले समय में सिनेमाघरों में कई कमाल की फिल्मों दस्तक देने वाली हैं, जिनमें से एक नाम किंग का नाम भी शामिल है। शाहरुख खान की यह फिल्म लंबे वक्त से चर्चा में बनी है, फिल्म में कई कमाल के स्टार्स शामिल हैं, जिनमें दीपिका पादुकोण भी शामिल हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अफनी सेकेंड प्रेग्नेंसी अनाउंस की है, जहां बॉलीवुड में अक्सर सितारे प्रेग्नेंसी के दौरान काम से ब्रेक लेते नजर आते हैं, वहीं दीपिका पादुकोण ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को लेकर कितनी गंभीर हैं। सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने दूसरी बार मां बनने की अनाउंसमेंट की थी। जिसके कुछ ही दिनों बाद दीपिका ने शाहरुख खान के साथ हाई-एनर्जी एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग की खबरों से सभी को चौंका दिया। इस खबर ने न सिर्फ फैंस को हैरान किया बल्कि इंडस्ट्री में भी उनकी प्रोफेशनलिज्म की चर्चा तेज हो गई है। हाल ही में खबर सामने आई है कि दीपिका ने अपकमिंग फिल्म किंग के लिए फाइट सीक्वेंस शूट किया है। जिसमें हाई-ऑक्टेन कॉम्बैट और बड़े पैमाने पर एक्शन कोरियोग्राफी शामिल थी। शाहरुख और दीपिका ने इस सीन की शूटिंग 21 और 22 अप्रैल को की, जिसमें दीपिका ऑल-व्हाइट आउटफिट में नजर आईं। विले पार्ले स्थित गोल्डन टोबैको स्टूडियो में इसके लिए खास सेट तैयार किया गया था। फाइट सीक्वेंस की कोरियोग्राफी फिल्म के बड़े और ग्रैंड ट्रीटमेंट के मुताबिक रखी गई है। दरअसल, 19 अप्रैल 2026 को दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने अपने दूसरे बच्चे की खुशखबरी फैंस के साथ शेयर की थी। इस अनउंसमेंट के बाद कई लोगों को लगा कि एक्ट्रेस अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स से ब्रेक ले सकती हैं। लेकिन दीपिका ने इन अटकलों को गलत साबित करते हुए शूटिंग जारी रखी और एक्शन सीन में हिस्सा लेकर सभी को चौंका दिया। इस फिल्म के अलावा दीपिका अल्लू अर्जुन की फिल्म राका में भी नजर आने वाली हैं।

# सूरज बड़जात्या को खूब भाता है प्रेम



**मुंबई।** किसी खास नाम के प्रति फिल्मी दुनिया में निर्माता-निर्देशकों की आसक्ति रही है, उसी में एक नाम है प्रेम जो निर्माता सूरज बड़जात्या का पसंदीदा नाम रहा है। सूरज बड़ाजात्या ने हाल ही में अपनी नई फिल्म यह प्रेम मोल लिया का एलान किया है। फिल्म यह प्रेम मोल लिया में आयुष्मान खुराना और शरवरी की मुख्य भूमिका है। राजश्री प्रोडक्शंस और महावीर जैन फिल्म्स मिलकर इस फिल्म को बना रहे हैं।

इस फिल्म के साथ राजश्री का मशहूर किरदार प्रेम 11 साल बाद बड़े पर्दे पर लौट रहा है। इस बार इस किरदार को पहली बार आयुष्मान खुराना निभा रहे हैं, जो अपने सादे और शरारती अंदाज से इसे खास बनाते हैं। निर्माता-निर्देशक सूरज बड़जात्या लगभग अपनी हर फिल्म में हीरो का नाम प्रेम रखते आए है और यह नाम उनके लिए भाग्यशाली साबित होता आया है। सूरज बड़जात्या ने सबसे पहले वर्ष 1989 में प्रदर्शित सुपरहिट फिल्म मैने प्यार किया के माध्यम से सलमान खान को पहली बार प्रेम की भूमिका में दर्शको के सामने पेश किया था। युवा प्रेम कथा पर आधारित फिल्म मैंने प्यार किया ने दर्शकों के दिल में अपनी छाप छोड़ी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी सफलता अर्जित की। इसके बाद सूरज बड़जात्या को प्रेम नाम कुछ ऐसा जंचा कि उन्होंने यह निश्चय कर लिया कि यदि वे किसी फिल्म का निर्माण करेगें तो उसमे अभिनेता का नाम प्रेम अवश्य रखेंगे। सूरज बड़जात्या ने इसके बाद वर्ष 1994 में प्रदर्शित ब्लॉकबस्टर फिल्म हम आपके हैं कौन में दूसरी बार सलमान खान को प्रेम के किरदार निभाने का मौका दिया। मैने प्यार किया के प्रेम की तुलना में हम आपके है कौन का प्रेम दर्शकों को कुछ ज्यादा हीं पसंद आया। पारिवारिक पृष्ठभूमि पर बनी फिल्म हम आपके हैं कौन ने बॉक्स ऑफिस पर सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए। अपनी पिछली फिल्म मैंने प्यार किया और हम आपके हैं कौन की सफलता से उत्साहित सूरज बड़जात्या ने प्रेम नाम को एक बार फिर से अपनी वर्ष 1999 में प्रदर्शित फिल्म हम साथ साथ है में सलमान खान के किरदार के रूप में पेश किया, लेकिन इस बार फिल्म ने अपेक्षित सफलता अर्जित नहीं की। माना जाता है इस फिल्म में प्रेम के किरदार को प्रभावशाली ढंग से पेश नहीं किया गया था। सूरज बड़जात्या को फिल्म के किरदार प्रेम पर इस कदर भरोसा था कि उन्होंने वर्ष 2003 में प्रदर्शित फिल्म मैं प्रेम की दीवानी हूं में ऋतिक रौशन और अभिषेक बच्चन दोनों को ही प्रेम नाम से दर्शकों के सामने पेश किया, लेकिन कमजोर पटकथा के कारण यह फिल्म बॉक्स आफिस पर पिट गई।

